www.anantgyaan.in

सूर्योदय 6:54 सूर्यास्त 6:15

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 3.9 न्यू | 15.00 अधि |
| धर्मशाला | 10.02 न्यू | 19.00 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 73057.40 |
| निफ्टी | 22197.00 |
| सोना 62,560 | चांदी 72,978 |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

धर्मशाला | बुधवार, 21 फरवरी 2024 | 9 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 64 कुल पृष्ठ 14 मूल्य : 5 रुपए |



यशस्वी जायसवाल तोड़ सकते हैं 'लिटिल मास्टर' का 53 साल पुराना रिकॉर्ड... पेज 7

## महाराष्ट्र अंकोल के राजराजेश्वर के रूप में हुए भूतनाथ के दर्शन



**मंडी।** छोटी काशी मठ मंदिर बाबा भूतनाथ मंदिर में महाराष्ट्र अंकोल के राजराजेश्वर मंदिर का स्वरूप बनाया गया। मंदिर में प्रज्वलित 11 अखंड दीपों का विशेष महत्व है। मान्यता है कि चक्र महिष्मति के राजा कार्तवीर्यार्जुन कामधेनु गाय को ले जाने के लिए जमदग्नि ऋषि का वध कर देते हैं। इस पर क्रोधित परशुराम राजा की हजारों भुजाओं को काट देते हैं। अंतिम समय में राजा को भगवान शिव उन्हें शिव रूप में पूजित होने का वरदान देते हैं। राजा कार्तवीर्यार्जुन ने रावण को परास्त कर छह माह बंधक बनाकर रखा था।

# डॉक्टर्स पेनडाउन स्ट्राइक पर, बोले- नॉन प्रैक्टिस अलाउंस हो बहाल

## मेडिकल कॉलेज को छोड़ सभी अस्पतालों में अढ़ाई घंटे तक नहीं दी सेवाएं, चेतावनी- मांगें न मानीं तो पांच मार्च से सामूहिक अवकाश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**हिमाचल** प्रदेश में मंगलवार को डॉक्टरों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मेडिकल कॉलेजों को छोड़कर बाकी सभी अस्पतालों में डॉक्टर अढ़ाई घंटे तक हड़ताल पर रहे। डॉक्टरों की हड़ताल सुबह 9:30 से दोपहर 12 बजे तक रही। इस दौरान मरीजों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी।

ओपीडी में मरीजों को डॉक्टर नहीं मिले। डॉक्टरों ने हड़ताल से वापस लौटने पर उपचार किया। ओपीडी में काफी भीड़ देखी गई। हिमाचल चिकित्सा अधिकारी संघ का कहना है कि जब तक सरकार उनकी मांगों को नहीं मानती है, तब तक हड़ताल पर रहेंगे। वहीं, डॉक्टरों ने पांच मार्च के बाद सामूहिक अवकाश पर जाने की चेतावनी दी है।



शिमला में डॉक्टरों की पेनडाउन स्ट्राइक के चलते ओपीडी के बाहर बैठे मरीज।

**डॉक्टरों** ने आपातकालीन में अपनी सेवाएं प्रदान की हैं और सुबह के समय वार्ड में भी मरीजों को देखा है। सिर्फ ओपीडी में डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं नहीं दी हैं। डॉक्टर एनपीए की मांग को लेकर हड़ताल पर हैं। इसके अलावा डॉक्टरों की अन्य मांगें भी हैं।

-डॉक्टर राजेश राणा, एचएमओए, प्रदेशाध्यक्ष।

### स्वास्थ्य निदेशक किसी के अधीन कार्य करे, यह मान्य नहीं

**चिकित्सक** अस्पतालों में काले बिल्ले लगाकर सेवाएं दे रहे थे, लेकिन चिकित्सकों को 13 फरवरी को सरकार के साथ हुई बैठक का एजेंडा नहीं मिलने पर पेनडाउन स्ट्राइक का निर्णय लिया। इसमें एनपीए को बहाल करना प्रमुख मांग है। संघ ने मांग की है कि स्वास्थ्य निदेशक को डिप्टी मिशन निदेशक के पद से हटाया जाए, क्योंकि संघ को यह मान्य नहीं है कि स्वास्थ्य निदेशक किसी अन्य निदेशक के अधीनस्थ कार्य करे।

### डॉक्टरों की मांगें

- नॉन प्रैक्टिस अलाउंस को बहाल किया जाए।
- चिकित्सकों के पास पदोन्नति के बहुत ही कम पद स्वीकृत हैं। 4-9-14 एश्योर्ड करियर प्रोग्रेशन स्कीम दी जाती थी, उसे पुनः बहाल किया जाए।
- डायनेमिक करियर प्रोग्रेशन स्कीम लागू की जाए।
- मेडिकल कॉलेजों में भी डायनेमिक करियर प्रोग्रेशन स्कीम को धरातल पर नहीं लाया जा रहा है।
- रेगुलर डीपीसी नहीं की जा रही है। रेगुलर डीपीसी न करने से मेडिकल कॉलेज की मान्यताओं के ऊपर भी खतरा मंडरा रहा है।
- स्वास्थ्य विभाग में स्वास्थ्य निदेशक, उप स्वास्थ्य निदेशक और खंड चिकित्सा अधिकारियों के विभिन्न पद रिक्त चल रहे हैं। इन पदों पर पदोन्नति योग्यता एवं वरिष्ठता के आधार पर शीघ्र की जाए।
- जून को प्रोजेक्ट डायरेक्टर एड्स कंट्रोल सोसायटी का कार्यभार स्वास्थ्य निदेशक को पुनः प्रदान करने के संदर्भ में सहमति जताई थी। अभी तक स्वास्थ्य निदेशक की स्थायी नियुक्ति हो पाई है।
- स्वास्थ्य विभाग सेवानिवृत्त मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को पदोन्नति के पदों पर पुनः रोजगार प्रदान न किया जाए।

## न्यूज शॉर्ट्स

### मानहानि मामले में राहुल गांधी को मिली जमानत



**सुलतानपुर।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी को मानहानि के मामले में सुलतानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट से जमानत मिल गई। राहुल गांधी ने जमानत के बाद 25-25 हजार के दो बांड भी भरे। राहुल गांधी के खिलाफ यह मामला पांच साल पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणी से जुड़ा है।

### किश्तवाड़ में लगे भूकंप के झटके, 3.7 रही तीव्रता



**जम्मू।** जेएंडके के किश्तवाड़ में मंगलवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता 3.7 रही। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, भूकंप सुबह 6:36 बजे आया। भूकंप की गहराई पांच किमी नीचे थी। भूकंप से कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है।

### अखिलेश को झटका, स्वामी प्रसाद मौर्य ने छोड़ी सपा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के लिए सहयोगी दल और बड़े नेताओं का पार्टी छोड़कर जाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को पार्टी और सपा के विधान परिषद सदस्य स्वामी प्रसाद मौर्य ने इस्तीफा देकर अखिलेश यादव को झटका दिया है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने 'एक्स' के जरिए विधान परिषद के सभापति को विधान परिषद सदस्य से अपना त्याग पत्र भेजते हुए इसकी जानकारी साझा की है।

### मराठों को 10 प्रतिशत आरक्षण देगी शिंदे सरकार

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा ने मंगलवार को शिक्षा और सरकारी नौकरियों में समुदाय को 10 प्रतिशत कोटा देने वाले मराठा आरक्षण विधेयक को सर्वसम्मति से पारित कर दिया। शिंदे सरकार ने मराठा समुदाय की लंबे समय से लंबित मांग को पूरा करते हुए शैक्षणिक संस्थानों और राज्य सरकार की नौकरियों में 10 प्रतिशत आरक्षण के हकदार होंगे।

## टॉप स्टोरीज

इस बार दस प्रतिशत बढ़ोतरी के साथ लगेगी टोल टैक्स बैरियरों की बोली ...पेज 3

सचिवालय क्लर्क-चपरासी की नौकरी के लिए बना डाले फर्जी नियुक्ति पत्र ...पेज 3

जो रूट को 'बैजबॉल' छोड़ नैसर्गिक तरीके से खेलना चाहिए : इयान चैपल ...पेज 14

## चीफ जस्टिस समेत त्रिस्तरीय बेंच ने मान्य किए आठ बैलेट पेपर

# सुप्रीम कोर्ट ने कुलदीप को थमाई चंडीगढ़ मेयर की कुर्सी

- चुनाव अधिकारी अनिल मसीह को नोटिस जारी
- फैसले से 'आप' व कांग्रेस गठबंधन खुश
- पहले भाजपा के मनोज हुए थे विजयी

एजेंसी, नई दिल्ली

**चंडीगढ़** मेयर चुनाव पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की तीन सदस्यीय बेंच ने आदेश दिया कि मेयर चुनाव में अमान्य किए गए आठ बैलेट पेपर मान्य माने जाएंगे, जिसके बाद 'आप' के कुलदीप कुमार को मेयर घोषित कर दिया गया।

वहीं, कोर्ट ने चुनाव अधिकारी (रिटर्निंग अफसर) अनिल मसीह को नोटिस दिया है। कोर्ट ने कहा कि अफसर ने अदालत में झूठ बोला। गौर रहे कि कुलदीप कुमार ने ही सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। चंडीगढ़ महापौर पद के लिए 30 जनवरी को हुए चुनाव में बीजेपी के मनोज सोनकर ने 'आप'-कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवार कुलदीप कुमार को हराया था। सोनकर को 16 वोट मिले थे। मनोज कुमार को 12 वोट मिले थे। पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह ने आठ वोटों से अवैध घोषित कर दिया था। इसके बाद 'आप' पार्षद कुलदीप कुमार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।



### साजिश में मसीह सिर्फ मोहरा : राहुल

राहुल गांधी ने 'एक्स' पर लिखा कि भाजपा की लोकतंत्र की हत्या में मसीह सिर्फ 'मोहरा' है। इसके पीछे मोदी का 'चेहरा' है। सुप्रीम कोर्ट ने लोकतंत्र को निरंकुश बीजेपी के दंश से बचा लिया है, जिसने गंदी चुनावी गड़बड़ी को अपनाया था। भाजपा हेराफरी के सहारे चुनाव जीत रही थी। राहुल ने कहा कि चंडीगढ़ मेयर इलेक्शन में संस्थागत तोड़-फोड़ मोदी-शाह की लोकतंत्र को रौंदने की कुटिल साजिश का एक छोटा सा नमूना मात्र है।

### हम यह जीत छीनकर लाए हैं : केजरीवाल



**नई दिल्ली।** चंडीगढ़ मेयर चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि हम सबने देखा कि किस तरह चंडीगढ़ के चुनाव में 20 वोट विपक्षी गठबंधन के थे और 16 वोट भाजपा के थे। विपक्षी गठबंधन के उम्मीदवार को हारा हुआ घोषित कर दिया गया। भारतीय के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है। हम सुप्रीम कोर्ट का बहुत धन्यवाद करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, देश में जिस तरह के हालात हैं, ऐसे में सुप्रीम कोर्ट का फैसला जनतंत्र के लिए बहुत अहम है। विपक्षी गठबंधन की बड़ी जीत है। हम यह जीत छीनकर लाए हैं।

# लाहौल-स्पीति जिले में भारी हिमपात, दुनिया से कटा संपर्क

## हिमखंड गिरने का मंडराया खतरा, बर्फबारी का सिलसिला जारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**हिमाचल** प्रदेश के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में तीसरे दिन भी बर्फबारी का सिलसिला जारी रहा। बर्फबारी के चलते एक बार फिर ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। भारी बर्फबारी के चलते लाहौल घाटी दुनिया से कट गई है। लाहौल-स्पीति जिला प्रशासन ने हिमखंड गिरने की आशंका जताई है। वहीं, किन्नौर जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी ताजा हिमपात हुआ है। राजधानी शिमला में बीते 24 घंटों के दौरान जमकर बारिश हुई। बर्फबारी के चलते लाहौल-स्पीति जिले में 165 सड़कें ठप हो गई हैं। चंबा जिले में 45 सड़कों पर आवाजाही प्रभावित है। वहीं, प्रदेशभर में 1500 बिजली ट्रांसफार्मर ठप पड़ने से कई इलाकों में बिजली गुल हो गई है।



लाहौल-स्पीति में बर्फ को हटाते कर्मचारी।

लाहौल-स्पीति में 165 चंबा में 45 सड़कें बंद

- प्रदेशभर में 1500 बिजली ट्रांसफार्मर ठप

### न्यूनतम तापमान

| | |
|---|---|
| शिमला | 2.8 डिग्री |
| सुंदरनगर | 1.6 डिग्री |
| भुंतर | 2.2 डिग्री |
| धर्मशाला | 1.2 डिग्री |
| उना | 1.3 डिग्री |
| नाहन | 2.3 डिग्री |
| मनाली | 7.2 डिग्री |
| चंबा | 11.3 डिग्री |
| डलहौली | 8.3 डिग्री |

### आगामी चार दिन तक कोई राहत नहीं

**मौसम** विज्ञान शिमला के अनुसार, राज्य के अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में आगामी चार दिनों तक बर्फबारी और बारिश होने की संभावना है। मैदानी क्षेत्रों में 21 और 22 फरवरी को बारिश कुछ एक स्थानों पर तेज हवाओं के चलने का अलर्ट जारी किया है।

## विधानसभा में गूंजा गोशालाओं की खराब हालत का मुद्दा, सत्ता पक्ष-विपक्ष में हुई तीखी नोकझोंक

# कागजों तक ही सीमित नहीं रहेगा गोमाता का दर्जा : सुक्खू

अरविंद शर्मा, शिमला

**प्रदेश** में गोशालाओं की खराब हालत को लेकर विधानसभा में सत्ता पक्ष व विपक्ष में तीखी नोकझोंक हुई। कृषि मंत्री चंद्र कुमार की विपक्षी सदस्यों को लेकर की टिप्पणी से सदन का माहौल गरमा गया। मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद सदन की कार्यवाही आगे बढ़ी।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि गोमाता को माता का दर्जा दिया है और यह दर्जा सिर्फ कागजों तक सीमित नहीं रहेगा। सरकार प्रदेश में बनने वाले नए गो अभ्यारण्य में अच्छी सुविधाएं उपलब्ध करवाने का प्रयास करेगी। सरकार ऐसी जगह चिन्हित करने का प्रयास करेगी, जहां पानी आसानी से उपलब्ध हो और चारागाह के लिए जगह हो। गो अभ्यारण्य के लिए सरकारी जमीन नहीं मिलती है, तो सरकार निजी जमीन लेने का भी प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार मवेशियों को खुले में छोड़ने वालों से सख्ती से निपटेगी। इससे पहले विधायक भुवनेश्वर गौड़ केएल ठाकुर और विनोद सुल्तानपुरी, संजय रतन, सतपाल सिंह सत्ती और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के अनुपूरक प्रश्न पर कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा कि गोशाला खोलने का चलन बढ़ा है। सरकार की ओर से अनुदान दिया जाता है, लेकिन इन गो सदनों की हालत खराब है और इनकी कोई जांच नहीं होती। प्रदेश में 261 गोसदन हैं। 198 गोसदनों को अनुदान दिया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)



सदन में अपनी बात रखते सीएम सुक्खू।

### जयराम बोले- गोवंश का मुद्दा श्रद्धा से जुड़ा

**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि गोवंश का मुद्दा श्रद्धा से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने गोसंवर्धन बोर्ड का गठन किया है। उन्होंने कहा कि एक भी गाय सड़क पर नहीं रहनी चाहिए, उसके लिए बड़े पैमाने पर काम करने की जरूरत है। विधायक केएल ठाकुर ने नालागढ़ क्षेत्र में गोसदन की खराब हालत का मुद्दा उठाया और जांच की मांग की। सतपाल सिंह सत्ती ने सुझाव दिया कि सरकार को मलकू माजरा में बनी गोशाला की तर्ज पर इनका निर्माण करना चाहिए।

### अप्रैल माह से शुरू होगा पशुगणना का काम

चंद्र कुमार ने कहा कि पशुपालन विभाग अप्रैल माह से राज्य में पशुगणना का काम शुरू करने जा रहा है। इस बार जो जनगणना की जाएगी, उसमें जानवर के मालिक की पूरी टैगिंग होगी और उसका पूरा ब्योरा उसमें दर्ज किया जाएगा, ताकि जब उसे छोड़ा जाए तो उसका पता लगाया जा सके। विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने सवाल किया कि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में गोसदनों में डॉक्टर नहीं जाते हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार ऐसे स्थान पर गोसदन खोलने का प्रयास करेगी जहां बर्फ न गिरे और ठंड भी कम हो। विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने कहा कि सरकार का कहना है कि लावारिस पशुओं के कारण कोई सड़क दुर्घटना नहीं हुई है, पूरी तरह से गलत है। गोसदनों की हालत खराब है और इसमें सुधार की जरूरत है।

# भारत का मतलब विकसित जम्मू-कश्मीर: पीएम मोदी

- पहले आती थीं आतंक और अलगाव की खबरें अब हो रहा विकास
- बोले- भाजपा ने विकास में सबसे बड़ी दीवार अनुच्छेद-370 को हटाया

एजेंसी, जम्मू

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमने विकसित जम्मू-कश्मीर का संकल्प लिया है। विकसित भारत का मतलब विकसित जम्मू-कश्मीर है।



उन्होंने जम्मू-कश्मीर को परिवार संचालित पार्टियों का शिकार बताते हुए कहा कि सरकार अब किसी परिवार की नहीं, बल्कि जम्मू-कश्मीर की सेवा कर रही है। यह बात प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को जम्मू में 32,000 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कही। प्रधानमंत्री ने डोगरी में अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए वादा किया कि कोई भी पात्र नागरिक लाभ से नहीं चूकेगा। यहां से मेरा 40 साल से भी ज्यादा पुराना रिश्ता रहा है। यहां के लोगों से वादा किया कि जम्मू-कश्मीर को विकसित बनाकर ही मानेंगे। एक वो दिन था, जब जम्मू-कश्मीर से सिर्फ आतंक और अलगाव की खबरें आती थीं, लेकिन अब सिर्फ विकास हो रहा है। विकास में सबसे बड़ी दीवार अनुच्छेद-370 को हटाया दिया है।

**राज्यसभा चुनाव** राजस्थान में दो सीटों पर भाजपा का कब्जा, चुन्नीलाल गरासिया और मदन राठौड़ विजेता

# गुजरात से नड्डा और राजस्थान से सोनिया निर्विरोध जीतीं

एजेंसी, जयपुर

**राज्यसभा** चुनाव 2024 के लिए राजस्थान में तीन सीटों और गुजरात की चार सीटों पर प्रत्याशिक्षों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया है। गुजरात में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गोविंद ढोलकिया, जसवंत सिंह परमार और मयंक नायक राज्यसभा के लिए गुजरात से निर्विरोध चुना है।

वहीं, राजस्थान से कांग्रेस की उम्मीदवार सोनिया गांधी और भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार चुन्नी लाल गरासिया व मदन राठौड़ को निर्वाचित घोषित किया है। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले राज्यसभा के लिए 56 रिक्त सीटों



पर चुनाव की प्रक्रिया जारी है। उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, बिहार, महाराष्ट्र समेत विभिन्न राज्यों की राज्यसभा सीटों के लिए नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। सोनिया गांधी की तरफ से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने उनके निर्वाचन का सर्टिफिकेट लिया। बहुमत के हिसाब से यहां निर्विरोध निर्वाचन तय था। सोनिया गांधी अब तक लोकसभा चुनाव लड़कर ही संसद पहुंची थी। यह पहली बार है कि वह राज्यसभा जा रही हैं। कांग्रेस ने पिछली बार पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को राजस्थान से राज्यसभा भेजा था।

### महाराष्ट्र से छह निर्वाचित

**महाराष्ट्र** से भाजपा के अशोक चव्हान, शिवसेना के मिलिंद देवड़ा समेत सभी छह उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। वहीं, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ओडिशा से राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

### बिहार से छह उम्मीदवार निर्विरोध चुने

**बिहार** के सभी छह उम्मीदवार राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। राज्यसभा के लिए बिहार से बीजेपी के दो, आरजेडी के दो, जेडीयू के एक और कांग्रेस से एक उम्मीदवार चुनाव मैदान में था। सभी को निर्विरोध राज्यसभा का सदस्य चुन लिया है। बीजेपी से भीम सिंह और धर्मशीला गुप्ता ने नामांकन दाखिल किया था, जबकि जेडीयू से संजय झा को उम्मीदवार बनाया था। राष्ट्रीय जनता दल से मनोज झा और तेजस्वी के करीबी और उनके राजनीतिक सलाहकार संजय यादव के अलावा कांग्रेस से अखिलेश प्रसाद सिंह ने नोमिनेशन फाइल किया था। सभी छह उम्मीदवार राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

### मध्य प्रदेश से पांच प्रत्याशी विजेता घोषित

**राज्यसभा** चुनाव के लिए मध्य प्रदेश से सभी पांच प्रत्याशियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया है। भाजपा के चार और कांग्रेस का एक प्रत्याशी राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुआ है। भाजपा ने चार प्रत्याशियों, केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरूगन, उमेश नाथ महाराज, माया नारोलिया और बंशीलाल गुर्जर को चुनाव में उतारा था। कांग्रेस ने अशोक सिंह को राज्यसभा के लिए नामित किया था। पांचों ही प्रत्याशियों में से किसी ने भी नाम वापस नहीं लिया।

# कंक्रीट बैरिकेड्स तोड़ने वाली मशीनें लेकर शंभू बॉर्डर पहुंचे किसान

## आंसू गैस के गोलों का भी नहीं असर, आज दिल्ली करेंगे कूच

एजेंसी, अंबाला

**शंभू** बॉर्डर पर धरना दे रहे पंजाब के किसान बुधवार को दिल्ली रवाना होंगे। यहां हरियाणा पुलिस के बैरिकेड्स तोड़ने के लिए किसान जेसीबी और हाइड्रोलिक क्रेनें जैसी हैवी मशीनरी लेकर पहुंच गए हैं। इसके अलावा बुलेट प्रूफ पोकलेन मशीन भी लाई गई है। इनको इस तरह से डिजाइन कराया गया है कि इन पर आंसू गैस के गोलों का भी असर नहीं होगा।

किसानों ने केंद्र के साथ हुई मीटिंग के बाद आगे बढ़ने का फैसला लिया है। केंद्र ने कपास, मक्का, मसूर, अरहर और उड़द यानी पांच फसलों पर एमएसपी देने का प्रस्ताव दिया था। किसानों ने यह प्रस्ताव खारिज कर दिया। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि हमने एक्सपर्ट और किसानों से केंद्र के प्रस्ताव पर बात की। इसके बाद हम इस नतीजे पर पहुंचे कि प्रस्ताव हमारे हित में नहीं है। हमारी एमएसपी पर गारंटी कानून की मांग पूरी हो। एमएसपी देने के लिए 1.75 लाख करोड़ की जरूरत नहीं है।



# मातम में बदली खुशियां, बेटे की शादी के बाद पिता की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

जीवन व मृत्यु का कोई भरोसा नहीं। हंसता खेलता आदमी कब मौत के आगोश में आ जाए यह कोई पता नहीं। रिवालसर के पास दुर्गापुर गांव में एक शादी समारोह बिलकुल आखिरी क्षणों में मातम में बदल गया जब दूल्हे के पिता की अचानक हृदयघात से मौत हो गई। मृतक त्रिवेंद्रम में आईटीबीपी के असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर थे। सोमवार देर शाम उनका गांव में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। बताया जा रहा है कि देवेंद्र कुमार उम्र 54 वर्ष पुत्र तेज राम शर्मा 16 से 18 फरवरी तक बेटे की शादी के लिए घर आए थे।



आईटीबीपी के एएसआई देवेंद्र कुमार को अंतिम सलामी देते हुए।

धाम के बाद शाम को काफी देर तक डीजे पर नाचते रहे और फिर कुछ काम निपटाकर सो गए। इस दौरान अचानक उन्हें जोर का दर्द उठा जिसके चलते उन्हें उठाकर रिवालसर अस्पताल ले जाया गया वहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद मेडिकल कॉलेज नेरचौक में उनका पोस्टमार्टम किया गया और देर शाम उनका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ गांव में ही किया गया। गांव वालों का कहना है कि बेटे की शादी की धाम के बाद पिता की अचानक हुई इस दुखद मृत्यु के बाद समूचे इलाके में मातम छा गया है।

# सांस्कृतिक संध्याओं के लिए कलाकारों के ऑडिशन 26 से

**अनंत ज्ञान, मंडी**

अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव मंडी की सांस्कृतिक संध्याओं में भाग लेने के लिए नवोदित कलाकारों के ऑडिशन का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। ऑडिशन 26 फरवरी से दो मार्च तक होंगे। ऑडिशन युवा सेवाएं एवं खेल विभाग मंडी के टेनिस हॉल पड्डल में सुबह 10.30 बजे से आयोजित किए जाएंगे।

यह जानकारी सांस्कृतिक उपसमिति के अध्यक्ष एवं अतिरिक्त उपायुक्त मंडी रोहित राठौर ने दी। उन्होंने बताया कि मंडी जिला के कलाकारों के ऑडिशन 26 से 28 फरवरी तक होंगे, जबकि प्रदेश के अन्य जिलों के कलाकारों के ऑडिशन 29 फरवरी और पहली मार्च को लिए जाएंगे। दो मार्च का दिन रिजर्व होगा। एडीसी ने बताया कि जिला मंडी के कलाकारों की सुविधा के लिए ऑडिशन उपमंडलवार होंगे।

26 फरवरी को मंडी सदर, कोटली, पधर और धर्मपुर, 27 फरवरी को सुंदरनगर, बल्ह, बालीचौकी और जोगिंद्रनगर, 28 फरवरी को करसोग, गोहर, थुनाग और सरकाघाट उपमंडलों से आए कलाकारों के ऑडिशन होंगे। 29 फरवरी को चंबा, ऊना, हमीरपुर, शिमला व बिलासपुर जिलों के तथा पहली मार्च को कुल्लू, किन्नौर, कांगड़ा, लाहौल-स्पीति, सिरमौर व सोलन जिलों के कलाकारों के ऑडिशन होंगे।

# देवताओं की आड़ में पैसा कमाने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

## बैठक के दौरान सर्व देवता समिति ने लिया फैसला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सर्व देवता सेवा समिति जिला मंडी कार्यकारिणी की बैठक मंगलवार को देव सदन में अध्यक्ष शिव पाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। देवता समिति के अध्यक्ष शिव पाल शर्मा ने बताया कि शिवरात्रि मेला 2024 में जिन देवताओं को गत वर्ष बैठने के लिए स्थान उपलब्ध नहीं हुए थे इस बार उन स्थानों को ठीक करने के लिए प्रशासन द्वारा आश्वासन दिया गया है। साथ ही पड्डल मैदान में जहां देवी-देवता बैठते है वहां पर मैटिंग कर दी जाएगी। वहीं मंगलवार को कारदारों ने मौके पर जाकर जगह का निरीक्षण किया और सहमति से शिवरात्रि के दौरान अपने स्थानों पर बैठने की सहमति जताई।

उन्होंने बताया की मुख्यमंत्री द्वारा जो 10 बिस्वा जमीन देवताओं को देने की घोषणा की है, प्रधान खुद अपने क्षेत्र के उपमंडल अधिकारी के पास जाकर कार्रवाई करें। उन्होंने बताया की कारदारों ने मांग उठाई है कि सोशल मीडिया में देखा जा रहा है कि पैसा कमाने के लिए कुछ लोग देवी-देवताओं की आड़ ले रहे है और नशीले पदार्थों का व्यापार भी किया जा रहा है जिस पर कड़ा संज्ञान लिया जाएगा। देव संस्कृति को बदनाम करने के लिए जो एक नए देवताओं का निर्माण कर रहे है और पंजीकृत करने के लिए आवेदन दे रहे हैं, इस पर सरकार और प्रशासन से भी अनुरोध है कि कोई भी नया देवी-देवता जो बन रहे है उनको मान्यता न दी जाए ताकि अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि मेला 2024 में भी अगर ऐसा कोई मामला सामने आता है तो इन देवताओं के नुमाइंदों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि देव संस्कृति बदनाम न हो। वहीं पिछले वर्ष वाद्य यंत्र प्रतियोगिता देव संस्कृति सदन में करवाई गई, इस वर्ष वाद्य यंत्र प्रतियोगिता पड्डल मैदान में ही करवाई जाएगी।



वल्लभ कॉलेज के समीप बैठने की जगह का निरीक्षण करते देवताओं के कारदार

## 13 लाख में हुई तंबोला की नीलामी

**मंडी।** अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव मंडी में प्लॉट आवंटन से पहले के मुकाबले अधिक राजस्व अर्जित करने के मेला समिति के प्रयास रंग ला रहे हैं। इन्हीं प्रयासों की कड़ी में मेले में लगने वाले तंबोला की 13 लाख रुपए में नीलामी हुई है। इसमें जीएसटी समेत अन्य खर्च शामिल हैं। पिछले साल यह बोली नौ लाख 33 हजार 380 रुपए की रही थी। इस तरह मेला समिति को तंबोला नीलामी से पिछली बार के मुकाबले करीब 40 फीसदी वृद्धि के साथ इस बार तीन लाख 66 हजार 620 रुपए का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हुआ है। महाशिवरात्रि महोत्सव की प्लॉट आवंटन कमेटी के संयोजक एवं एडीएम डॉ. मदन कुमार ने बताया कि मंगलवार को तंबोला के लिए टेंडर कम खुली बोली में मैसर्ज जय मां अंबिका टेक्नोक्रैट्स मंडी ने 13 लाख रुपए की सबसे बड़ी बोली लगाई। पिछले साल तंबोला की नौ लाख 33 हजार 380 रुपए की बोली लगी थी। इस तरह पिछली बार के मुकाबले इस बार तंबोला की बोली में तीन लाख 66 हजार 620 रुपए का अतिरिक्त राजस्व अर्जित हुआ है, वहीं इसके अतिरिक्त मंडी शिवरात्रि मेले में पड्डल में हैंगर्स लगाने के लिए पहले ही शिवरात्रि मेले के इतिहास की सबसे बड़ी बोली प्राप्त हो चुकी है। हैंगर्स की नीलामी 3.25 करोड़ रुपए की रही है, जो पिछले वर्ष के मुकाबले 1.68 करोड़ रुपए अधिक है। पिछली शिवरात्रि में हैंगर के लिए 1.57 करोड़ रुपए बोली लगाई गई थी।

## न्यूज ब्रीफ

### बजट में मोटे अनाज का उल्लेख नहीं

**सरकाघाट।** हिमाचल किसान सभा धर्मपुर खंड कमेटी ने विधानसभा में पेश बजट प्रस्ताव में मोटे अनाज जैसे कोदरे, सौंक, कांगनी इत्यादि के बारे में कोई उल्लेख न करने पर चिंता व्यक्त की है। सभा के खंड अध्यक्ष रणताज राणा, महासचिव बाला राम ने कहा कि गत वर्ष 2023 को पूरी दुनिया में मोटे अनाज को प्रोत्साहित करने के रूप में मनाया गया, जिसमें सभी स्तरों पर इन अनाजों की पैदावार बढ़ाने और उनके ज्यादा से ज्यादा उपभोग बारे में प्रचार किया गया और यहां तक की दिल्ली में हुए जी20 अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भी इसी अनाज से बने व्यंजनों का सेवन करवाया गया था। हिमाचल प्रदेश में भी इसकी खेती को बढ़ावा देने के लिए क्लस्टर निर्माण करने की योजना तैयार करने के लिए कृषि विभाग ने दिशा निर्देश जारी किए थे, लेकिन अधिकांश जिलों में ये क्लस्टर कागजों और सरकारी फाइलों में ही बंद रहे। मंडी जिला के करसोग निवासी प्रगतिशील किसान नेकराम शर्मा को इन अनाजों के लिए गत वर्ष पद्मश्री पुरस्कार दिया गया था और उससे मंडी जिला में इन अनाजों के प्रति लोगों का रूझान दोबारा शुरू हुआ था, लेकिन इस बार बजट में कोई बात न करना कृषि विभाग व सरकार की ओर से इसे नजरअंदाज करने जैसा ही है।

### फल-सब्जियों की दुकानों का किया निरीक्षण

**सरकाघाट।** शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में महंगे फल सब्जियों के दामों में भारी अंतर को लेकर स्थानीय लोगों में भारी रोष है। इस पर हि प्र वस्तु मूल्यांकन, प्रदर्शन, जमाखोरी और मुनाफाखोरी एक्ट के तहत खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता मामले निरीक्षक पंकज शर्मा ने कार्रवाई की है। उन्होंने मेन बाजार सरकाघाट व न्यू बस स्टैंड के साथ लगती ग्रीन मार्केट के अलावा डबरोग, बरच्छवाड़ और कलाहूमोड तक लगभग दो दर्जन दुकानों का निरीक्षण किया। जिन दुकानदारों ने रेट लिस्ट प्रदर्शित नहीं की थी उन्हे रेट लिस्ट डिस्प्ले करने के आदेश दिए चेतावनी देते हुए कहा कि सही रेट निर्धारित करके ही फल सब्जियां बेची जाएं। निरीक्षक पंकज शर्मा ने बताया कि कुछ फल सब्जियों की कीमतों में भिन्नता इसलिए है कि जो फल सब्जियों की गाड़ियां पंजाब से आती है, ये थोडी सस्ती है और जो कुल्लू से आती है वे महंगी होती है। उन्होंने बताया कि अधिकतर दुकानों में रेट लिस्टें लगी हुई पाई और दाम भी संतोषजनक पाए।

### पड्डल में महिला फुटबाल प्रतियोगिता आज

**मंडी।** पड्डल के ऐतिहासिक मैदान मे ट्राईअम्फ यूथ क्लब मंडी के सौजन्य से पहली ट्राईअम्फ महिला फुटबाल प्रतियोगिता ऐएफसी महिला फुटबॉल दिवस के उपलक्ष्य में करवाई जा रही है। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक मंडी साक्षी वर्मा 21 फरवरी को सुबह 11 बजे करेंगी। उद्घाटन मैच राइजिंग स्टार व मैजिशियन एफसी के मध्य खेला जाएगा। यह जानकार क्लब के प्रधान सुशांत शर्मा ने दी। उन्होंने बताया की इस प्रतियोगिता में छह टीमें भाग लेंगी । इस प्रतियोगिता का समापन उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन द्वारा किया जाएगा।

### प्रियंका मिस व अंशुल मिस्टर फेयरवेल बने




विदाई पार्टी के दौरान विद्यार्थी अध्यापकों के साथ सामूहिक चित्र में।

**मंडी।** हिम ज्योति आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल नौबाही देवी में 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विदाई पार्टी दी गई। इस उपलक्ष्य पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इस दौरान अंशुल को मिस्टर फेयरवेल तथा प्रियंका को मिस फेयरवेल चुना गया। वहीं मोहित को मिस्टर पर्सनेलिटी व पल्लवी को मिस पर्सनेलिटी के ताज से नवाजा गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन एसपी गारला ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

**पधर।** उपमंडल पधर के समस्त मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी नागरिक पधर सुरजीत सिंह की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समस्त मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को लोकसभा चुनाव में प्रयोग होने वाली सभी वस्तुओं के रेट लिस्ट के बारे में जानकारी दी गई।

### मंडी में चरमराई बीएसएनएल सेवाएं

**मंडी।** मंडी में बीएसएनएल की सेवाएं चरमरा गई हैं। फोन सुनने और करने पर आवाज ठीक से न आने पर उपभोक्ता परेशान हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिख कर मांग की है कि या तो सेवाओं को दुरुस्त करवाएं या सभी अधिकारियों को सेवानिवृत्त कर दिया जाए। मंडी निवासी पारुल, विजय, अश्वनी, भगत सिंह, राहुल, कुलार, साजूराम आदि ने कहा कि बीएसएनएल का इंफ्रास्ट्रक्चर सबसे मजबूत और पुष्ट है, लेकिन क्या कारण है कि मंडी जिला मुख्यालय में ही सेवाएं चरमरा गई हैं, इसकी तह तक जांच होनी चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री, सूचना एवं प्रसारण मंत्री व मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मांग करते हुए कहा कि बीएसएनएल की सेवाएं दुरुस्त करवाई जाएं या अधिकारियों को सेवानिवृत्त कर दिया जाए। वहीं डिवीजनल इंजीनियर नवनीत कुमार ने कहा कि बीएसएनएल 4जी में कन्वर्ट हो रहा है, इस कारण ट्रायल में कुछ दिक्कत आई है, लेकिन अब ठीक है।

### 3 से 6 वर्ष के बच्चों को पूर्वशाला शिक्षा

**पधर।** एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने बताया कि बाल विकास परियोजना कुन्नू के अंतर्गत जितने भी आंगनबाड़ी केंद्र हैं उनमें प्रदेश सरकार द्वारा सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में तीन से छह वर्ष के बच्चों को पूर्वशाला शिक्षा का प्रबंध किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य समयसारिणी के अनुसार शिक्षा के स्तर को अच्छा करना, खेल-खेल में पढ़ाई करना, बच्चों को खेलने के लिए झूले का प्रबंध, बैठने के लिए अच्छी व्यवस्था करना और स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखना, पौष्टिक भोजन और बच्चों की देखभाल के लिए हेल्पर की व्यवस्था करना है। इस अवसर पर बाल विकास अधिकारी द्रंग जितेंद्र सैनी ने कहा कि द्रंग खंड में कुल 265 आंगनबाड़ी केंद्र है जिसमें 851 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार के द्वारा जो तीन वर्ष से छह वर्ष तक के बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों में पूर्वशाला शिक्षा चलाई है, इससे संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सुपरवाइजर के द्वारा एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

# सहयोग के लिए संस्थाओं को नवाजा

## राज्य स्तरीय छेश्चू मेले के समापन पर मुख्यातिथि ने किया पुरस्कृत

**टेकचंद, कलखर**

रिवालसर का तीन दिवसीय राज्य स्तरीय छेश्चू मेला संपन्न हो गया। समापन समारोह में एपीएमसी अध्यक्ष संजीव गुलेरिया ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने इस मौके पर मेले में उत्कृष्ट सहयोग के लिए संस्थाओं और जनप्रतिनिधियों सहित खेलों और सांस्कृतिक गतिविधियों में शामिल रहे महिला मंडल, युवक मंडलों और स्कूली विद्यार्थियों को सम्मानित किया। संजीव गुलेरिया का समापन समारोह में पहुंचने पर लोगों ने भव्य स्वागत किया। संजीव गुलेरिया ने मेले के सफल आयोजन के लिए एसडीएम बल्ह और उनकी पूरी टीम को बधाई दी और उन्हें



मेले समापन पर महिलाओं को सम्मानित करते एपीएमसी अध्यक्ष संजीव गुलेरिया।

सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में इस मेले को और अधिक भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा। समापन समारोह में जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव यादवेंद्र शर्मा, नगर पंचायत रिवालसर की अध्यक्ष सुनीता गुप्ता, तहसीलदार बल्ह विपिन कुमार, नायब तहसीलदार रिवालसर टेक चंद कश्यप, डीएसपी रश्मि शर्मा, एसएचओ बल्ह पुरुषोत्तम, ग्राम पंचायत लोअर रिवालसर की प्रधान कौशल्या देवी सहित विभिन्न पंचायतों के प्रधान व उपप्रधान, महिला मंडलों के सदस्य और अन्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## अतुल बने जिला युकां के महासचिव

**सुंदरनगर।** जिला युवा कांग्रेस मंडी ने मंगलवार को अधिसूचना जारी करके अपनी जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया। इसमें सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र से संबंध रखने वाले अतुल ठाकुर को जिला महासचिव नियुक्त किया गया। अतुल ठाकुर इससे पूर्व एनएसयूआई एमएलएसएम कॉलेज इकाई के अध्यक्ष भी रह चुके है और संगठन के सक्रिय कार्यकर्ता है। अतुल ठाकुर ने अपनी नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर, युकां प्रदेश अध्यक्ष निगम भंडारी, मंडी संसदीय क्षेत्र प्रभारी जयवर्धन खुराना, जिला मंडी प्रभारी बलविंदर कंवर, प्रदेश महासचिव निखिल ठाकुर व जिला अध्यक्ष तरुण का आभार व्यक्त किया है।

# नौबाही कॉरिडोर को लेकर बनेगा मसौदा : राजीव

**अनंत ज्ञान, मंडी**

समाजसेवी राजीव कुमार ने प्रेस को जारी एक बयान में कहा कि जल्द ही नौबाही कॉरिडोर को लेकर एक मसौदा तैयार कर केंद्र सरकार के समक्ष रखा जाएगा, ताकि नौबाही तीर्थ स्थल को प्राचीन सनातन मान बिंदुओं पर विकसित किया जा सके। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक नौबाही मंदिर को पत्थरों के मंदिर में बदलना और नौ मंजिला मंदिर की ऊंचाई 151 फुट रखने का प्रस्ताव है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही जुकैण में मठ को विकसित कर गुरुकुल की स्थापना की जाएगी। बरनोग में बरनाग ऋषि मंदिर और अष्ट भैरव, दुर्गा मंदिर, सतलखी धार पर योगिनियों व श्री गणेश मंदिर, संग्रोह में शीतला मंदिर, ठंडे पानी में भैरव मंदिर, बरनाई बावड़ी, मानकू बावड़ी, कुंड में महाकाल मंदिर, जरल गढ़ में सिद्ध व चारण मंदिर व तालाब का पुन: निर्माण किया जाएगा। नौबाही मंदिर के चारों ओर आठ स्थलों की ऐतिहासिकता को देखते हुए विकसित करने व सब स्थलों को आपस में जोड़ने के लिए फ्लाई ट्रैक व पैदल पथ बनाया जाएगा। नौबाही तालाब को पानी से भरने और उसके चारों कोनों में हवा मंदिर बनाने तथा मध्य में भव्य शिव मंदिर स्थान करने की रूपरेखा बनाई जाएगी।



## 28 तक करवा लें ई-केवाईसी

**मंडी।** यदि 28 फरवरी से पहले ई-केवाईसी नहीं करवाई गई तो मंडी जिला में 19077 से अधिक उपभोक्ताओं को सिलेंडर नहीं मिल पाएगा। ई-केवाईसी न करवाने पर मार्च माह में सिलेंडर नहीं मिलेगा। इतना ही नहीं प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी भी रोक दी जाएगी। गैस एजेंसी प्रबंधक रविकांत ने बताया कि इस बारे में जिला की सभी पंचायतों से पत्राचार किया गया है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की ओर से यह निर्देश मिले हैं और 28 फरवरी अंतिम तिथि निर्धारित कर दी है। ई-केवाईसी के लिए आधार कार्ड की कॉपी और मोबाइल नंबर अनिवार्य होगा। प्रबंधक ने कहा कि सिलेंडर लें, तो मैसेज में अच्छी या बुरी सेवा बारे जरूर लिखें।

# छह मील में पहाड़ी दरकी मशीन ऑपरेटर की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

चंडीगढ़-मनाली फोरलेन पर मंडी और पंडोह के बीच छह मील के पास पहाड़ी से भारी मात्रा में पत्थर और मलबा गिरने के कारण बड़ा हादसा हुआ। इस मलबे की चपेट में यहां काम कर रही मशीन आ गई है और मशीन ऑपरेटर भी मलबे में दब गया है। हादसा दोपहर के समय हुआ। हादसे की सूचना मिलते ही एनएचएआई, केएमसी कंपनी, जिला प्रशासन और पुलिस का बचाव दल मौके लिए रवाना हो गया है। हादसे के दौरान घंटों चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद मशीन ऑपरेटर को जोनल अस्पताल में पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की



पहचान फिरोजदीन उम्र 27 वर्ष, निवासी गांव जरली जिला मंडी के रूप में हुई है। मामले की पुष्टि एएसपी मंडी सागर चंद्र ने बताया कि केएमसी कंपनी के ठेकेदार राजेश उर्फ रॉकी के खिलाफ आईपीसी की धारा 336, 304 ए के अधीन पुलिस थाना सदर मंडी में मामला दर्ज किया गया है। एडीएम मदन कुमार ने मृतक के परिवार को 25 हजार की फौरी राहत राशि दी है।

# डॉक्टरों ने अढ़ाई घंटे की हड़ताल, स्वास्थ्य सेवाएं ठप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

हिमाचल प्रदेश के डॉक्टर मंगलवार को अढ़ाई घंटे तक हड़ताल पर रहे। सुबह साढ़े नौ बजे से लेकर 12 बजे तक अस्पतालों में पहुंचे मरीजों को आपातकालीन सेवाओं के अलावा और कोई उपचार नहीं मिला। इससे पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं ठप रही। अस्पतालों के अलावा मेडिकल कॉलेजों के चिकित्सक भी हड़ताल में शामिल हुए। हिमाचल मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन मंडी जिला के प्रधान डॉ. अमित ठाकुर ने बताया कि हड़ताल सफल रही है। शतप्रतिशत चिकित्सक इसमें शामिल हुए हैं। मांगें न माने जाने तक रोजाना यह हड़ताल होगी। मंडी में हिमाचल चिकित्सा अधिकारी संघ की बैठक डॉ. अमित ठाकुर की अध्यक्षता में हुई जिसमें सभी स्वास्थ्य खंडों, नागरिक चिकित्सालयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार ने चिकित्सकों को एनपीए यानी नॉन प्रेक्टिस भत्ता बंद कर दिया। बार-बार आश्वासन के भी इसे जारी नहीं किया जा रहा है। हैरानी यह कि बीते साल तीन जून व हाल ही में 13 फरवरी को मुख्यमंत्री के साथ हुई वार्ता बैठकों की कार्रवाई रिपोर्ट तक जारी नहीं की गई। संघ के सचिव डॉ. वीर विक्रम सिंह ने कहा कि मांगें पूरी होने से ही प्रदेश के लोगों को बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी

# दो दिन बाद दे देंगे सामूहिक त्याग पत्र

## प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बल्ह कांग्रेस के पदाधिकारियों ने दी चेतावनी

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से दिए गए त्याग पत्र को सरकार व कांग्रेस हाई कमान द्वारा हल्के में लेने पर बल्ह कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। गत रविवार को बल्ह कांग्रेस की बैठक में हजारों कार्यकर्ताओं ने शामिल होकर सर्वसम्मति से प्रकाश चौधरी के पक्ष में प्रस्ताव पारित कर कांग्रेस हाई कमान व सरकार को भेजकर प्रकाश चौधरी को मान-सम्मान देने तथा बल्ह विधानसभा क्षेत्र का विकास इनके माध्यम से सुनिश्चित किए जाने की मांग की थी, जिसके लिए बल्ह कांग्रेस की ओर से चार



पत्रकार वार्ता करते बल्ह कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप ठाकुर व अन्य पदाधिकारी।

दिन का अल्टीमेटम दिया गया था, मगर अभी तक उस पर सरकार व कांग्रेस हाई कमान की ओर से कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है, जिसे देखते हुए बल्ह कांग्रेस के तमाम पदाधिकारियों ने दो दिन के उपरांत कांग्रेस पार्टी से सामूहिक रूप में त्याग पत्र देने का निर्णय लिया है। इसका खुलासा बल्ह कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप ठाकुर, जिला कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहन लाल ठाकुर, उपाध्यक्ष अजय ठाकुर, युवा कांग्रेस अध्यक्ष नवीन राणा व बल्ह कांग्रेस उपाध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर ने नेरचौक में सामूहिक रूप से आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान किया। कांग्रेस के इन तमाम पदाधिकारियों ने कहा कि यदि दो दिन के भीतर प्रदेश सरकार व कांग्रेस हाई कमान की ओर से पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी के पक्ष में कोई फैसला नहीं लिया गया, तो बल्ह कांग्रेस के तमाम पदाधिकारी अग्रणी संगठनों के पदाधिकारियों सहित सामूहिक रूप से त्याग पत्र देंगे। इस अवसर पर बल्ह कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप ठाकुर ने कहा कि बल्ह कांग्रेस का हर कार्यकर्ता प्रकाश चौधरी के साथ है और हमेशा रहेगा। उन्होंने कहा कि अब फैसला पार्टी हाईकमान व मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को करना है।

**मुलाकात** नाराजगी को ठहराया जायज, कहा-मुख्यमंत्री से करूंगी बात

# प्रकाश चौधरी के घर पहुंची प्रतिभा सिंह

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

कांग्रेस पार्टी संगठन व सरकार से नाराज चल रहे पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी को मनाने उनके निवास स्थान पर मंगलवार देर शाम को सांसद एवं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह स्वयं पहुंची। उन्होंने करीब एक घंटे तक प्रकाश चौधरी के साथ मंत्रणा की तथा उनके दर्द को साझा किया।

मंत्रणा के उपरांत मीडिया से बातचीत करते हुए प्रतिभा सिंह ने पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी के साथ हुई मंत्रणा की जानकारी देते हुए बताया कि प्रकाश चौधरी ने सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी से त्यागपत्र दिया है इसकी जानकारी इन्हें मीडिया के माध्यम से मिली थी इसलिए आज वह इनके साथ बातचीत करने के लिए यहां पहुंची है। इन्होंने बताया कि बल्ह विधानसभा क्षेत्र में सरकार के स्तर पर बहुत सी ऐसी कमियां रही है जिससे यह आहत हुए हैं। उन्होंने प्रकाश चौधरी की नाराजगी को जायज ठहराते हुए कहा कि प्रकाश चौधरी कांग्रेस के एक निष्ठावान व कर्मठ नेता है और पार्टी संगठन को मजबूत करने में इनका बहुत बड़ा रोल रहा है।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव सिर पर है ऐसे में नेता तो दूर किसी कार्यकर्ता का नाराज होना भी पार्टी के लिए ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि इन्होंने प्रकाश चौधरी से बात करके पूरी फीडबैक ले ली है और अब शिमला में जाकर इस मामले को मुख्यमंत्री से बातचीत करके सुलझाने का पूरा प्रयास किया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि भविष्य में ऐसी कोई पुनरावृत्ति न हो जिससे पार्टी को नुकसान पहुंचे और पार्टी के निष्ठावान नेता व कार्यकर्ता के मान-सम्मान में कोई कमी रहे।


### नाराजगी दूर करने को दिया दो दिन का समय

इस अवसर पर प्रकाश चौधरी ने कहा कि प्रतिभा सिंह से विस्तृत बातचीत हुई है और इन्हें पूरी उम्मीद है कि पार्टी मेरी नाराजगी पर गौर करेगी और पार्टी हित में सही फैसला लेगी। इन्होंने कहा कि मेरे लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ बल्ह का कार्यकर्ता सबसे पहले है जिनके दम पर मैं नेता बना हूं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं ने पार्टी व सरकार को दो दिन का समय दिया है यदि पार्टी कोई सही निर्णय नहीं लेती है तो बल्ह के कार्यकर्ता जो निर्णय लेंगे मैं इनके साथ रहूंगा।

**किसी भी कार्यकर्ता का नहीं होना चाहिए निरादर**

## मतदान केंद्रों पर हथियार लेकर आने पर प्रतिबंध

**मंडी।** मंडी जिले की विभिन्न पंचायतों में 25 फरवरी को होने वाले उपचुनावों के दृष्टिगत मतदान केंद्रों की परिधि में लोगों को हथियार के साथ आने पर प्रतिबंध रहेगा। डीसी अपूर्व देवगन ने बताया कि 25 फरवरी को जिले की सात पंचायतों के विभिन्न वार्डों में वोट डाले जाएंगे। उन्होंने मतदान केंद्रो की जानकारी देते हुए बताया कि विकास खंड गोपालपुर की ग्राम पंचायत बलद्वाड़ा के निर्वाचन क्षेत्र वार्ड नंबर 1 मटोखर, वार्ड नंबर 2 बलद्वाड़ा-1, वार्ड नंबर 3 बलद्वाड़ा-2 तथा वार्ड नंबर 4 बलद्वाड़ा-3 तथा वार्ड नंबर 5 कारनी के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बलद्वाड़ा में मतदान केंद्र बनाया गया है। वहीं इसी पंचायत के वार्ड नंबर 6 हरलयाण, वार्ड नंबर 7 खनोट-1, वार्ड नंबर 8 खनोट-2 और वार्ड नंबर 9 फटोह के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खनोट में मतदान केंद्र बनाया गया है। वहीं वार्ड नंबर 10 जमनौण तथा वार्ड नंबर 11 तरंडोल के लिए राजकीय प्राथमिक पाठशाला बलद्वाड़ा में मतदान केंद्र स्थापित किया गया है। विकास खंड गोपालपुर की ही ग्राम पंचायत फतेहपुर के वार्ड नंबर 6 फतेहपुर-3 के लिए राजकीय प्राथमिक पाठशाला रेडू में मतदान केंद्र बनाया गया है। इसके अलावा विकास खंड चौंतड़ा की ग्राम पंचायत बदेहड़ के वार्ड 1 भंखेहड-1 के लिए राजकीय प्राथमिक पाठशाला चांजड़ा, विकास खंड बल्ह की ग्राम पंचायत सरध्वार के वार्ड 3 चौकी चंद्राहन-1 के लिए राजकीय प्राथमिक पाठशाला चौकी चंद्राहन और ग्राम पंचायत कुम्मी के वार्ड नंबर 3 कुम्मी-3 के लिए राजकीय प्राथमिक पाठशाला कुम्मी में मतदान केंद्र स्थापित किया गया है। विकास खंड सराज की ग्राम पंचायत केयोली के वार्ड नंबर 3 केयोली-2 के लिए राजकीय प्राथमिक पाठशाला केयोली और विकास खंड सुंदरनगर की ग्राम पंचायत बायला के वार्ड नंबर 2 कुराडा के लिए राजकीय प्राथमिक पाठशाला बायला में मतदान केंद्र बनाया गया है।




# सदन में उठाएंगे जेओएआईटी का मामला

## अभ्यर्थियों को कांग्रेस विधायक सुधीर शर्मा व राजेंद्र राणा ने दिया आश्वासन



क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे विभिन्न पोस्ट कोड्स के अभ्यर्थियों से मिलते कांग्रेस विधायक राजेंद्र राणा और सुधीर शर्मा।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

एक तरफ विधानसभा के अंदर बजट पर चर्चा जारी है। वहीं, दूसरी ओर चौड़ा मैदान में जेओएआईटी अभ्यर्थी लगातार धरने पर हैं। परीक्षा परिणाम घोषित करने को लेकर मांग कर रहे जेओएआईटी अभ्यर्थियों तमाम मुश्किलों के बावजूद हड़ताल पर बैठे हुए हैं।

ऐसे में कांग्रेस की पूर्व सरकार में मंत्री और वर्तमान में विधायक सुधीर शर्मा और कांग्रेस विधायक राजेंद्र राणा अभ्यर्थियों से मिलने चौड़ा मैदान पहुंचे, जहां उन्होंने उनका हाल जाना और अभ्यर्थियों के मामले को सरकार के समक्ष उठाने का आश्वासन दिया। पहले भी सुधीर शर्मा और राजेंद्र राणा सरकार से इनका परिणाम घोषित करने की मांग उठा चुके हैं। धरना स्थल पर जाकर दोनों ही विधायकों ने इनका दर्द जाना और सदन के अंदर इस मामले को उठाने का आश्वासन दिया।

यही नहीं, दोनों विधायकों ने अभ्यर्थियों की मदद भी की और सुधीर शर्मा ने पर्स में रखे सब पैसे डोनेशन बॉक्स में डाल दिए। इस मौके पर राजेंद्र राणा ने कहा कि चुने हुए प्रतिनिधि होने के नाते अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाना उनका दायित्व है। वह पहले भी अभ्यर्थियों की आवाज उठाते रहे हैं और आगे भी आवाज उठाते रहेंगे।

### 2004 से 2014 तक कांग्रेस ने किया भ्रष्टाचार: बिंदल



**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि भाजपा का तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन भाजपा के इतिहास में और देश के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। 2004 से 2014 तक कांग्रेस के दस साल भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, परिवारवाद, आतंकवाद, माओवाद और अर्थिक दिवालियेपन के रहे बनाम 2014 से 2024 मोदी सरकार के गरीब कल्याण, सुशासन, आर्थिक विकास और भ्रष्टाचार उन्मूलन के रहे। देश इनमें तुलना करके 2024 के चुनाव में फिर एक बार मोदी सरकार को साकार करेगा। उन्होंने कहा कि मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाना है।

## हिमाचल प्रदेश में तीन साल में 1805 लोग हुए एचआईवी के शिकार, कांगड़ा जिले में सबसे ज्यादा मरीज

# विधानसभा में गूंजा एचआईवी का मामला

**रविंद्र जस्टा, शिमला**



हिमाचल प्रदेश में बीते तीन साल के अंदर 1805 लोग एचआईवी का शिकार हुए हैं। हिमाचल प्रदेश विधानसभा में विधायक डॉ. जनक राज की ओर से पूछे गए सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी मिली। मंगलवार को एचआईवी का यह मामला सदन में गूंजा। इनमें सबसे ज्यादा संख्या जिला कांगड़ा की हैं।

जिला कांगड़ा हिमाचल का सबसे बड़ा जिला है। ऐसे में यहां मरीजों की संख्या भी ज्यादा है। बीते तीन साल में यहां एचआईवी के 512 मामले सामने आए हैं। प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से बताया गया कि साल 2020-21 में 370, साल 2021-22 में 374, साल 2022-23 में 551 और साल 2023-24 में 15 जनवरी तक 510 मामले रिकॉर्ड किए गए हैं। बीते तीन सालों में बिलासपुर में 63, चंबा में 32, हमीरपुर में 193, कांगड़ा में 512, किन्नौर में चार, कुल्लू में 92, लाहौल-स्पीति में नौ, मंडी में 109, शिमला में 329, सिरमौर में 63, सोलन में 181 और ऊना में 236 मामले दर्ज किए गए। गौरतलब है कि जिला लाहौल-स्पीति में साल 2021-22 के बाद एचआईवी का एक भी मामला सामने नहीं आया है।

हिमाचल प्रदेश परिवार एवं स्वास्थ्य कल्याण विभाग की ओर से यह भी बताया गया है कि बीते तीन साल में 47 हजार 813 क्षय रोग के मरीज भी सामने आए हैं। इनमें साल 2021 में 17 हजार 381, साल 2022 में 13 हजार 617, साल 2023 में 15 हजार 638 और साल 2024 में 15 जनवरी तक एक हजार 177 मरीजों में क्षय की पुष्टि हुई है। प्रदेश में बीते तीन साल में एमडीआर टीबी के साल 2021 में 316, साल 2022 में 348, साल 2023 में 347 और साल 2024 में 15 जनवरी तक 36 मरीज सामने आए हैं। लाहौल-स्पीति में साल 2021 साल 2022 और साल 2024 में एमडीआर टीबी का एक भी मामला रिकॉर्ड नहीं किया गया है। यहां साल 2023 में टीबी के केवल दो मरीज सामने आए थे। (अनंत ज्ञान)


### ऑक्सीजन प्लांट से हटाए कर्मी दोबारा नौकरी पर रखे: शांडिल



**भाजपा** विधायक राकेश जम्वाल ने सुंदरनगर अस्पताल में व्याप्त अनियमितताओं का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि ऑक्सीजन प्लांट एक साल से बंद हैं। जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि सुंदरनगर के ऑक्सीजन प्लांट बंद होने के मामले को वह देखेंगे। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि ऑक्सीजन प्लांट से जो कर्मचारी हटाए गए थे, उन्हें फिर से रखने के आदेश दे दिए गए हैं।

### थर्ड पार्टी ऑडिट से दूर की जा रहीं साइबर सुरक्षा खामियां

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बताया है कि डिजिटल प्रौद्योगिकी और गवर्नेंस विभाग ने विभिन्न विभागों, निगमों और बोर्डों की 200 वेबसाइट को साइबर सुरक्षा ऑडिट के ही राज्य डाटा सेंटर में होस्ट किया है। थर्ड पार्टी ऑडिट के माध्यम से साइबर सुरक्षा खामियां दूर की जा रही हैं। विधायक आशीष शर्मा के सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य डाटा सेंटर में होस्टिंग से पहले सभी विभागीय वेबसाइटों का साइबर सुरक्षा आडिट अनिवार्य है। राज्य डाटा सेंटर के लिए डिजास्टर रिकवरी साइट भी स्थापित की गई है।



विधानसभा बजट सत्र में शिरकत के लिए जाते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### जरूरत पड़ने पर कोविड स्टाफ की लेंगे सेवाएं: मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि भविष्य में अनुभवी कोविड स्टाफ की जरूरत पड़ने पर सेवाएं ली जाएंगी। कोरोना काल में रखे कर्मचारियों को नौकरी में वरीयता दी जाएगी। प्रश्नकाल के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी विभागों में जितने भी कर्मचारियों की नियुक्ति की जाती है, वह नियमों के तहत होती है। कोरोना काल में जो नियुक्तियां हुई थीं, उसके लिए कोई नियम नहीं बने थे। पूर्व सरकार ने अगर नियम बनाए होते तो हम उन्हें नहीं हटाते। उन्होंने कहा कि बावजूद इसके सरकार ने मानवीय आधार पर इन्हें कई बार सेवा विस्तार दिया। उन्होंने कहा कि इनका मानदेय भी जारी किया गया है और इनकी 3.50 करोड़ रुपए की देनदारी लंबित हैं। इसे भी जल्द जारी किया जाएगा।

## जेओएआईटी के अभ्यर्थियों को कंडीशनल नियुक्तियां दे सरकार



**सीएम** सुक्खू द्वारा पेश किए गए बजट पर चर्चा में पक्ष और विपक्ष के विधायक ने हिस्सा लिया। सुजानपुर से कांग्रेस विधायक राजेंद्र राणा ने भी बजट पर चल रही चर्चा में भाग लिया। विधायक राजेंद्र राणा ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के बजट का समर्थन करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा बजट में की गई घोषणाए सराहनीय प्रयास है। उन्होंने हमीरपुर में कैंसर हॉस्पिटल, एकल महिलाओं के बच्चों को फ्री शिक्षा, पुलिस कर्मियों की डाइट मनी बढ़ाने के फैसले को सराहनीय बताया, लेकिन इस दौरान उन्होंने शिमला के चौड़ा मैदान में अपने रिजल्ट को लेकर धरने पर बैठे अभ्यर्थियों का मामला भी सदन में उठाया। राजेंद्र राणा ने विधानसभा में कहा कि सरकार को जेओआईटी अभ्यर्थियों को कंडीशनल नियुक्तियां देनी चाहिए। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला है कि सरकार कंडीशनल नियुक्तियां दी जानी चाहिएं। धरने पर बैठे कई नौजवान युवाओं शादी टूट गई है, क्योंकि उनके पास रोजगार नहीं है। उन्होंने विधानसभा में सरकार से मांग करते हुए कहा की सरकार को एक समय सीमा तय करके इन युवाओं का रिजल्ट घोषित कर देना चाइए। विधानसभा में बोलते हुए विधायक राजेंद्र राणा ने कहा कि अलग-अलग पोस्ट कोड के तहत करीब 2711 पदो पर परीक्षाएं हो चुकी हैं, जिनका रिजल्ट आना अभी बाकी है।

# मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के 15 टिप्परों को दिखाई हरी झंडी

## कहा-पीडब्ल्यूडी को आवश्यक मशीनरी की खरीद के लिए दिए 60 करोड़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को चौड़ा मैदान, शिमला से लोक निर्माण विभाग के शिमला जोन के लिए 15 टिप्परों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इनमें से बीएंडआर मंडल शिमला-एक के लिए एक टिप्पर, निरमंड के लिए तीन, रामपुर, कल्पा, रोहड़ू, जुब्बल एवं कोटखाई मंडल के लिए दो-दो और भावानगर के लिए एक टिप्पर शामिल है।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि लोक निर्माण विभाग को आवश्यक मशीनरी की खरीद के लिए 60 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग सुरेंद्र पाल जगोटा, उपायुक्त अनुपम कश्यप एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### निविदा प्रक्रिया 51 दिन से घटाकर की 30 दिन



**सीएम** ने कहा कि सरकार ने प्रदेश में चलाई जा रही विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं में तेजी लाई है, ताकि इनका लाभ लोगों को समय पर मिल सके। व्यवस्था परिवर्तन की पहल करते हुए लोक निर्माण विभाग के तहत निविदा प्रक्रिया को सरल कर इसकी अवधि 51 दिन से घटा कर 30 दिन की है, ताकि परियोजनाओं कार्यों में तेजी लाई जा सके।

### एसपीयू को मिली 20 करोड़ की ग्रांट

**मंडी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर से बटन दबाया और सरदार पटेल यूनिवर्सिटी के खाते में 20 करोड़ की ग्रांट ऑनलाइन माध्यम से पहुंच गई। यह ग्रांट पीएम उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत दी गई है। जम्मू-कश्मीर में हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम के दौरान सरदार पटेल यूनिवर्सिटी की प्रो. वायस चांसलर प्रोफेसर अनुपमा सिंह अपने अन्य स्टाफ और स्टूडेंट्स के साथ इसमें वर्चुअल माध्यम से जुड़ी हुई थीं।



एसपीयू में प्रधानमंत्री का संबोधन सुनते हुए।

प्रोफेसर अनुपमा सिंह ने इस ग्रांट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा व केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय का आभार जताया और यूनिवर्सिटी प्रबंधन को बधाई भी दी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार से जो ग्रांट मिली है, उस राशि को यूनिवर्सिटी के इंटरनल इंफ्रास्ट्रक्चर की डेवेल्पमेंट पर खर्च किया जाएगा। स्मार्ट क्लास रूम और बेहतरीन लैब का निर्माण किया जाएगा ताकि यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रहे बच्चों को अधिक से अधिक सुविधाएं दी जा सकें। बता दें कि सरदार पटेल यूनिवर्सिटी पहली अप्रैल 2022 को ही शुरू हुई है, लेकिन प्रोफेसर अनुपमा सिंह के अथक प्रयासों से मात्र दो महीनों में ही इसे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से दो एफ का स्टेट्स मिल गया था। इसी स्टेट्स के कारण आज यूनिवर्सिटी केंद्र सरकार से इस तरह की ग्रांट हासिल कर पाने में कामयाब हुई है।

# पीएम ने हिमाचल को दी सौगात

## नादौन और स्लोह में केंद्रीय विद्यालयों का किया वर्चुअली उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, नादौन/ऊना/मंडी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर लोकसभा स्थित नादौन और ऊना स्थित स्लोह को दो केंद्रीय विद्यालयों की सौगात दी। उन्होंने 38 करोड़ की लागत से बने इन नए भवनों का वर्चुअली उद्घाटन किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने इसे प्रदेश की जनता के लिए ऐतिहासिक और बेहद लाभकारी बताया और शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में सलोह पहुंचे राज्य सभा सांसद सिकंदर कुमार ने इस स्कूल भवन निर्माण के लिए सभी को बधाई दी। इस मौके पर भाजपा के प्रांतीय महामंत्री, प्रदेश सचिव सुमित शर्मा, स्कूल के प्रधानाचार्य तथा स्टाफ उपस्थित था। स्कूल के छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।

### नाकामियां छिपाने के लिए मेरे नाम का सहारा ले रहे मुख्यमंत्री सुक्खू: अनुराग ठाकुर



**शिमला।** केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हालिया बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि कांग्रेस की फेल गारंटियों पर पर्दा डालने के लिए सुक्खू भाजपा की माला जप रहे हैं और अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए मुख्यमंत्री उनके नाम का सहारा ले रहे हैं, जबकि सबको पता है कि आपदा के समय हिमाचल की जनता के साथ मोदी सरकार डट कर खड़ी थी और हरसंभव सहायता देवभूमि को दी है।

# दिल्ली जाने वाली बसें राजघाट डिपो में की जाएंगी पार्क

## एचआरटीसी और डीटीसी में समझौता, प्रति बस रोजाना कम हुआ 16 किलोमीटर का सफर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल के विभिन्न स्थानों से दिल्ली जाने वाली एचआरटीसी की 120 बसों को डैड माइलेज से बचाने के लिए निगम प्रबंधन एवं दिल्ली पथ परिवहन निगम के बीच पार्किंग के लिए समझौता हुआ है।

इस समझौते के अनुसार दिल्ली जाने वाली बसें अब राजघाट डिपो में पार्क की जाएगी। इससे पहले निगम की बसों का 12 किलोमीटर दूर निजी बस पार्किंग में बसें खड़ी करनी पड़ती थी, जिससे निगम को रोजाना लगभग 120 बसों के 24 किलोमीटर की डैडमाइलेज का अतिरिक्त खर्च वहन करना पड़ता था। समझौते के अनुसार अब निगम की बसें दिल्ली के राजघाट डिपो में पार्क होंगी। इस पार्किंग से एक बस का रोजाना 16 किलोमीटर का सफर कम होगा। इस तरह प्रतिदिन बसों को आठ किलोमीटर ही पार्किंग के लिए अतिरिक्त सफर करना होगा, जिससे न केवल निगम का खर्च कम होगा, बल्कि बसों को अतिरिक्त सफर करने से भी निजात मिलेगी।

### ड्राइवरों-कंडक्टरों को ठहरने के लिए मिलेगी उचित सुविधा




**निगम** के इस समझौते में हिमाचल पथ परिवहन निगम दिल्ली पथ परिवहन निगम के डिपो में चालकों एवं परिचालकों के विश्राम के लिए कम लागत वाले आधुनिक विश्राम गृह भी बनाए जाएंगें, जिससे चालकों एवं परिचालकों के लिए शौचालय एवं सोने के लिए बिस्तर एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध रहेगी।

### हर महीने बचेंगे 12 लाख

**निजी** पार्किंग में बसें खड़ी करने पर एचआरटीसी को किराया एवं डेडमाइलेज का लगभग कुल खर्चा प्रतिमाह बीस लाख आता है। दिल्ली पथ परिवहन निगम से करार होने के बाद राजघाट पार्किंग में बसें खड़ी होने पर यह खर्चा किराया एवं डेडमाइलेज का 12 लाख प्रतिमाह होगा। इस खर्च के कम होने से प्रतिमाह निगम को आठ लाख रुपए की बचत होगी। एक वर्ष में निगम के इस फैसले से एक करोड़ तक बचत होगी।

# कैंटरबरी विश्वविद्यालय न्यूजीलैंड के प्रतिनिधियों ने शूलिनी विवि का किया दौरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

कैंटरबरी विश्वविद्यालय न्यूजीलैंड के प्रतिनिधियों ने शैक्षणिक सहयोग और अंतरराष्ट्रीय शिक्षा के लिए शूलिनी विवि का दौरा किया। कैंटरबरी विवि, न्यूजीलैंड के सहायक कुलपति, एंगेजमेंट प्रो. ब्रेट बर्क्विस्ट और अंतरराष्ट्रीय विकास निदेशक डॉ. ग्राहम वाइज ने छात्रों और संकाय के लिए शैक्षणिक और अनुसंधान के अवसरों को बढ़ाने के उद्देश्य से कई पहलों पर चर्चा करने के लिए शूलिनी का दौरा किया।

इस ऐतिहासिक यात्रा के एजेंडे में संयुक्त अनुसंधान सहयोग, व्यवसाय विज्ञान, खाद्य विज्ञान और इंजीनियरिंग के लिए मार्ग कार्यक्रम, उत्पाद निर्माण, ऑनलाइन कार्यक्रम और औद्योगिक भागीदारी पर चर्चा शामिल है। अंतरराष्ट्रीय उपनिदेशक डॉ. रोजी धांता ने कहा कि न्यूजीलैंड को अपने नए गंतव्य के रूप में देखने से हमारे छात्रों के लिए ढेर सारे अवसर खुलने वाले हैं। डॉ. रोजी ने आगे कहा कि यह पहल हमारे छात्रों के लिए उपलब्ध विकल्पों को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगी, जिससे वे सक्षम होंगे। डॉ. धांता ने कहा कि कैंटरबरी विवि के साथ यह सहयोग उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और अनुसंधान के अवसर प्रदान करने, एक वैश्विक शिक्षण वातावरण की सुविधा प्रदान करने के हमारे प्रयास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।



शूलिनी विवि के प्रबंधन के साथ कैंटरबरी यूनिवर्सिटी न्यूजीलैंड के प्रतिनिधि।

### ब्यास में डूबे युवक का छह दिन बाद मिला शव


अनंत ज्ञान फॉलोअप

**नादौन।** नादौन के साथ लगते बेला गांव क्रिकेट स्टेडियम के पास ब्यास नदी में 14 फरवरी को डूबे बेला गांव के 29 वर्षीय गौरव मैहरा का शव छह दिन बाद करीब 200 मीटर दूर ब्यास नदी में मिल गया है। रेस्क्यू कर टीम ने उसे पानी से काफी मश्क्कत के बाद निकाला। एनडीआरएफ व स्थानीय पुलिस सहित अन्य टीमों ने शव को ढूंढने में हरसंभव प्रयास किए, लेकिन पांच दिन तक कोई अता-पता नहीं चला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है।

## नियुक्ति पत्रों की जांच के समय हुआ खुलासा

# सचिवालय क्लर्क-चपरासी की नौकरी के लिए बना डाले फर्जी नियुक्ति पत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**




सचिवालय में दो लोगों द्वारा फर्जी नियुक्ति पत्र बनाने का मामला सामने आया है। इसका खुलासा तब हुआ, जब नियुक्ति पत्र की सचिवालय में अधिकारियों द्वारा जांच की गई। सचिवालय के उपसचिव ने मामले की शिकायत छोटा शिमला पुलिस थाने में दर्ज करवाई है।

सचिवालय के उपसचिव ने पुलिस को दी शिकायत में दो लोगों पर क्लर्क और चपरासी की नौकरी के लिए जाली हस्ताक्षर करके नियुक्ति पत्र पेश करने का आरोप लगाया है। सचिवालय के उपसचिव मनजीत बंसल ने शिकायत दर्ज करवाई है कि पारस पुत्र स्वर्गीय चंद्र मोहन ने चपरासी पद और अजय पुत्र कश्मीर सिंह निवासी पालमपुर ने क्लर्क पद पर नौकरी हासिल करने के लिए जाली हस्ताक्षर करके नियुक्ति पत्र पेश किए हैं। पुलिस अब इस मामले को लेकर गंभीरता से जांच कर रही है। पुलिस दोनों ही लोगों को पूछताछ के लिए बुलाएगी और पूछताछ में यह पता लगाएगी कि इन्होंने यह जाली नियुक्ति पत्र कहां से बनाए हैं। नियुक्ति पत्र में अधिकारियों के हस्ताक्षर भी फर्जी पाए गए हैं। इन्होंने जाली नियुक्ति पत्र कहां और कैसे तैयार किए हैं, पुलिस इसकी जांच कर रही है।

> **यह** मामला पुलिस के ध्यान में आया है। पुलिस ने सचिवालय के उपसचिव की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।
>
> **नवदीप सिंह, एएसपी शिमला।**

### पीओ सैल मंडी की टीम ने पकड़ा उद्घोषित अपराधी

**सुंदरनगर।** पीओ सैल मंडी टीम को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सरकाघाट में विचाराधीन दो मामलों के उद्घोषित आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस टीम ने आरोपी को सरकाघाट बस स्टैंड के समीप गिरफ्तार किया है। पीओ सैल टीम ने आरोपी को पुलिस थाना सरकाघाट के हवाले कर दिया है। आरोपी विनोद कुमार उर्फ अर्जुन पुत्र कर्म सिंह गांव बदरेशा डाकघर बैरी तहसील सरकाघाट जिला मंडी पर पुलिस थाना सरकाघाट में आईपीसी की धारा 420 तथा एक अन्य मामले में आईपीसी की धारा 174.ए के तहत दो एफआईआर दर्ज किए गए थे। आरोपी के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पुलिस द्वारा चालान तैयार कर अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सरकाघाट के समक्ष पेश किए गए थे। दोनों मामलों में ट्रायल के दौरान आरोपी कोर्ट से लगातार गैर हाजिर रहा और इस पर न्यायालय द्वारा उसे एक मामले में 14 दिसंबर 2022 और दूसरे मामले में 11 अगस्त 2023 को उद्घोषित अपराधी घोषित कर दिया गया। मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी मंडी सागर चंद्र ने की है।

**बोली** | हिमाचल में प्रवेश करने वाली बड़ी गाड़ियों को अब 600 की जगह देने होंगे 700 रुपए

# इस बार दस प्रतिशत बढ़ोतरी के साथ लगेगी टोल टैक्स बैरियरों की बोली

**अनंत ज्ञान, नाहन**

राज्य कर एवं आबकारी विभाग जिला सिरमौर 22 फरवरी को जिले के तीन टोल बैरियर नीलाम करने जा रहा है। इस वर्ष टोल बैरियर की दी जाने वाली बोली रिजर्व प्राइस से दस फीसदी बढ़त के साथ शुरू की जाएगी।

सरकारी खजाने को भरने को लेकर विभाग ने मुकम्मल तैयारी कर ली है। बीते वर्ष जिले के तीनों टोल बैरियर 23 करोड़ 50 लाख रुपए में नीलाम किए गए थे। दस फीसदी बढ़त के बाद टोल बैरियर की शुरुआती बोली 25 करोड़ 85 लाख के बाद ही शुरू होगी। यहां यह भी बता दें कि हिमाचल के नंबर की निजी गाड़ियों को बैरियर टोल एंट्री फीस से मुक्त रखा गया है। वहीं, बड़ी गाड़ियों को जहां पहले 600 रुपए का भुगतान एंट्री के दौरान करना होता था, अब उन्हें 700 रुपए देने होंगे। जिला राज्य कर एवं आबकारी विभाग सिरमौर द्वारा इस बार की बोली के लिए नाहन के एसएफडीए हॉल को चुना गया है।

उपायुक्त जिला सिरमौर की अध्यक्षता में इच्छुक बोली देने वालों को 22 फरवरी के लिए आमंत्रित किया गया है।

नीलामी प्रक्रिया दोपहर दो बजे के बाद शुरू की जाएगी। उपायुक्त राज्य कर एवं आबकारी विभाग जिला सिरमौर हिमांशु ने खबर की पुष्टि की है।



राज्य कर एवं आबकारी विभाग के उपायुक्त हिमांशु।

- 25 करोड़ 50 लाख से ऊपर बोली देने वाले के होंगे सिरमौर के तीन टोल बैरियर
- कल दोपहर दो बजे के बाद शुरू होगी बोली प्रक्रिया

## न्यूज ब्रीफ

### नाहन पुलिस ने नष्ट की जब्त अवैध शराब



विभिन्न दर्ज केसों में बरामद शराब को नष्ट करते पुलिसकर्मी।

**नाहन।** जिला सिरमौर के पुलिस थाना नाहन की टीम ने न्यायालय के आदेश पर 12 मुकदमों में बरामद की गई अवैध शराब को नष्ट किया। जिला सिरमौर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश रोल्टा ने बताया कि थाना सदर नाहन में आबकारी अधिनियम के आबकारी एवं कराधान विभाग से 12 मुकदमों का माल कुल 200 बोतल अंग्रेजी शराब, 99 बोतल देसी शराब तथा 26 लीटर नाजायज शराब को नष्ट किया गया है। बता दें इसमें अंग्रेजी शराब, देसी शराब और कच्ची शराब को आबकारी एवं कराधान विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा नष्ट किया गया है।

### लड़ोग विद्यालय में क्लस्टर मीटिंग का आयोजन



क्लस्टर बैठक के बाद सभी सदस्य एकजुट हुए।

**अर्की।** राजकीय उच्च विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय लड़ोग की प्रथम क्लस्टर मीटिंग का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता क्लस्टर हेड मनोरमा चड्ढा ने की। इस मीटिंग में क्लस्टर कमेटी के सदस्यों के साथ-साथ विद्यालय के स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों, अभिभावकों व दोनों विद्यालयों के सभी अध्यापकों ने भाग लिया। इस मीटिंग में जहां इस शैक्षणिक सत्र से बच्चों के लिए सरकार द्वारा निर्धारित वर्दी के विकल्पों में से विकल्प का चयन किया गया, वहीं क्लस्टर बनने पर सरकार द्वारा 13 फरवरी को जारी की गई अधिसूचना के अंतर्गत क्लस्टर की कार्यप्रणाली के लिए जारी दिशा- निर्देशों को सबके समक्ष रखा गया व प्रत्येक बिंदु पर परिचर्चा की गई। इस मीटिंग में उच्च व प्राथमिक विद्यालयों द्वारा एक-दूसरे के प्रतिनिधि के सहयोग और अभिसरण के लिए संसाधनों को साझा करने के क्लस्टर के दायित्वों के निर्वहन हेतु विचार-विमर्श किया गया।

### अग्निकांड पर मॉक रिहर्सल और जागरूकता कार्यक्रम



आग पर काबू पाने का प्रयास करते अग्निशमन विभाग के कर्मचारी।

**नाहन।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, सिरमौर के सौजन्य से आज चतुर्थ वाहिनी गृहरक्षक विभाग, नाहन की ओर से उनके बुनियादी प्रशिक्षण केंद्र विक्रम बेस नाहन में अग्निकांड पर आधारित मॉक अभ्यास एवं जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण केंद्र की प्रभारी प्लाटून कमांडर संतोष कुमारी ने बताया कि इस कार्यक्रम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नाहन से लगभग 20 बच्चों ने प्रशिक्षण हासिल किया तथा इसके साथ ही विभिन्न प्रकार की आग लगने के उपरांत किए जाने वाले तकनीकों एवं बचाव अभियान के संबंध में भी जानकारी हासिल की। इस प्रशिक्षण केंद्र में स्रोत व्यक्ति के रूप में आदर्श अग्निशमन केंद्र नाहन के फायरमैन रामदयाल शर्मा ने बच्चों को आग एवं उसके लगने के कारणों तथा उनसे बचाव की विभिन्न प्रकार की विधियों को प्रयोगात्मक रूप से बताया।

### पोक्सो एक्ट और यौन शोषण की दी जानकारी



रोटरी क्लब के सदस्य विद्यालय के बच्चों व अध्यापकों के साथ।

**पांवटा साहिब।** बीकेडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में रोटरी क्लब पांवटा साहिब द्वारा कक्षा आठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को पोक्सो अधिनियम तथा यौन शोषण जैसे विषय में जागरूक किया गया। इस मौके पर रोटरी क्लब पांवटा साहिब की अध्यक्ष कविता गर्ग, राकेश गर्ग, लीगल एडवाइजर संजय कुमार ने कानून संबंधी विशेष जानकारी विद्यार्थियों को दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य यशपाल सिंह सैनी ने बताया कि विद्यालय में एक कमेटी बनाई गई है जो समय- समय पर विद्यार्थियों के साथ इस विषय पर चर्चा करती रहती है। बच्चों ने भी रोटरी क्लब के सदस्यों से इस बारे में संवाद किया।

### सराहां कॉलेज में सड़क सुरक्षा पर किए जागरूक



सड़क सुरक्षा को लेकर रैली निकालते सराहां कॉलेज के रोड सेफ्टी क्लब के सदस्य।

**सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सराहां के रोड सेफ्टी क्लब की ओर से सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सड़क सुरक्षा के बारे में छात्रों के ज्ञान का आकलन करने के लिए पोस्टर मेकिंग और स्लोगन लेखन जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, तत्पश्चात सड़क सुरक्षा क्लब के समन्वयक प्रो. सुदेश तोमर के निर्देशन में कॉलेज परिसर से बाईपास और पुराने बस स्टैंड होते हुए नए बस स्टैंड सराहां तक एक रैली का आयोजन किया गया। रैली को राजकीय महाविद्यालय सराहां की प्राचार्य डॉ. अनिता ठाकुर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के दौरान छात्रों ने स्थानीय लोगों से बातचीत की और उन्हें सड़क पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए विभिन्न यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा उपायों के बारे में शिक्षित किया। इस उपलक्ष पर प्रो. जगमोहन ठाकुर, डॉ. राजन कौशल, डॉ. सुध्यान नेगी, प्रो. दिनेश कुमार, डॉ. मोल्लम डोलमा, प्रो. कृष्ण दत्त, डॉ. रीमा शर्मा, प्रो. प्रियंका सराओ, किरण कांत (लाइब्रेरियन) और शंभू नाथ (अधीक्षक) उपस्थित रहे।

### राजस्व लोक अदालतों का आयोजन 28, 29 को

**नाहन।** उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने बताया कि जिले में आगामी 28 और 29 फरवरी को राजस्व लोक अदालतों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा 28 व 29 फरवरी को समूचे प्रदेश में राजस्व लोक अदालत के रूप में मनाया जाना प्रस्तावित है और इसी कड़ी में सिरमौर जिले में भी लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि राजस्व लोक अदालतों के अंतर्गत सिरमौर जिले की सभी तहसील व उपतहसील स्तर पर निर्धारित तिथियों में सभी प्रकार के तकसीम, इंतकाल, निशानदेही, रेवेन्यू एंट्रीज में करेक्शन संबंधित लंबित मामलों की सुनवाई व निपटारा किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि 28 फरवरी को नाहन तहसील के अंतर्गत त्रिलोकपुर और पटवार कार्यालय निहोग, ददाहू तहसील कार्यालय के अंतर्गत ददाहू कार्यालय में, नौहराधार तहसील के अन्तर्गत तहसील कार्यालय नौहराधार में, कमरऊ तहसील के अंतर्गत पटवार वृत्त सतौन रोनाहट, रोनाहट उपतहसील के अंतर्गत उपतहसील कार्यालय रोनाहट, रेणुका जी तहसील कार्यालय के अंतर्गत तहसील कार्यालय संगड़ाह तथा पटवार वृत्त अंधेरी में राजस्व लोक अदालतों का आयोजन किया जाएगा।

# शहर में 20 साल से नहीं हुआ बीपीएल सर्वे

## सोलन नगर निगम ने प्रदेश सरकार को पत्र लिख कर मांगी सर्वे की अनुमति

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन में बीते दो दशक से बीपीएल परिवारों की छंटनी नहीं हो पाई है। इस अवधि में कई बीपीएल परिवारों ने पक्के मकान तो बनवा ही लिए हैं, ऊपर से उनके पास गाड़ी और दोपहिया वाहन भी हैं, ऐसे में पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

**पात्र लाभार्थियों को नहीं मिल पा रहा योजनाओं का लाभ**



नगर निगम कार्यालय सोलन। (फाइल फोटो)

> वर्ष 2004 में बीपीएल चयन के लिए सोलन शहर में सर्वे हुआ था। उसके बाद से आज तक सर्वे नहीं हो पाया है। इसी को देखते हुए सोलन नगर निगम ने इसके सरकार से पत्राचार किया है। जिसमें सोलन नगर निगम के तहत बीपीएल में पात्र लोगों को जोड़ने और अपात्र को बाहर करने का अधिकार दिए जाने की मांग की गई है।
>
> -उषा शर्मा, मेयर, सोलन नगर निगम।

निगम के पास अभी तक बीपीएल पात्र व अपात्र छंटनी करने की शक्तियां नहीं हैं। निगम ने प्रस्ताव पारित कर प्रदेश सरकार को बीपीएल परिवार की छंटनी की अनुमति मांगी है। यदि सरकार निगम के इस प्रस्ताव को मानती है तो जल्द ही निगम अपने स्तर पर बीपीएल परिवारों के नाम काटने और जोड़ने का काम कर सकती है। इसको लेकर प्रदेश की अलग-अलग निगमों में मेयर और डिप्टी मेयर की एक कमेटी बनी है। हालांकि इसके बाद भी अभी तक सरकार ने इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया है।

बता दें कि बीपीएल परिवारों को जोड़ने और निकालने का सर्वे प्रदेश सरकार द्वारा ही किया जाता है, लेकिन प्रदेश की निगमों में कई वर्षों से यह बीपीएल सर्वे नहीं हो पाया है, नतीजतन आज भी जहां कुछ पात्र लोग इस सुविधा से वंचित हैं, तो वहीं दूसरी ओर कुछ अपात्र लोग आज भी इसका लाभ ले रहे हैं, ऐसे में निगम ने फैसला किया है कि यदि सरकार उन्हें बीपीएल परिवार जोड़ने और काटने की शक्तियां दे तो वह निगम हाउस में ही पात्र परिवारों को जोड़कर अपात्रों को बाहर कर देगी। (अनंत ज्ञान)

### शहर में 541 बीपीएल कार्ड धारक

सोलन नगर निगम में पिछला सर्वे वर्ष 2004 में हुआ था, इसके बाद से आज तक सर्वे नहीं हो पाया है। ऐसे में जहां कई पात्र लोग इसका लाभ नहीं ले पा रहे हैं, तो कई अपात्र लोग कई वर्षों से बीपीएल में ही जमे हुए हैं। हालांकि इस दौरान 25 लोग ऐसे भी हैं, जिन्होंने खुद एमसी में आकर अपना नाम कटवाया है। निगम अधिकारियों की मानें तो शहर में 541 बीपीएल कार्ड धारक थे, जिनमें से 25 ने कुछ वर्ष पहले अपना नाम कटवाया है। अब उनकी जगह नए लोगों को जोड़ना है, लेकिन सरकार की हरी झंडी न मिलने से यह काम कई वर्षों से अधर में ही लटका हुआ है।

बता दें कि वर्तमान में 516 बीपीएल कार्ड धारक शहर में सरकारी सुविधाएं ले रहे हैं। बताया यह भी जा रहा है कि वर्तमान में इन बीपीएल धारकों में से कई तो सरकारी नौकरी में भी है और कई इस क्राइटेरिया से बाहर हैं, ऐसे में तुरंत सर्वे करवा कर पात्र लोगों को ऐड तो अपात्रों को बाहर करना चाहिए। शहर में बीपीएल सर्वे करवाया जाना चाहिए। इसको लेकर सोलन नगर निगम ने कई बार सरकार को पत्र भी लिखा है, बावजूद इसके सरकार की तरफ से सर्वे करवाने के लिए हरी झंडी नहीं मिल पाई है।

### नाहन में आरकेएस समिति का गठन

**नाहन।** डॉ. वाईएस परमार मेडिकल कॉलेज नाहन की रोगी कल्याण समिति (आरकेएस) की नई कार्यकारिणी का गठन कर दिया गया है। स्वास्थ्य मंत्री इसके चेयरपर्सन होंगे, जबकि स्वास्थ्य सचिव वाइस चेयरमैन और मेडिकल कॉलेज के एमएस सदस्य सचिव होंगे। इस आशय की अधिसूचना स्पेशल सेक्रेटरी हेल्थ हिमाचल प्रदेश अश्वनी कुमार शर्मा ने जारी की है।

अधिसूचना के अनुसार विधायक अजय सोलंकी, नगर परिषद अध्यक्ष, उपायुक्त सिरमौर, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल, सीएमओ के साथ-साथ नागरिक सभा नाहन के अध्यक्ष दिग्विजय गुप्ता, सहयोग जनसेवा समिति के संजय चौहान, काउंसलर योगेश गुप्ता, राकेश कुमार गर्ग, मेडिकल कॉलेज फेकल्टी के अध्यक्ष, प्रशांत ठाकुर, बलकीश बेगम, पैरामेडिकल स्टाफ के अध्यक्ष, मिनिस्ट्रियल स्टाफ के अध्यक्ष, अधिवक्ता सुभाष शर्मा, लोक निर्माण, जलशक्ति और बिजली बोर्ड के अधीक्षण अभियंता, पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के प्रतिनिधि, मेडिकल कॉलेज के एसीएफ, विजय ठाकुर, आलोक परमार और वरिष्ठ पत्रकार शैलेश सैनी को सदस्य नियुक्त किया गया है। इसके साथ-साथ एग्जीक्यूटिव कमेटी का भी गठन किया है।

# 437 नन्हें वैज्ञानिकों को मिलेंगे 10-10 हजार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

**प्रदेश में इंस्पायर मानक अवॉर्ड के लिए हुआ चयन**

भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय और राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान-भारत की ओर से इंस्पायर अवॉर्ड मानक योजना के तहत हिमाचल प्रदेश के 437 छात्र-छात्राओं का चयन नवाचारों को चयनित करने के लिए किया गया है।

इंस्पायर मानक की स्टेट नोडल ऑफिसर व एससीईआरटी सोलन की असिस्टेंट प्रोफेसर रंजना कुमारी शर्मा ने बताया कि हिमाचल में वर्ष 2023-24 के दौरान ई-एमआईएएस के माध्यम से लगभग 7000 नामांकन प्राप्त हुए, जिसमें से 437 विद्यार्थियों का चयन इंस्पायर मानक अवॉर्ड के लिए हुआ है। प्रदेश के सभी चयनित विद्यार्थियों को 10-10 हजार की राशि मिलेगी, ताकि छात्र अपने आइडिया को मॉडल के रूप में प्रदर्शित कर सकें।

प्रो. शर्मा ने बताया कि मानक कम उम्र में प्रतिभाशाली स्कूली छात्रों को विज्ञान का अध्ययन करने और उनके बीच नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने के अलावा अनुसंधान करियर बनाने के लिए आकर्षित करने की एक अनूठी पहल है। यह योजना 10-15 वर्ष की आयु वर्ग के और कक्षा 6-10 में पढ़ने वाले स्कूली बच्चों के लिए है। इंस्पायर-मानक योजना हर साल देश भर के पांच लाख से अधिक मध्य और उच्च विद्यालयों से दस लाख विचारों को लक्षित करती है।

इस योजना के तहत देश भर के सभी मध्य और उच्च विद्यालय भाग लेने के लिए पात्र हैं। प्रत्येक वित्तीय वर्ष में पांच छात्रों का नामांकन ऑनलाइन मोड के माध्यम से प्रदान कर सकते हैं। ऑनलाइन प्राप्त नामांकनों की जांच छात्रों द्वारा दिए गए विचारों के आधार पर की जाती है और चयनित छात्र जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनियों और प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं। राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी और प्रतियोगिता (एनएलईपीसी) के प्रतिभागियों को देश के प्रमुख शैक्षणिक और तकनीकी संस्थानों में मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। शीर्ष 60 परियोजनाओं को राष्ट्रीय विजेता के रूप में पुरस्कृत किया जाता है। डीएसटी की एक स्वायत्त संस्था नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन इस योजना के तहत संसाधन भागीदार है।

उन्होंने बताया कि इन आवेदनों की राष्ट्रीय स्तर पर जांच की गई। राष्ट्रीय प्राधिकरण द्वारा 437 विचारों का चयन किया गया। इन 437 छात्रों को वर्ष 2023-24 के दौरान ई एमआईएएस पोर्टल पर उनके द्वारा प्रस्तुत विचार/परियोजना का प्रोटोटाइप तैयार करने के लिए प्रत्येक को 10,000 रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। जल्द ही आयोजित होने वाली जिला स्तरीय प्रदर्शनी एवं परियोजना प्रतियोगिता (डीएलपीसी) में भाग लेंगे।

### छात्रों ने नशावृत्ति के खिलाफ चलाया कैंपेन



नशे के खिलाफ पोस्टर लेकर लोगों को जागरूक करते विद्यार्थी।

**सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सराहां की एंटी ड्रग इकाई ने समाज में बढ़ती नशावृत्ति के खिलाफ एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। उपरोक्त विषय पर विद्यार्थियों के ज्ञान का आकलन करने हेतु पोस्टर मेकिंग एवं नारा लेखन जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम की शुरुआत में इकाई प्रभारी प्रोफेसर सुदेश तोमर ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के उपायों के बारे में बताया। इसके उपरांत महाविद्यालय के राजनीति शास्त्र के आचार्य दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों को समाज से नशा उन्मूलन करने के लिए विस्तृत जानकारी मुहैया कराई। इस उपलक्ष पर प्रोफेसर मोल्लम डोलमा, प्रो. कृष्ण कुमार, प्रो. रीमा शर्मा एवं प्रो. प्रियंका सराओ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अधिकारी ने आचार्य दिनेश कुमार का धन्यवाद किया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### शास्त्री एवं भाषा अध्यापकों की काउंसलिंग 26 से

**सोलन।** प्रारंभिक शिक्षा विभाग जिला सोलन के माध्यम से शास्त्री अध्यापक के 10 व भाषा अध्यापक के चार पदों के लिए (भूतपूर्व सैनिकों के आश्रितों) अनुबंध आधार पर बैचवाइज भर्ती की जानी है। यह जानकारी उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा सोलन डॉ. शिव कुमार ने दी। डा. कुमार ने कहा कि शास्त्री अध्यापक के 10 पदों के लिए काउंसलिंग 26 फरवरी तथा भाषा अध्यापक के चार पदों के लिए काउंसलिंग 27 फरवरी को उपनिदेशक प्रारम्भिक शिक्षा सोलन के कार्यालय में प्रातः 11 बजे आयोजित होगी। उपनिदेशक ने कहा कि भूतपूर्व सैनिकों के आश्रितों के लिए शास्त्री अध्यापक के 10 पदों में से छह पद अनारक्षित, दो पद अनुसूचित जाति, एक पद अन्य पिछड़ा वर्ग तथा एक पद अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित है। उन्होंने कहा कि शास्त्री अध्यापक और भाषा अध्यापक पद के लिए 31 दिसंबर, 2023 तक के उत्तीर्ण बैच को काउंसलिंग के लिए बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि भूतपूर्व सैनिकों के आश्रितों के लिए भाषा अध्यापक के चार पदों में से दो पद अनारक्षित, एक पद अनुसूचित जाति तथा एक पद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित है। इन नियमों की प्रतियां हिमाचल प्रदेश प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

### श्री पातालेश्वर मंदिर समिति की बैठक 25 को

**पांवटा साहिब।** ऐतिहासिक व प्राचीन शिव मंदिर श्री पातालेश्वर महादेव मंदिर में शिवरात्रि का महापर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। श्री पातालेश्वर महादेव मंदिर समिती के प्रधान दाता राम ने बताया कि शिवरात्री की तैयारी के लिए 25 फरवरी को मंदिर समिति की बैठक रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि मंदिर में बड़ा शैड बन रहा है, साथ ही हवन कुंड को भी और बड़ा कर उसका पुनर्निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही मंदिर के मुख्य द्वार का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। मंदिर निर्माण कार्य में कई श्रद्धालुओं द्वारा सहयोग राशि दी गई है। नौ फरवरी को दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान लक्ष्मी चंद अत्री, आरपी तिवारी, विनय गोयल, गुरचरण सिंह और प्रवेश चौहान मौजूद रहे।

## प्रधान खाली पड़ी जमीन पर अपने खर्चे पर लगवा रहे पेवर ब्लॉक



पेवर ब्लॉक लगाने के दौरान काम का निरीक्षण करते प्रधान पंकज गर्ग

**अनंत ज्ञान, रेणुका जी**

ददाहू पंचायत के प्रधान पंकज गर्ग ने अपनी दुकान के आगे सड़क के किनारे खाली पड़ी जमीन पर अपने खर्चे पर पेवर ब्लॉक लगाने का निर्णय लिया है।

यह टाइल्स लगभग 1600 स्क्वायर फीट एरिया में लगाई जाएगी। इस पर लगभग डेढ़ लाख रुपए से अधिक का खर्चा आएगा। पंकज गर्ग ने बताया कि उन्होंने यह वर्क इसलिए करवाया है, ताकि खाली पड़े क्षेत्र में गंदगी न फैल सके। उन्होंने अन्य व्यापारियों से भी आग्रह किया है कि वे दुकानों के आगे सड़क किनारे खाली पड़ी जमीन पर अपने खर्चे पर ब्लॉक लगवाएं।

## ढेरोवाल में बंद पड़े उद्योग में आग दमकल ने बचाया लाखों का स्क्रैप

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़ के ढेरोवाल स्थित एक बंद पड़े उद्योग में आग लगने का मामला सामने आया है। सूचना मिलते ही फायर डिपार्टमेंट की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने कुछ ही समय में आग पर काबू पा लिया। जानकारी के अनुसार दमकल विभाग नालागढ़ को मंगलवार शाम सूचना मिली कि एक बंद पड़ी कंपनी में कबाड़ में आग लगी है।

सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। मिली जानकारी के अनुसार पंखे की बंद कंपनी से स्क्रैप उठाया जा रहा था, तो अचानक कबाड़ में आग लग गई, जिस पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग की मदद लेनी पड़ी। इस घटना में पांच हजार के करीब नुकसान व पांच लाख रुपए की संपत्ति को आग की भेंट चढ़ने से बचाया गया।

फायर ऑफिसर नालागढ़ जयपाल सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची थी और आग पर काबू पा लिया गया था। उन्होंने बताया कि कंपनी काफी समय से बंद थी, जहां अचानक आग लग गई। उन्होंने बताया कि टीम ने मौके पर आग पर काबू पाते हुए संपत्ति को जलने से बचाया।

### राष्ट्रीय वॉलीबाल के लिए अभिनव सिलेक्ट



**पांवटा साहिब।** पंचायत बनौर निवासी और दुग्गल करिअर पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के छात्र अभिनव ठाकुर का चयन राष्ट्रीय वॉलीबाल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। अभिनव ठाकुर के चयन से स्कूल में खुशी का माहौल है।

प्रधानाचार्य नरेंद्र कौशल ने कहा कि स्कूल के लिए यह गर्व की बात है। स्कूल में छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभिनव का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन रहा है।

## पंचायतीराज संस्थाओं के उपचुनाव 25 को

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिले में पंचायतीराज संस्थाओं में रिक्त पदों के लिए उपचुनाव 25 फरवरी को प्रात: आठ से सायं चार बजे तक होंगे। विकास खंड पांवटा साहिब की पीपलीवाला पंचायत में प्रधान पद के लिए तथा विकास खंड नाहन की वर्मा पापड़ी पंचायत में वार्ड सदस्य पद के लिए उपचुनाव की अधिसूचना जारी की गई है।



उपचुनाव के संबंध में आदेश जारी करते हुए जिला दंडाधिकारी सुमित खिमटा ने पांवटा साहिब की पीपलीवाला पंचायत तथा विकास खंड नाहन की बर्मा पापड़ी पंचायत की सीमाओं के भीतर धारा 144 लगाई गई है। चुनाव के दौरान इन सीमाओं के भीतर कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का आग्नेय शस्त्र अथवा घातक हथियार लेकर नहीं चलेगा। यह आदेश सार्वजनकि सुरक्षा एवं शांति बनाए रखने के उद्देश्य से जारी किए गए हैं और कानून व्यवस्था बनाए रखने वाले सुरक्षा बलों पर लागू नहीं होंगे।

आदेश के अनुसार जिला की इन दोनों पंचायतों में कोई भी स्पिरिटयुक्त, किण्वित या मादक शराब अथवा इस प्रकृति के अन्य पदार्थ मतदान क्षेत्र के भीतर मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय के समाप्त होने वाली 48 घंटे की अवधि के दौरान मतगणना संपन्न होने तक किसी होटल, खानपान घर, पाकशाला, दुकान या किसी अन्य सार्वजनिक या निजी स्थान में बेचने, परोसने या वितरित करने की अनुमति नहीं होगी। उपचुनाव के लिए संवेदनशील व समान्य मतदान केंद्रों की अधिसूचना भी जारी की गई है।

अधिसूचना के अनुसार पांवटा साहिब की पिपलीवाला पंचायत के सभी नौ वार्डों के मतदान केंद्र राजकीय प्राथमिक पाठशाला किरतपुर, राजकीय प्राथमिक पाठशाला भगवानपुर, राजकीय प्राथमिक पाठशाला पीपलीवाला, राजकीय कन्या माध्यमिक पाठशाला तथा राजकीय प्राथमिक पाठशाला जोहड़ों को संवेदनशील मतदान केंद्र बनाया गया है। नाहन की बर्मा पापड़ी पंचायत का वार्ड नंबर पांच राजकीय माध्यमिक पाठशाला कंडईवाला सामान्य मतदान केंद्र होगा।

### मतदाताओं को मतदान करने के लिए करेंगे प्रेरित



बैठक की अध्यक्षता करते जिला निर्वाचन अधिकारी मनमोहन शर्मा।

**सोलन।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के की तैयारियों को देखते हुए मंगलवार को जिला स्तरीय सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप) कोर समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने की। इस बैठक में शर्मा ने कहा कि सोलन जिले के अधिक से अधिक मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनावों में मतदान का प्रयोग करने के लिए स्वीप की विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया जाएगा। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि हिमाचल प्रदेश के 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके किंतु अन्य राज्यों में रह रहे युवाओं के फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र बनाने के लिए उनके अभिभावकों को घर-घर जाकर जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार शत-प्रतिशत युवाओं का पहचान पत्र बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्वीप के माध्यम से जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में ऐसे स्थानों पर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने पर बल दिया जाएगा, जहां गत विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत कम रहा है। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय कुमार यादव, अतिरिक्त आयुक्त नगर निगम सोलन एवं स्वीप की नोडल अधिकारी प्रियंका चंद्रा, उपनिदेशक उच्च शिक्षा डॉ. जगदीश नेगी, आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के संवाददाता लक्ष्मी दत्त शर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

**सफलता** एक ही रात में दो मंदिरों में दिया था चोरी की घटनाओं को अंजाम

# नालागढ़ के मंदिरों में चोरी करने वाला आरोपी काबू

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़ एरिया में मंदिरों में चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान नालागढ़ के गोल जमाला गांव निवासी सिरदूल सिकंदर उर्फ निंदी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।



मंदिरों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले पुलिस की गिरफ्त में।

नालागढ़ के डीएसपी फिरोज खान ने तुरंत एक्शन कर आरोपी को मात्र 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार सोमवार देर रात दो अलग-अलग मंदिरों में एक के बाद एक चोरी की घटना हुई थी, जब मंदिर के सेवक रोजाना की तरह सुबह मंदिर खोलने आए तो पता लगा कि मंदिर में चोरी हुई है। इसकी सूचना उन्होंने थाना नालागढ़ को दी।

चोर ने नालागढ़ के बर्फानी चौक मंदिर व चौकीवाला में काली माता मंदिर के ताले तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। शातिर ने मंदिर के दानपात्र से पैसा व अन्य सामान चोरी किया। इसके बाद डीएसपी नालागढ़ फिरोज खान ने खुद मामले की तफ्तीश शुरू की और आसपास के सीसीटीवी खंगाले और मात्र कुछ ही घंटों में चोरी का आरोपी गिरफ्तार किया। अब पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है ताकि एरिया में हुई अन्य घटनाओं के बारे में तथ्य जुटाए जा सकें। डीएसपी फिरोज खान ने बताया कि पुलिस ने घटनाओं को रोकने के लिए ठोस प्लान तैयार किया है। इसमें रात्रि गश्त के साथ-साथ कई अन्य कदम उठाएं जाएंगे, ताकि घटनाओं को पहले ही रोका जा सके। एएसपी बद्दी अशोक वर्मा ने भी मंदिरों में चोरी के आरोपी को पकड़े जाने की पुष्टि की है।

### लवासा चौकी-जामुन की सेर-ढंगयार सड़क खस्ताहाल

**राजगढ़।** जिला सिरमौर के ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों की हालत दिन-प्रतिदिन खस्ताहाल होती जा रही है। वहीं, हिमाचल निर्माता एवं प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री डॉ. वाईएस परमार के गृह क्षेत्र पच्छाद उपमंडल के घिनीघाड़ क्षेत्र की लाइफ लाइन कही जाने वाली लवासा चौकी-जामुन की सेर-ढंगयार सड़क इन दिनों खस्ताहाल में पहुंच चुकी है। सड़क की हालत ऐसी है कि सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क, यह वाहन चालकों को समझ नहीं आ रहा है। रोही से लेकर जामुन की सैर तक सड़क की हालत बद से बदतर हो चुकी है। इस पर दोपहिया वाहन चालक कई बार स्किड होकर गिर भी चुके हैं। वहीं, लोक निर्माण विभाग इन गड्ढों पर कई वर्षों से पेचवर्क भी नहीं कर रहा है। आलम यह है कि कभी-कभी इन गड्ढों को मिट्टी और पत्थर से भर दिया जाता है। रोही घाट से लेकर जामुन की सैर तक पांच किलोमीटर सड़क ऐसी हो गई है, मानो जैसे दर्शकों से पक्की ही नहीं हुई है। पेचवर्क लगाने के लिए लोक निर्माण विभाग के पास तारकोल भी नहीं है। इस सड़क पर क्षेत्र की 10 पंचायतों के हजारों लोग आवागमन करते हैं। उधर, इस संदर्भ में लोक निर्माण विभाग पच्छाद के अधिशाषी अभियंता दिलीप कौंडल ने बताया कि जल्द ही मौसम साफ होने पर पैच वर्क का कार्य शुरू किया जाएगा। वहीं, विधायक प्राथमिकता में इस सड़क को नाबार्ड के तहत प्राधिकृत किया गया है, जिसकी डीपीआर विभाग द्वारा तैयार करवाई जा रही है।

# नगर पंचायत बैजनाथ-पपरोला की अध्यक्ष कांता देवी को गंवानी पड़ी कुर्सी

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

नगर पंचायत बैजनाथ पपरोला के अध्यक्ष उपाध्यक्ष को अविश्वास प्रस्ताव बाद अपनी कुर्सी से हटना पड़ा। नगर पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष का फैसला आज हो गया। जब उपमंडल अधिकारी नागरिक देवी सिंह ठाकुर के समक्ष कुल 11 पार्षदों में से छह पार्षद जिन्होंने जिलाधीश कांगड़ा के पास अध्यक्ष उपाध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था।

वहीं, फ्लोर टेस्ट के माध्यम से भी छह पार्षद मौजूद नगर पंचायत अध्यक्ष कांता देवी, उपाध्यक्ष बेदना कुमारी के विरुद्ध खड़े रहे। इसके चलते उन्हें अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी। मंगलवार को जिलाधीश कांगड़ा के आदेशानुसार एसडीएम देवी सिंह ठाकुर ने सभी 11 पार्षदों को फ्लोर टेस्ट के लिए बुलाया था। सभी 11 पार्षद नगर पंचायत के कार्यालय में मौजूद रहे। इनमें छह पार्षद अमित कपूर, रितु, अनिता सूद, राजन चौधरी, राजेश कलेडी, आशा भाटिया ने एक जुटता दिखाते हुए अध्यक्ष कांता देवी उपाध्यक्ष बेदना के विरोध में खड़े हुए। जबकि अध्यक्ष उपाध्यक्ष के साथ पांच पार्षद रहे। इसके चलते एसडीएम देवी सिंह ठाकुर ने कहा कि इस बारे वह जिलाधीश कांगड़ा को लिखित में अपनी रिपोर्ट भेज देंगे। उनके आदेशों के बाद बैजनाथ पपरोला नगर पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष के चुनाव की तिथि निर्धारित होगी उसी के अनुरूप अगले चुनाव होंगे।

नगर पंचायत का अध्यक्ष पद अनुसूचित महिला के लिए आरक्षित है। अब आने वाले समय में रितु या फिर आशा भाटिया में से एक अध्यक्ष पद पर आसीन होंगी।

वहीं उपाध्यक्ष पद पर राजेश कलेडी, राजन चौधरी, अनिता सूद में से एक इस पद पर आसीन होगा। ऐसे समीकरण बनते नजर आ रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## पठानकोट-मंडी फोरलेन काम को लेकर भेड़ खड्ड के ग्रामीणों में रोष, डंप की हुई मिट्टी से भी परेशान लोग

# दमा-खांसी की बीमारियां बढ़ा रहा फोरलेन का काम

**अनिल छांगू, जवाली**

पठानकोट-मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग फोरलेन के अनुभव भेड़ खड्ड से 32 मील का कार्य निष्पादन कर रही कंपनी भारत कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड ने अपनी दादागिरी के चलते के क्षेत्र के हजारों लोगों का जीना हराम कर दिया है। सैकड़ों नौनिहाल प्राइमरी से जमा दो तक शिक्षा ग्रहण करने के लिए निकलते हैं। वह भी धूल मिट्टी तथा खड्डों से तो अजीज हैं पर पुलिया निर्माण को लेकर जो लापरवाही बरती जा रही है। वह कभी भी बड़े हादसे को न्योता दे सकती है।

पीड़ित भेड़ खड्ड निवासी बुद्धि सिंह व निर्मल सिंह ने क्षेत्र की व्यथा सुनाते हुए कहा कि निर्माण में भारी अनियमिताएं बरती जा रही हैं। तथा अंतरराष्ट्रीय मानकों को नजरअंदाज कर निम्न स्तर का कार्य किया जा रहा है। निर्मल सिंह ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में लगी भारत कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में नियमों को दरकिनार कर भेड़ खड्ड के किनारे सरकारी भू-भाग पर निर्माण से निकली मिट्टी को अनाधिकृत रूप से डंप कर दिया है। इससे भेड़ खड्ड का कुदरती जल बहाव रुकने से और खड्ड का (रिवर कोर्स) कुदरती जल बहाव दूसरी तरफ मुड़ जाने से एक तो भारी भूमि कटाव होगा और मानव निर्मित बाढ़ (त्रासदी) को न्योता दिया गया लगता है। कोई सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम न किए जाना कंपनी की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े करती है। (अनंत ज्ञान)



सड़क किनारे लगे मिट्टी के ढेर।



### भेड़ खड्ड के बीच लगे मिट्टी के ढेरों को हटाया जाए

**इस** प्रकार पर्यावरण की धज्जियां उड़ाते हुए और क्षेत्र को प्रदूषित करते हुए कंपनी सैकड़ो बच्चों महिलाओं बुजुर्गों की जिंदगियां को लाइलाज बीमारियों की ओर धकेल रही हैं। उदाहरण के तौर पर दमा, खांसी, अस्थमा, सांस की बीमारियां आम होती जा रही हैं। स्थानीय निवासी देशराज, चमन, करनैल, राज सिंह, जैसो राम, बुद्धि सिंह और निर्मल सिंह आदि ने भारत कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से मांग की है कि भेड़ खड्ड के बीच लगे मिट्टी के ढेरों को हटाया जाए। और खडड के किनारे डंगे लगाई जाए।

### नहीं किया कोई डंप

**इस** बारे में भारत कंट्रक्शन कंपनी के महाप्रबंधक राजेश नायर से बात करने पर कहा कि हमने कोई मिट्टी या डंप भेड़ खड्ड में नहीं किया है। लोग पता नहीं किसके बारे में बोल रहे हैं।

### पहले ही लगा है जुर्माना

**प्रदूषण** नियंत्रण बोर्ड के एक्सपर्ट वरुण गुप्ता से बात करने पर उन्होंने कहा कि प्रदूषण फैलाने पर विभाग फोरलेन का कार्य कर रही भारत कंस्ट्रक्शन कंपनी को पहले ही जुर्माना लगा चुका है। और अब भी गलत कर रहे हैं तो एसडीएम ज्वाली से बात करो।

### होगी सख्त कार्रवाई

**उपमंडल** अधिकारी जवाली विचित्र सिंह से बात करने पर कहा कि शिकायत मिलने पर प्रशासन सख्त कार्रवाई करेंगे। और गलत पाए जाने पर नियम अनुसार कार्रवाई कर दंडित किया जाएगा।

## सिंगापुर में एक्सपोजर विजिट करेंगे डॉ. अक्षय

**नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां से संबंध रखने वाले डॉक्टर अक्षय कुमार जो कि वर्तमान में नगरोटा बगवां विद्यालय (छात्र) में अंग्रेजी प्रवक्ता के पद पर कार्य करते है का चयन सिंगापुर एक्सपोजर विजिट के लिए हुआ है। वर्तमान हिमाचल सरकार द्वारा प्रदेश में पहली बार अध्यापकों को देश से बाहर अध्यापन की तकनीके सीखने के लिए भेजा जाएगा। इसके लिए 104 अध्यापकों का चयन मेरिट के आधार पर किया गया है। 22 फरवरी को माननीय मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू शिमला के पीटर हॉफ में इन अध्यापकों को संबोधित करेंगे और अपनी शुभकामनाएं देंगे। 24 से 29 फरवरी तक अध्यापक सिंगापुर के विभिन्न विद्यालयों में अध्यापन की अलग-अलग तकनीक को सीखेंगे और वापस हिमाचल आकर प्रदेश के विद्यालयों में इन तकनीकों को अपनाएंगे और बाकी अध्यापकों को भी इस से अवगत करवाएंगे। डॉ. अक्षय कुमार ने सरकार के इस कदम को सराहनीय बताया है।

## न्यूज ब्रीफ

### सिद्धबाड़ी-योल में 22 को बंद रहेगी बिजली

**धर्मशाला।** विद्युत उपकेंद्र सिद्धपुर के तहत 22 फरवरी को विद्युत लाइनों के रखरखाव तथा मरम्मत कार्य के चलते सिद्धबाड़ी, योल, योल बाजार, नरवाना, फतेहपुर, बागणी, रक्कड़, स्लेट गोदाम, बक्षी बनोरडू, तपोवन, झियोल, बरवाला आदि क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रातः दस बजे से दोपहर तीन बजे तक बाधित रहेगी। विद्युत बोर्ड के सहायक अभियंता कर्म चंद भारती ने बताया कि सिद्धपुर, होडल, घुरलु, सुक्कड़, रक्कड़, खनियारा, स्लेट गोदाम, मोहली, तपोवन, थातरी, खरोता क्षेत्र में आंशिक तौर पर विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### किले वाली माता मंदिर में गूंजे भजन-कीर्तन

**शाहपुरकंडी।** शाहपुरकंडी स्थित किले वाली माता मंदिर कमेटी की ओर से मंगलवार को मंदिर प्रांगण में कमेटी के अध्यक्ष संजीव महाजन की देखरेख में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें इंटक यूनियन के जिला अध्यक्ष ज्ञान चंद लुंबा, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष पम्मी पठनिया, युवा नेता व समाज सेवक अश्वनी लुंबा, सुलक्षणा लुंबा,गरिमा, सवरांजल लुंबा विशेष रूप से शामिल हुए। इस मौके पर सुबह मंदिर प्रांगण में हवन यज्ञ करवाया गया। इसमें उपस्थित समूह संगतों की ओर से श्रद्धा पूर्ण आहुति डालकर विश्व मंगल की कामना की गई उसके उपरांत मात्रीमंडल की महिलाओं की ओर से मां किले वाली माता का गुणगान किया गया।

### ऑनलाइन बिल जमा न होने से उपभोक्ता परेशान

**ज्वालामुखी।** ऑनलाइन बिजली बिल जमा नहीं हो पाने से ज्वालामुखी में उपभोक्ताओं को खासी परेशानी हो रही है। उपभोक्ता बिल जमा करने के लिए काउंटर पर जा रहे हैं तो वहां भी सर्वर की समस्या हो रही है। इस वजह से बहुत कम उपभोक्ताओं ने बिल जमा किया है। इससे जहां बिजली बोर्ड को राजस्व की प्राप्ति नहीं हो रही है। वहीं, उपभोक्ताओं को समय से बिल नहीं जमा कर पाने पर जुर्माने का भय सता रहा है। पिछले कुछ दिनों से यह समस्या चल रही है और कोई भी ऑनलाइन प्रक्रिया से बिल जमा नही हो रहे हैं। वहीं, विद्युत बोर्ड ज्वालामुखी सहायक अभियंता अमर चंद ने बताया कि इस माह सर्वर की खामी से लोग ऑनलाइन बिजली बिल जमा नही कर पा रहे हैं। यह समस्या हेड ऑफिस शिमला से आ रही है। उन्होंने बताया कि इसके लिए उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया गया है जल्द ही समस्या का समाधान होगा।

### प्रवासी श्रमिकों को राशन कार्ड बनाने के निर्देश

**धर्मशाला।** उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत उन सभी प्रवासी श्रमिकों को राशन कार्ड बनाने के निर्देश खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को दिए हैं जो अभी तक राशन कार्ड से वंचित हैं, ताकि इन श्रमिकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से मुफ्त राशन उपलब्ध करवाया जा सके। उन्होंने बताया कि ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत जिला कांगड़ा के श्रमिकों का डाटा श्रम एवं रोजगार विभाग द्वारा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद इनके राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया आरंभ की जाएगी। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्रों में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के निरीक्षक राशन कार्ड बनाएंगे, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत सचिवों पर यह जिम्मेदारी रहेगी। जिला नियंत्रक पुरूषोत्तम ने बताया कि राशन कार्ड के लिए आवेदन के साथ ही श्रमिक कार्ड की प्रति, आधार कार्ड की प्रति और यदि कोई पारिवारिक सदस्य हो तो उनका ब्यौरा देना होगा।

# थुरल कॉलेज के छात्रों ने जाने ट्रैफिक नियम

## पुलिस चौकी प्रभारी विक्रम सिंह ने स्टूडेंट्स को किया जागरूक

**राकेश डोगरा, डरोह**

महाराजा संसार चंद राजकीय कालेज थुरल में रोड सेफ्टी क्लब द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता व क्विज प्रतियोगिता करवाई गई।

पुलिस विभाग द्वारा रोड सेफ्टी व ड्रग्स एडिक्शन तथा साइबर अपराध पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इसमें पुलिस चौकी प्रभारी विक्रम सिंह तथा पुलिस कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्यातिथि प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल ने बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया, साथ ही रोड सेफ्टी के तहत रोड एजुकेशन तथा रोड जागरूकता पर चलने को बताया। इस अवसर पर प्रो.कमल कुमार, डॉ. संजीव कुमार, प्रो. लेखराज नेगी, डॉ. शिशुपाल, प्रो. पवन राणा, प्रो. रवि पालसरा, डॉ. विशाल वालिया, प्रो. नविता, प्रो. प्रेमलता, प्रो. कुशल, प्रो. अजय आदि उपस्थित रहे। भाषण प्रतियोगिता में इशिका प्रथम, पलक द्वितीय तथा सुजाता ने तृतीय स्थान हासिल किया। (अनंत ज्ञान)



रोड सेफ्टी कार्यक्रम में भाग लेते छात्र व पुलिस के जवान।

## प्लास्टिक हटाओ धरती को बचाओ

**गगल।** जागोरी संस्था द्वारा उमड़ते सौ करोड़ अभियान का आयोजन मझेड़ा लदवाड़ा पंचायत में किया गया। यह अभियान हर वर्ष न केवल भारत में बल्कि दुनिया के अलग अलग देशों में भी मनाया जाता है और इस वर्ष ये लगभग 107 देशों में मनाया जा रहा है। जगोरी संस्था की वरिष्ठ प्रवक्ता चंद्रकांता व सोनिका ने बताया कि इस अभियान को धरती पर्यावरण से जोड़े हुए लोगों को ये संदेश दिया गया कि जिस तरह लगातार महिलाओं के साथ हिंसा हो रही है उसी तरह हम अपनी धरती के साथ भी हिंसा कर रहे हैं। लगातार हम अपनी धरती में इतना जहर डाल रहे हैं कि वे बिलकुल जहरीली हो गई है। साथ ही प्लास्टिक का इस्तेमाल हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में बढ़ता जा रहा है और इस प्लास्टिक के बीज तले धरती दब रही है। इन सब के इस्तेमाल से इन्सान ,पशु, पक्षी, जल,जंगल और हमारी जमीन बीमार होती जा रही है। अगर हमें शुद्ध खाना, हवा, पानी चाहिए तो यह बहूत जरूरी है कि हम प्लास्टिक का इस्तेमाल कम से कम करें और अधिक से अधिक पौधारोपण करें।

# विभिन्न मांगों को लेकर जिलाधीश कार्यालय पहुंची रजोल की महिलाएं

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

विकास खंड रैत के अंतर्गत पंचायत रजोल की महिलाएं अपनी पंचायत की विभिन्न मांगों को लेकर जिलाधीश कांगड़ा से मिलीं। महिलाओं ने जिलाधीश कांगड़ा को पंचायत में सोलर लाइटों और संपर्क मार्गों में टाइलें लगवाने के लिए धनराशि स्वीकृत करने का आग्रह किया।

महिलाओं ने मांग पत्र के साथ पंचायत प्रस्ताव की प्रतिलिपि भी जिलाधीश कांगड़ा को सौंपी। महिलाओं ने बताया कि पंचायत की चैधरी बस्ती में सात सोलर लाइटों की बेहद आवश्यकता है। शाम और रात के समय लोगों को आने जाने के लिए कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त धीमान वस्ती से छटवान वस्ती वार्ड-दो मार्ग में टाइलें लगाने की आवश्यकता है, यह मार्ग बेहद खस्ताहाल है। रजोल पंचायत ने बावत प्रस्ताव पारित किया है कि इस कार्य के लिए, करीब तीन लाख रुपए खर्च आएगा। साथ ही लिंक रोड अशोक की जमीन से सिद्ध बाबा मंदिर मार्ग भी टूटा हुआ है। इसके लिए इस रास्ते को भी पक्का किया जाना आवश्यक है। रजोल पंचायत ने इस विकास कार्य के लिए भी तीन लाख रुपए जिलाधीश कांगड़ा से स्वीकृत करने का प्रस्ताव रखा है।

जिलाधीश कांगड़ा हेम राज बैरवा ने महिलाओं की मांगों को विस्तारपूर्वक सुनते हुए मांगों पर जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। जिलाधीश कांगड़ा से मिली महिलाओं में सोमा देवी और चैनिका देवी सहित विभिन्न महिलाओं शामिल रहीं। बहरहाल, विकास खंड रैत के अंतर्गत पंचायत रजोल की महिलाएं अपनी पंचायत की विभिन्न मांगों को लेकर जिलाधीश कांगड़ा से मिलीं।

## सद्गुरु कबीर साहेब का 506वां परिनिर्वाण दिवस मनाया

**डरोह।** उपमंडल धीरा के अंतर्गत सद्गुरु कबीर साहेब आश्रम भेडू नजदीक न्यूगल पुल नागनी में सद्गुरु कबीर साहेब का 506वां परिनिर्वाण दिवस मंगलवार को आचार्य सत्यस्वरूप साहेब की अध्यक्षता में मनाया गया। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर भजन प्रस्तुतियां दी गई। आचार्य ने अपने मधुर वचनों से संगत को निहाल कर दिया। उन्होंने कहा कि हम सबको गुरु जी के उपदेशों पर चलना चाहिए। आगे उन्होंने कहा कि कबीर साहेब किसी जाति-धर्म को नहीं मानते थे। उनका कहना था कि ईश्वर कहीं बाहर मंदिर-मस्जिद में नहीं है,वह तो हमारे दिलों में है। बस जरूरत है उन्हें सच्चे मन से खोजने की। वे कहते थे कि हम सब एक ही ईश्वर की संतान हैं, तो फिर ऊंच-नीच का भेदभाव क्यों। इस दौरान संगत के लिए लंगर का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर हिमाचल प्रदेश सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय सिंह चौहान भी मौजूद रहे।

## महिलाओं के अधिकारों को लेकर की चर्चा

**गरली।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में महिला संस्कृत अध्ययन केंद्र द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महिला सुरक्षा एवं अधिकार पर आयोजित किए गए इस सेमिनार के समापन सत्र में मुख्यवक्ता के रूप में सहायक आयुक्त (असिस्टेंट कमिश्नर) एवं तहसीलदार ओशिन शर्मा ने शिरकत की। अपने वक्तव्य के दौरान उन्होंने महिलाओं के अधिकारों को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आज भारतीय महिलाएं घर से निकले पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश के इकोनॉमी( अर्थव्यवस्था) में अपना सहयोग दें। वहीं ओशिन शर्मा ने कहा कि आज हम महिलाएं लोकसभा एवं विधानसभा में भी प्रतिनिधित्व करें। उन्होंने विशेष तौर पर छात्राओं से आह्वान किया कि वे खुद को इतना सशक्त एवं सक्षम बनाएं कि भविष्य में वे विधान सभा, लोकसभा एवं राज्य सभा में सदस्य के रूप में विराजमान हों ।

# जयसिंहपुर में इंडोर स्टेडियम की मंजूरी देने के लिए सीएम सुक्खू को कहा थैंक्स

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी**

जयसिंहपुर विधायक व कैबनेट मंत्री यादविंद्र गोमा ने अपनी विधानसभा में विकास कार्यों को लेकर जो घोषणाएं की थी वो धरातल पर दिखना शुरू हो गई है। चुनावों में गोमा ने जो भी लोगों से वादे किए थे चरणबद्ध तरीके से उन सब कार्यों को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। ये बात जयसिंहपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत ढड़वाल ने कहे। उन्होंने कहा कि विधानसभा में स्वास्थ्य सुविधाओं, सड़क सुधार व शिक्षा सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।



जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनिंदा स्थानों पर हाई मास्क लाइटें लगाई जा रही हैं। खेलों को बढ़ावा देने के लिए अभी कुछ दिन पहले ही गोमा ने जयसिंहपुर में इंडोर स्टेडियम खोलने की घोषणा की थी ओर अब इसको बनाने की मंजूरी भी मिल गई है। इसके लिए खेल मंत्री यादविंद्र गोमा बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि अपने व्यस्त शेड्यूल के चलते जब भी समय मिलता है गोमा अपनी विधानसभा के हर क्षेत्र में जा कर लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। अध्यक्ष ने कहा कि सरकार ने आम जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए बजट पेश किया है। इसमे प्रदेश में फैल रहे नशे को रोकने के लिए युवाओं को खेलों से जोड़ा जा रहा है। पहली बार खिलाड़ियों के लिए बिशेष बजट का प्रावधान किया है। प्रदेश में इंडोर स्टेडियम बनाने की मंजूरी देकर मुख्यमंत्री ने युवाओं का दिल जीत लिया है। जसवंत ढड़वाल ने 2024-2025 के बजट में जयसिंहपुर में बहु-उद्देश्यीय इंडोर स्टेडियम का निर्माण एवं पॉलिटेक्निक कॉलेज तलबाड़ में कंप्यूटर इंजीनियरिंग डिप्लोमा व आईओटी डिप्लोमा शुरू करवाने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया।

AMARKANTA PUBLIC SCHOOL
Recognition Code 1495
Jadiyala, P.O. Jandpur, Teh. Baijnath, Distt. Kangra (H.P.)
REQUIREMENT
TGT Arts (TET) | TGT N/M (TET) | TGT Med. (TET)
L.T. (TET) | J.B.T. (TET) | TGT Arts (TET)
CONTACT : 7018952605, 7018581108

Notice inviting E-Tender (short term)
OFFICE OF THE ASSISTANT RETURNING OFFICER-CUM-(SDM)20-Baijnath (SC) AC

Online E-tenders /Quotations for Tent and Videography (both separate tenders) are hereby invited from the reputed firms on www.hptenders.gov.in for the items (1. Tent and 2. Videography) to be used in Lok Sabha election 2024 in respect of 20-Baijnath (SC) AC. last date of submission of e-tender / Quotations is 28/02/2024 upto 11.00 A.M.. This e-tender / Quotations will be opened on the 29/02/2024 at 11.00A.M.

-Sd-
Assistant Returning Officer-CUM-(SDM)

# दुकानदार पॉलीथिन व थर्मोकोल का प्रयोग न करें : सविता ठाकुर



**बैजनाथ।** खाद्य आपूर्ति विभाग की अतिरिक्त आयुक्त सविता ठाकुर ने खाद्य सामग्री से संबंधित व्यापार करने वालों को आह्वान किया कि वे विभाग द्वारा बनाए गए नियमों का पालन करें। वह आज व्यापार मंडल बैजनाथ द्वारा चामुंडा हाल में ग्राहक जागरूकता कार्यक्रम में बोल रही थी। उन्होंने कहा कि समोसे, पकौड़े और तलाई के अन्य पदार्थ बनाने वाले दुकानदारों से आग्रह किया कि वह बार-बार उसी तेल को उपयोग न करें। उन्होंने कहा कि सभी दुकानदार विभाग द्वारा बताए गए लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन और अन्य संबंध दस्तावेज सहित दुकान पर काम करने वाले कारीगरों का भी समय-समय पर मेडिकल करवाएं। उन्होंने दुकानदारों का आह्वान किया कि वे ग्राहकों को साफ-सुथरे खाद्य पदार्थ बेचे जो वे स्वयं भी खा सकें। उन्होंने दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे किसी भी सूरत में पॉलीथिन, थर्मोकोल या फिर अखबार के कागज का प्रयोग कतई न करें। यह सेहत के लिए काफी घातक सिद्ध हो सकता है। अतिरिक्त आयुक्त ने बाहरी राज्यों से आने वाले पनीर, दही, दूध और अन्य दुग्ध उत्पाद की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर ही सामान बेचने को कहा है अन्यथा उनके खिलाफ जल्द ही उच्च स्तरीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि बाहरी राज्यों से आने वाले दुग्ध पदार्थों पर विभाग पेनी नजर बनाए हुए हैं और शीघ्र ही इस बारे कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर उनके साथ खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुगंधी, को-ऑर्डिनेटर रवि शर्मा, व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनोज कपूर, शैलेंद्र टंडन सहित भारी संख्या में अन्य स्थानीय दुकानदार उपस्थित थे।

## कृषि सेवा सहकारी सभा कस्बा स्यूल के चुनाव 27 को

**डाडासीबा।** डाडासीबा तहसील के अंतर्गत आने वाली दी कस्बा स्यूल कृषि सेवा सहकारी सभा के प्रधान व अन्य कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव 27 फरवरी को होने सुनिश्चित हुए हैं। यह जानकारी सभा के सचिव दिलबाग सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि नामांकन 12 फरवरी को भरे जाएंगे। सभी सभा सदस्यों से निवेदन है कि वह चुनाव प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लें।

कार्यालय ग्राम पंचायत धन्यारा
विकास खंड सदर मंडी, जिला मंडी हि.प्र. 175003

ग्राम पंचायत धन्यारा सुरारी विकास खंड सदर मंडी जिला मंडी आवश्यकता अनुसार समय-समय पर निम्न निर्माण सामग्रियों की, वित्त वर्ष 2024-25 में कार्यों के निष्पादन हेतु आपूर्ति के लिए अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है । निविदा दिनांक 26.02.2024 को अपराह्न 2 बजे तक पंचायत कार्यालय में स्वीकार की जाएगी व दिनांक 27.02.2024 को अपराह्न 12 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी।

| क्र.सं. | सामग्री | मात्रा जिसमें मूल्य वांछित है |
|---|---|---|
| 1 | रेत (KANSA QUERRY) | Per cubic meter |
| 2. | रेत (CRUSHER) | Per cubic meter |
| 3 | बजरी (20MM KANSA QUERRY) | Per cubic meter |
| 4 | बजरी (10MM CRUSHER)) | Per cubic meter |
| 5 | बजरी (20MM CRUSHER) | Per cubic meter |
| 6 | बजरी (40MM CRUSHER) | Per cubic meter |
| 7 | सोलिंग/बोल्डर पत्थर | Per cubic meter |
| 8 | पत्थर (CUT STONE) | Per cubic meter |
| 9 | ईंट | Per brick/per thousand |
| 10 | जेसीब कार्य ढुलाई व ब्रेकर | Per hour |
| 11 | सेटरिंग लकड़ी/स्टील | Per Sqm |
| 12 | सीमेंट किराया HPS CSC Depot | Per Bags |

शर्तें :-
1. निविदादाता के पास अपना पंजीयन पैन संख्या, जीएसटी नंबर होना आवश्यक है ।
2. दरें अंको और शब्दों दोनों में लिखी जाएं।
3. ठेकेदार/ आपूर्तिकर्ता की व विभाग से हस्ताक्षतिर एम-फार्म जमा करवाने होंगे, एम-फार्म उपलब्ध न करवाने की स्थिति में सामग्री सम्बधी रायल्टी 60 रूपये प्रति टन के हिसाब से काटी जाएगी।
4. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी।
5. निविदादाता प्रति सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में की गई सामग्री आपूर्ति की देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा।
6. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने, समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने तथा सामगो गुणवत्ता के चयन का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सरिक्षत रहेगा तथा ग्राम पंचायत को निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार रहेगा।
7. सामग्री की उपलब्धता निर्माण स्थल तक (जहां तक गाड़ी जा सकती हो) करवानी आवश्यक होगी।
8. निविदाता को 25000/- रू. धरोहर राशि साथ में जमा करवानी होगी।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत धन्यारा, विकास खंड सदर मंडी

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

(21 फरवरी 2024, बुधवार)

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** माघ, **तिथि : द्वादशी** (11:30): **नक्षत्र :** पुनर्वसु (02:18), **पक्ष :** शुक्ल, करण: बालव (11:30) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित कोई नहीं, राहुकाल 12:35 - 02:00।

### विशेष दिन

21 फरवरी प्रदोष व्रत आज।

22 फरवरी विश्वकर्मा जयंती कल।

**मेष** :अपने मनमर्जी तरीके से फैसले न लें। दोस्तों के साथ मौज-मस्ती में समय बीतेगा। फंसा धन मिलने के योग हैं।

**वृषभ** : अनजाने में हुई गलती से नुकसान संभव है । नौकरी में स्थानांतरण व पदोन्नति के योग बन रहे हैं। नवीन योजनाएं बना सकते हैं।

**मिथुन** : परिवारिक विवादों के कारण तनाव बढ़ेगा। पारिवारिक व सामाजिक कार्यों में सुख की प्राप्ति होगी। खान-पान पर नियंत्रण जरूरी ।

**कर्क** : कारोबार में आपके द्वारा गए निर्णय सही होंगे। कार्यसिद्धि होने से साहस, पराक्रम बढ़ेगा। व्यापार, व्यवसाय में सौदे होंगे।

**सिंह:** परिवार में उत्साह और उमंग का वातावरण रहेगा । परिवार में कोई शुभ कार्य की योजना बनेगी ।

**कन्या** : दिन की महत्वता को समझते हुए कार्य करें । कार्य के प्रति लापरवाही हानिकारक होगी। धैर्य, संयम रखकर काम करें।

**तुला :** अपनी मर्यादा में रहें। जीवनसाथी की भावनाओं का अपमान न करें। कानूनी विवाद पक्ष में हल होंगे।

**वृश्चिक:** कार्य की व्यस्तता के कारण थकान महसूस करेंगे । अपनों से मन मुटाव होने की स्थिति बनेगी । परिवार में खुशी रहेगी ।

**धनु :** आप की मेहनत और ईमानदारी के बलबूते पर नौकरी में इच्छित पदोन्नति की संभावना है। उपहार मिलने की संभावना है।

**मकर :** समय पर संभल जाय और परिवार की समस्या को अनदेखा न करें । व्यापार में प्रतिकूलता रह सकती है ।

**कुंभ :** दिन शुभ है आप की कामना पूरी होगी । माता के स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें। कामकाज में सुधार होगा।

**मीन** : आज व्यावसायिक नए अनुबंध होंगे। धर्म में आस्था बढ़ेगी। महत्व के कार्य सिद्ध होंगे।

# विभागों को कमजोर करने पर तुले हैं मुख्यमंत्री सुक्खू : संजय शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संजय शर्मा ने आरोप लगाया कि कांगड़ा जिला के संस्थाओं को मजबूत बनाने की बजाय सरकार इन्हें कमजोर कर रही है।

ताजा उदाहरण आर्किटेक्ट विंग कांगड़ा जोन के धर्मशाला स्थित कार्यालय से स्टाफ को कम करना जोकि अन्य जोन के मुकाबले पहले से ही बहुत कम है, एक बार फिर सरकार की तरफ से कांगड़ा जिला के लोगों के हितों पर कुठाराघात है और यह सरकार की मानसिकता को दर्शाता है कि सरकार राजनीतिक और प्रशासनिक तौर पर कांगड़ा जिला को कमजोर करना चाहती है। उन्होंने कहा कि आर्किटेक्ट विंग धर्मशाला में पहले से ही शिमला के मुकाबले बहुत कम स्टाफ था लेकिन वहां से पदों को शिमला में बदलकर शिमला के 51 पदों के स्थान पर उनको 62 कर देना कहां तक उचित है। संजय शर्मा ने कहा कि मंडी जोन से भी 18 पदों में से आठ पद शिमला बदल देना मंडी के लोगों के साथ भी भेदभाव की राजनीति सरकार कर रही है। कांगड़ा जिला की जनता के समर्थन से बनी सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार कांगड़ा जिला की जनता के साथ आए दिन सौतेला व्यवहार कर रही है। आर्किटेक्ट विंग के अतिरिक्त यदि अन्य विषयों पर भी बात करें तो सरकार की बेरुखी जनता की समझ से बाहर है।

कार्यालय ग्राम पंचायत बटराण, विकास खंड नादौन जिला हमीरपुर हि.प्र.
वितीय वर्ष 2024-2025 के विकास कार्यों हेतु निविदां बारे विज्ञापन।
( अवधि 01-04-2024 से 31-03-2025 )

| क्रं.सं. | विवरणी | मानक | मद का विवरण | अन्य विवरणी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रेत क्रेसर (धुला व डस्ट) क्रेसर बजरी व गोला पत्थर | प्रति घन मीटर | मनरेगा, 15वां वितायोग व सामान्य मदों के कार्य | बजरी 10mm, 20mm, 40 mm |
| 2. | पक्की ईंट (अव्वल व धोम ) | प्रति ईंट | मनरेगा 15वां वितायोग व सामान्य मदों के कार्य | - |
| 3. | सरिया, सरिया तार लेबर किराया सहित | प्रति कि.ग्रा. | मनरेगा 15वां वितायोग व सामान्य मदों के कार्य | 8-10-12-16mm |
| 4. | पेवर इंटर लोक टाईल्स (ISI मार्का होनी चाहिए ) 40mm-60mm-80mm प्रति बैंच | प्रति पेवर | मनरेगा, 15वां वितायोग व सामान्य मदों के कार्य | पेवर की निविदा उसी निविदा मालिक की पास होगी जिसके पास पेवर बनाने के लिए GST नम्बर मिला होगा। |
| 5. | सोलर लाईट मुरम्मत | बैटरी, पैनल इत्यादि | मनरेगा, 15वां वितायोग व सामान्य मदों के कार्य | - |
| 6. | प्लास्टिक पाईप 2.5''3*4''6'' 8'' व एल्बो | 1 पाईप | पेनल मनरेगा 15वां वितायोग व सामान्य मदों के कार्य | - |
| 7. | पानी टैंकर व मिक्सर JCB कच्चा/पक्का | प्रति दिन/प्रति घंटा | मनरेगा, 15वां वितायोग व सामान्य मदों के कार्य | Holding & with oil |
| 8. | खड्ड बजरी, खड्ड रेत | प्रति घन मीटर | मनरेगा, 15वां वितायोग व सामान्य मदों के कार्य | मालिक को M फोर्म देना होगा |
| 9. | हैंडपंप/बोरवेल/सबमर्सिबल मोटर इत्यादि इंस्टालेशन व मुरम्मत कार्य | प्रति दिन/प्रति घंटा प्रति फीट | मनरेगा, 15वां वितायोग व सामान्य मदों के कार्य | खुदाई, स्थापित व अन्य कार्य सभी शुल्क |

नियम व शर्ते :- 1. निविदा मालिक को दरें अंको व शब्दों में अंकित करना अनिवार्य है। 2. निविदा मालिक के पास GST नम्बर होना अनिवार्य है बिना GST वाली निविदा मान्य नहीं होगी। 3. अधिकृत निविदा मालिक को M फोर्म देना होगा। 4. निविदा मालिक को सामग्री की आपूर्ति समय पर करनी होगी, यदि सामग्री की आपूर्ति समय पर नहीं की जाती है तो गत समय में दी गई सामग्री की राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा और अग्रिम/सुरक्षित धरोहर राशि भी वापिस नहीं की जायेगी और बिना सूचित किये आपकी निविदा को रद्द करके दूसरे निविदा मालिक की निविदा को सामग्री देने हेतु स्वीकृत कर दिया जायेगा। 5. सामग्री लेने का अंतिम मूल्य/निर्माण विभाग की JUSTIFICATION व निविदा मालिक के साथ तर्कसंगतता NEGOTIATION अनुसार/उपरान्त किया जाएगा। 6. निविदा को स्वीकृत या रद्द करने का अधिकार समिति/विभाग का होगा। निविदा साफ शब्दों में भरें, यदि निविदा पढ़ने में कोई परेशानी होती है तो उस दशा में उस निविदा को रद्द कर दिया जाएगा। जिसके लिए निविदा मालिक स्वयं जिमेदार होगा। निविदा मालिक को जिस दिन निविदा पास होनी है उस दिन उपस्तिथ रहना अनिवार्य होगा। यदि कोई निविदा मालिक उपस्तिथ नहीं होता है तो उस दशा में पंचायत उसकी निविदा को रद्द कर देगी जिसके लिए निविदा मालिक स्वयं जिम्मेवार होगा।

वितीय वर्ष में अनुमानित व्यय होने वाली सामग्री का ब्यौरा :- 1. बजरी 2000 फुट 2. रेत :- 2000 फुट 3. गोला पत्थर :- 1000 फुट 4. पक्की ईंट :- 10000 ईंट 5. सरिया तार 1000 KG 6. सैटरिंग 2000 फुट 7. पेवर :- 15000 की जाने वाली सामग्री कम या ज्यादा भी हो सकती है।

नोट :- निविदा मालिको को धरोहर राशि के रूप में मु. 25000/- रूपये पलज FD निविदा के साथ देनी होगी, जिस की भी निविदा अस्वीकृत होती है उसे उस समय पलज FD को वापिस कर दिया जाएगा। स्वीकृत निविदा मालिक की पलज FD पंचायत के पास जमा जमा रहेगी। वितीय वर्ष पूर्ण होने पर पंचायत से आवेदन कर FD को प्राप्त कर सकता है।
पंचायत JE/TA द्वारा मूल्याकंन करने उपरान्त सामग्री की अदायगी करेगा जब तक JE/TA द्वारा पैमाईश नहीं होती तब तक पंचायत कोई भी आदायगी नहीं करेगी। यदि निविदा मालिक समय पर सामग्री सप्लाई नहीं करता है तो उस दशा में जो लेबर का खर्चा होगा उसे उसके बिल से काट कर लेबर को अदा कर दिया जायेगा। जिस निविदा मालिक को शर्त मंजूर हो वो निविदा दायर कर सकता है।
निविदा मालिक अपनी कुटेशन बंद लिफाफा या डाक के माध्यम से दिनांक 27-02-2024 तक सांय 5 बजे तक भेज सकते हैं। ग्राम पंचायत बटराण में 28-02-2024 को कमेटी के माध्यम से सुबह 11:00 बजे निविदा खोली जानी प्रस्तावित हैं। खुली निविदा स्वीकार नहीं होगी।
निविदा मालिक निविदा के साथ GST NUMBER, बैंक खाता, PAN NUMBER, वाहन की RC, आधार कार्ड व ISI मार्का की प्रतियां साथ लगायें और साथ में FD भी लगायें जिस निविदा मालिक ने दस्तावेज नही लगाये होंगें उस निविदा को रद्द कर दिया जायेगा।

प्रधान/पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत बटराण, डाकघर बटराण, तहसील नादौन हमीरपुर हि.प्र.

## मेगा प्रोजेक्ट्स और स्थानीय हितों में टकराव

**देश** में विकास के मेगा प्रोजेक्ट्स और स्थानीय हितों में टकराव के समाचार रोज कहीं न कहीं से आते ही रहते हैं। यह ठीक है कि कुछ नया बनेगा, तो कुछ पुराने को हानि भी झेलनी पड़ेगी। जीवन के लिए आवश्यक हवा, पानी और भोजन जैसे संसाधनों पर जब चोट पड़ने लगती है, तो मामला चिंतनीय हो जाता है और उस पर तार्किक रूप से विचार करना जरूरी हो जाता है, किंतु खेद का विषय है कि आमतौर पर स्थानीय निवासियों के हितों पर परियोजना हितों को वरीयता दी जाती है। इस स्थिति में टकराव शुरू हो जाते हैं, जिनका समाधान यदि तर्क और स्थानीय हितों को ध्यान में रख कर न किया जाए, तो मामले बिना वजह ही उलझ जाते हैं और बहुत बार अनावश्यक प्रतिष्ठा का प्रश्न बन जाते हैं। कई बार गलत या अधूरी सूचनाओं के कारण भी मामले उलझ जाते हैं।

आजकल हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में इसी तरह का आंदोलन अली खड्डु के पानी को लेकर चल रहा है। आंदोलनकारी तीन सप्ताह से बैठे हैं किंतु किसी अर्थपूर्ण संवाद के अभाव में कोई हल निकल नहीं सका है। अनुभव यह बताता है कि शांतिपूर्ण आंदोलनों को जब समय पर सुना नहीं जाता है, तो आंदोलन उलझ जाते हैं और कई बार गलत हाथों में चले जाते हैं। इसलिए एक स्वस्थ प्रजातंत्र में लोगों के असहमति के अधिकार का सम्मान करते हुए आंदोलन की बात को जल्दी सुना जाना चाहिए। किंतु प्रशासन अपनी जिद पूरी करने के लिए मुद्दे की बात समझने के बजाय आंदोलन को लंबा लटका कर लोगों को थका कर आंदोलन को समाप्त करने की रणनीति अपनाने का प्रयास करता है।

यह समस्या को बिना सुने समझे टाल देने का तरीका वाजिब नहीं है। यदि प्रशासन की बात सही है तो तर्क और पूरी सूचना देकर मामला सुलझाया जा सकता है और यदि आंदोलनकारियों की बात तथ्यात्मक है तो तथ्यों का ध्यान रखते हुए मामला हल किया जा सकता है। जीवन-यापन के लिए अपरिहार्य रूप से आवश्यक संसाधनों की जब बात आती है तो स्थानीय निवासियों के अधिकारों को वरीयता दी जानी चाहिए, यही प्राकृतिक न्याय की मांग है। जहां दोनों पक्ष अपनी-अपनी जगह सही हों, तो किसी एक की जरूरतों को पूरा करने के लिए विकल्प तलाशने चाहिएं। इस प्रक्रिया में दलगत राजनीतिक हित साधने के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए।

इस दृष्टि से देखा जाए तो इस आंदोलन में दोनों मुख्य राजनीतिक दलों के स्थानीय नेता एक स्वर में त्रिवेणी घाट से पानी उठा कर अंबुजा सीमेंट प्लांट को देने का विरोध कर रहे हैं। विरोध का तार्किक आधार यह है कि जहां से पानी उठाया जा रहा है, वहां से नीचे बिलासपुर जिला के चार निर्वाचन क्षेत्रों का पानी अली खड्डु से मिल रहा है। इसके लिए 24 लिफ्ट और ग्रेविटी पेयजल योजनाएं, सात सिंचाई लिफ्ट योजनाएं, स्थानीय कूहलें और घराट तथा मछली प्रजनन केंद्र चल रहे हैं] जिससे 50 हजार से ज्यादा जनसंख्या की पानी जरूरतें पूरी हो रही हैं। असल में इस अली खड्डु का पानी डाउन स्ट्रीम आबादी की आवश्यकताओं के लिए भी गर्मियों में कम पड़ जाता है और टैंकर लगा कर लोगों की प्यास बुझानी पड़ती है। ऐसी स्थिति में इस नाले पर नया बोझ डालना युक्ति संगत नहीं कहा जा सकता और स्थानीय लोगों की चिंताएं वाजिब हैं।

# देश और समाज को खोखला करती भ्रष्टाचार की दीमक



**हेमराज राणा**
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

**देश** में आज जो सबसे बड़ी चुनौती और समस्या बनकर उभर चुकी है, वह है भ्रष्टाचार, जिसमें कोई भी क्षेत्र अछूता नहीं है। हमें आए दिन अपने क्षेत्र, समाज, देश, प्रदेश में भ्रष्टाचार की खबरें समाचार पत्रों और टीवी चैनलों पर देखने को मिलती हैं। भ्रष्टाचार अनेक रूपों में मानो एक कैंसर के रूप व्याप्त हो चुका है। भ्रष्टाचार ने आज इंसान को मानो जैसे दानव बना दिया हो, तो वहीं जिस उम्मीद और विश्वास के साथ माता-पिता ने अपने बच्चों को अपने संघर्ष के दम पर पढ़ा-लिखाकर एक अधिकारी बना दिया, जिसके बन जाने पर माता-पिता और समाज उस व्यक्ति पर नाज करता है और न जाने कितनी उम्मीदें और आशाएं थीं, तो वहीं और नई युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बनता है, परंतु जब कोई डॉक्टर किसी मरीज को बेहतर ट्रीटमेंट के वजाय मरीजों की किडनियों तक को निकालकर बेचना शुरू कर देता है, तो उन तमाम माता पिता और उस क्षेत्र समाज के दिलों में क्या गुजरती होगी।

जिस डॉक्टर को भगवान का स्वरूप माना जाता है, वह डॉक्टर भ्रष्टाचार के दल-दल में गिरता जा रहा है, तो वहीं जब माता पिता अपने बच्चों को इंजीनियर बनाते हैं, तो आशा करते हैं कि वह भविष्य में देश के विकास में अपनी एक अहम भूमिका निभाएगा और अनेक प्रकार के निर्माण कार्यों को ईमानदारी और अनुशासित होकर निर्वहन करेगा, परंतु जब वह एक उच्च अधिकारी या कर्मचारी बन जाता है, तो वह अपने वेतन में संतुष्ट न रहकर रिश्वत लेने और अनेक कार्यों में अनियमितताओं को अंजाम देते हैं, जिसमें आम लोगों और सरकार के खजाने में भार पड़ता है, तो वहीं दूसरी ओर एक राजनेता व जनप्रतिनिधि से जनता और क्षेत्र को विकास के उत्थान को लेकर बहुत सी अपेक्षाएं होती हैं, परंतु वर्तमान में जिस प्रकार से अनेक राजनीति दलों के राजनेता भ्रष्टाचार के मामलों में जेल में जा रहे हैं, तो कोई राजनीति की आड़ में भ्रष्टाचार को अंजाम दे रहे हैं और अपने पद और अधिकारों की आड़ में विभिन्न प्रकार से भ्रष्टाचार में लिप्त होते जा रहे हैं।

जिन राजनेताओं का पूर्व दशकों में जनता का राजनेताओं और जनप्रतिनिधि के प्रति बहुत ज्यादा आदर भाव और सम्मान होता था, आज वह स्तर बिलकुल निम्न स्तर पर पहुंच चुका है, जिसका कारण है भ्रष्टाचार, तो वहीं हम उच्च अधिकारी जिसमें सबसे सर्वोच्च पद में होते हैं, आईएएस अधिकारी जो सरकार को चलाने और देश के लिए नीति निर्धारण और व्यवस्था की मुख्य कड़ी मानी जाती है, परंतु हमें समय-समय पर अनेक मामले ऐसे सुनने और देखने को मिलते हैं, जिनकी जानकारी समाचार पत्रों के माध्यम से मालूम होती है कि इन अधिकारियों ने इतना भ्रष्टाचार किया और अनेक मामलों में अधिकारियों को जेलों में बंद किया परंतु फिर भी भ्रष्टाचार खत्म होने के बजाए और बढ़ रहा है, तो वहीं दूसरी ओर जब जब बेटा पुलिस अधिकारी बनता है, तो उसके माता-पिता ओर समाज को ऐसे होनहार बेटे पर गर्व होता है, परंतु जब वह अपनी सेवाएं शुरू करता है तो वह कहीं न कहीं अपने उन तमाम आदर्शों की तिलांजलि दे देता है और कमीशनखोरी और अनेक प्रकार के भ्रष्टाचार में लिप्त पाया जाता है, जिसके उपरांत न जाने उनके माता-पिता जिस पीड़ा और शर्म से उनके सिर झुक जाते होंगे, तो वहीं जिस शिक्षक को राष्ट्र निर्माता कहां जाता है और जिसका समाज और छात्रों में एक उच्च स्थान और मान सम्मान रहता है।


आज आलम यह हो गया है कि अनेक शिक्षकों के द्वारा स्कूलों में बच्चों को विस्तार से न पढ़ाकर ट्यूशन पढ़ाने का सुझाव दिया जाता है, ताकि वे शिक्षक अपने वेतन के अलावा अतिरिक्त पैसा बना पाएं, यह भी एक भ्रष्टाचार का ही स्वरूप है, तो वहीं दूसरी ओर विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों के द्वारा आए दिनों भ्रष्टाचार के अनेक मामले सामने आते रहे हैं और आज भी यह क्रम जारी है, तो आज भ्रष्टाचार सबसे बड़ा आचार अर्थात (भ्रष्टाचार) बन चुका है, जिसको खत्म करने की परम आवश्यकता है, अन्यथा देश भ्रष्टाचार की वजह से फिर से गुलामी की जंजीरों में जकड़ा जाएगा, तो वहीं अगर हम अपने-अपने कार्यों को जीवन में ईमानदारी, अनुशासन और मर्यादा से करते रहते हैं तो निसंदेह भ्रष्टाचार कम हो सकता है, क्योंकि भ्रष्टाचार हमारी सोच और वातावरण में निर्भर है, क्योंकि जिस क्षेत्र के आसपास भ्रष्टाचार के नाम पर कमीशनखोर के नाम पर किसी अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा आम व्यक्ति को प्रताड़ित किया जाता है, उस क्षेत्र में भ्रष्टाचार का बोलबाला और आम बात हो जाती है।

अगर उस क्षेत्र में कोई ईमानदार और उच्च आदर्शों को स्थापित करने वाला अधिकारी और कर्मचारी, नेता कोई भी आता है तो निसंदेह उस क्षेत्र में इस तरह की अनियमिताएं देखने और सुनने को नहीं मिलती हैं और भ्रष्टाचार में लिप्त हरेक अधिकारी, कर्मचारी और आम जनता भी कहीं न कहीं ईमानदारी और सिद्धांतों पर चलने का प्रयास करते हैं, तो वहीं आज हम सभी को भ्रष्टाचार की इस मानसिकता और प्रचलन को बदलने की परम आवश्यकता है, क्योंकि अगर हम भारी भरकम वेतन और अन्य तमाम सुविधाओं से भी आत्मसंतुष्ट नहीं है, तो निसंदेह भ्रष्टाचार के विभिन्न रूपों से कमाई अनैतिक कमाई से शायद उम्रभर भी संतुष्ट न हो पाएंगे, जिस अनैतिक कमाई और कमीशनखोरी से आई संपत्ति कहीं न कहीं भविष्य में हमारे जीवन में अनेक प्रकार की समस्याओं और यहां तक कि उनके बच्चों तक मैं इसका बुरा असर किसी न किसी रूप में जरूर देखने को मिलता रहता है, जो कि क्षेत्र और समाज के बुद्धिजीवियों और ईमानदारी व्यक्तियों द्वारा दोहराया और जागरूक किया जाता है।

इस प्रकार भ्रष्टाचार आज हर क्षेत्र, विभाग, समाज और देश में एक कैंसर के रूप में व्याप्त हो चुका है, जिसकी जड़ें विभिन्न दिशाओं और देश को खोखला करने में जुटी हैं, इसलिए आज हम सभी का नैतिक कर्तव्य और दायित्व बनता है कि हम देशहित में और, अपने जीवन को उच्च आदर्शों, ईमानदारी और आत्म संतुष्टि के साथ जीवन को निभाने का प्रयास करें, अन्यथा हमारे उच्चाधिकारी, इंजीनियर, डॉक्टर, राजनेता, कर्मचारी इत्यादि बनने का कोई औचित्य नहीं रह जाता है और उम्मीद करते हैं कि भविष्य में हम सभी अपने अपने स्तर पर इस मुहिम और जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

नजरिया

## पुस्तकें सबको लोकमंगल के लिए प्रेरित करती हैं



**लेखक : हृदयनारायण दीक्षित**
यूपी विस के पूर्व अध्यक्ष

**शब्दों** की भीड़। दशों दिशाओं से हमारी ओर आते गतिशील शब्द। पूरब से आते शब्द पश्चिम से आते शब्दों से टकराते हैं, मिलते हैं। इसी तरह उत्तर दक्षिण सहित सभी दिशाओं से भी। भारतीय चिंतन में आकाश का गुण शब्द कहा गया है। शब्द ध्वनि ऊर्जा है। शब्द पहले अरूप थे। लिपि नहीं थी। सिर्फ बोले-सुने जाते थे। वे संवेदन प्रकट करने का माध्यम थे। फिर हर्ष, विषाद, क्रोध और बोध आदि भाव प्रकट करने का माध्यम बने। विश्व शब्द भंडार बढ़ता रहा। मुझे लगता है कि यह संसार शब्दों का ही मेला है। तत्सम, तद्भव यहां मिलते हैं, छोटाई बड़ाई त्याग कर। हरेक रूप के लिए शब्द। जितने रूप उतने शब्द। फिर लिपि बनी उनका रूप बना। उनकी छपाई की तकनीकी विकसित हुई। शब्द संचय पुस्तक बने। पुस्तकें भाव संवेदन, विषाद, प्रसाद और हर्ष उल्लास की भी प्राणवान काया बनी। पुस्तकें ज्ञान संचय हैं। संप्रति भारत की राष्ट्रीय राजधानी में विश्व पुस्तक मेला है। विश्व के तमाम देशों से पुस्तकें आई हैं। पुस्तक मेला दुनिया के पुस्तक प्रेमियों का आकर्षण है। भारतवासी पुस्तकों को प्रणाम योग्य मानते हैं। शब्द ब्रह्म हैं। पुस्तकों की काया है शब्द। सो प्रणाम के योग्य हैं। भारत का 'वाणी प्रकाशन' सुप्रतिष्ठित है। इसके स्वत्वाधिकारी अरुण जी कहते हैं, 'पुस्तकें उपभोक्ता सामग्री नहीं हैं। इसका अर्थशास्त्र समाजशास्त्र से गहराई से जुड़ा है।'

मेला मिलन है और खरीदें, बेचें तो बाजार। मेला हरेक तीर्थ का संगमन रहा है। बाजार का लक्ष्य लाभ है और मेला का लक्ष्य आनंद। मेला प्रीतिभाव है, बाजार वस्तु भाव। 'पुस्तक मेला' की बात ही ओर है। पुस्तकें बुलाती हैं, आओ, हमको ले चलो अपने साथ। मन खिंचा चला जाता है, पुस्तक मेले की ओर। पुस्तकें माता-पिता और आचार्य एक साथ हैं-शब्द रूप में। पुस्तकें हम सबको लोकमंगल के लिए प्रेरित करती हैं। हम उपभोक्ता वस्तुओं पर तमाम खर्च करते हैं, लेकिन पुस्तकों की कीमत का रोना रोते हैं। मुक्ति की बेचैनी में पुस्तकें ही मार्गदर्शन कर सकती हैं। पुस्तकों को सब जगह होना चाहिए। जहां-जहां पुस्तकें, वहां-वहां ज्ञान ज्योति।

## अंदाज-ए-बयां
### अनहोनी या विधि की होनी

*किससे शिकायत करें*
*अनहोनी या विधि की*
*होनी की*
*जो होनी है तो...*
*दिल दिमाग में द्वंद की*
*अनहोनी क्यूं?*
*भावुकता के आंसुओं में*
*मजबूरन भिगोनी क्यूं?*
*चीखते कोसते*
*अनचाही भावनाओं की*
*भी आदत सी बन जाती है*
*इक होनी की !*
*तो फिर से*
*इक नई अनहोनी क्यूं?*
*अब किस्मत को फिर से*
*इक नई होनी की*
*आदत सी होने ही लगती*
*है तो अब इक नई*
*अनहोनी क्यूं?*
*होनी-अनहोनी में पिसती*
*ख्वाहिशें, अल्फाज,*
*इरादे*
*अदाएं, चाहतें और*
*आदतें*
*कुछ नहीं बचता साबुत*
*साहेब!*
*तो होनी-अनहोनी क्यूं?*

**उपासना पुष्प (मोनिका)**
**डलहोजी (चंबा)**

# लोकसभा चुनाव 2024 : अंक गणित के साथ विमर्श के मोर्चे पर भी पिछड़ी कांग्रेस



**विकास सक्सेना**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

**देश** के आम चुनाव के लिए सौ दिनों से भी कम समय बचा है, सभी राजनीतिक दल इसके लिए अपने-अपने तरीके से सियासी बिसात बिछा रहे हैं। विपक्षी दलों के कई नेताओं के साथ आने से भाजपा का कुनबा बढ़ रहा है, तो विपक्षी गठबंधन बनाकर भाजपा विरोधी विमर्श खड़ा करने की जुगत में लगी कांग्रेस को इस साल की शुरुआत से ही एक के बाद एक झटके लग रहे हैं। केरल, पश्चिम बंगाल, पंजाब और दिल्ली में गठबंधन की संभावना खत्म होने से चुनावी अंक गणित के मामले में कांग्रेस तेजी से पिछड़ ही रही थी। इसी बीच पार्टी ने पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को राजस्थान से राज्यसभा भेजने का हैरान करने वाला निर्णय लिया है। उत्तर प्रदेश की रायबरेली सीट को छोड़ कर सुरक्षित तरीके से राज्यसभा सांसद बनने के फैसले से विमर्श के मोर्चे पर भी कांग्रेस पिछड़ गई है।

केंद्र की सत्ता से भाजपा को बेदखल करने के लिए कांग्रेस और कई क्षेत्रीय दलों ने गठबंधन तैयार किया है। इससे उत्साहित मोदी विरोधी दलों के नेता कह रहे थे सामूहिक विपक्ष का उम्मीदवार उतार कर वे आसानी से भाजपा को हरा सकते हैं। अपने दावों को पुष्ट करने के लिए वे पिछले चुनावों में भाजपा को मिले वोट और अन्य दलों को मिले मतों का अंक गणित लगा कर यह समझाने की कोशिश में जुटे हैं कि जो वोट भाजपा को नहीं मिले हैं, वे विपक्ष के साझा उम्मीदवार को मिल जाएंगे। इस तरह विपक्षी गठबंधन अजेय दिख रही भाजपा को आसानी से हरा देगा। इसके साथ ही चुनावी रैलियों में प्रमुख क्षेत्रीय नेताओं के एक मंच पर एकजुटता दिखाने से भाजपा विरोधी विमर्श तैयार करना भी आसान होगा। भाजपा के खिलाफ वातावरण तैयार करने के लिए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मणिपुर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा प्रारंभ की है। इस यात्रा के पश्चिम बंगाल पहुंचने से पहले ही विपक्षी गठबंधन की प्रमुख नेता ममता बनर्जी ने एलान कर दिया कि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस पश्चिम बंगाल की सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी। इसी तरह पंजाब में आम आदमी पार्टी के मुख्यमंत्री भगवत सिंह मान भी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से समझौता न करने की बात कर ही रहे थे कि अब दिल्ली में भी आम आदमी पार्टी, कांग्रेस को सात में से सिर्फ एक सीट छोड़ने की बात कर रही है।

विपक्षी गठबंधन के नेताओं और शुभचिंतकों को सबसे ज्यादा उम्मीदें बिहार से थीं, लेकिन राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बिहार पहुंचने से पहले ही नीतीश कुमार एक बार फिर पाला बदल कर राजग में शामिल हो गए हैं। केरल में भाजपा का जनाधार सीमित है।

राममय वातावरण के बीच उत्तर प्रदेश के साथ पूरे देश में भाजपा की चुनावी संभावनाएं और भी बेहतर हुई हैं। रामलला मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार करने से कांग्रेस और दूसरे भाजपा विरोधी दलों के तमाम कार्यकर्ताओं में पहले से ही नाराजगी और निराशा है। ऐसे में सोनिया गांधी को चुनावी समर से दूर रखने का फैसला कार्यकर्ताओं के मनोबल को तोड़ सकता है। टूटे मनोबल वाले कार्यकर्ताओं के दम पर चुनाव जीत पाना संभव नहीं है।

# समाज द्वारा थोपा गया मृत्यु भोज, दूर होते रिश्ते



**लेखक : ठाकुर तारा**
समाजशास्त्री, सुंदरनगर

**भारतीय** समाज में सांस्कृतिक दृष्टि से अनेक रीति-रिवाज हैं। धार्मिक अनुष्ठान, जन्म संस्कार, नामकरण संस्कार, जनेऊ धारण संस्कार, विवाह संस्कार इत्यादि। इसी तरह जब व्यक्ति की मृत्यु होती है, चाहे वह बीमारी से ग्रस्त होने पर हुई हो या जवानी में दुर्घटनाओं के शिकार होने से अकाल मृत्यु हुई हो। भारतीय समाज खासकर हिंदू संस्कार में मृत्यु भी एक संस्कार ही है। दिवगंत आत्मा की शांति के लिए शव को प्रथम दिन से पंचतत्व में विलीन करने के उपरांत परिजन, नजदीकी परिवार, रिश्तेदार व आसपास समाज के लोगों को खाना खिलाने की जुगत में लग जाते हैं। यह प्रक्रिया प्रथम दिन से तेरहवीं तक जिसे हम क्रिया कर्म कहते हैं, तब तक जारी रहती है।

अगर परिवार आर्थिक दृष्टि से मजबूत है, तो उक्त परिवार को मृत्यु भोज के खर्च से इतना ज्यादा फर्क नहीं पड़ता, लेकिन इसके उल्ट गरीब, हाशिए पर खड़े परिवार के लिए अपने किसी प्रियजन की अचानक मृत्यु हो जाए या उसका कोई भी परिवार का सदस्य अकाल मृत्यु को प्राप्त हो जाए, तो उनके ऊपर प्रथम दिन से तेहरवीं तक मृत्यु भोज में होने वाले खर्च के कारण आर्थिक खर्च को वहन करते-करते कमर टूटना संभावित है। दिहाड़ी मजदूरी कर दो जून की रोटी के जुगाड़ में ऐसे गरीब परिवार समाज क्या कहेगा, शर्म से उधार या कर्ज लेकर समाज व समुदाय द्वारा कहीं जाने वाली बातों से लोक लाज की चिंता कर पहले ही मृत्यु भोज में खर्च कर देते हैं। महाभारत काल में कौरवों की ओर से श्री कृष्ण जी को खाना खाने का निमंत्रण दिया गया, तो इस पर भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं- संप्रति भोज्यनि आपदा भोज्यानि वा पुनैः अर्थात जब खाना खिलाने वाले का मन प्रसन्नचित्त मुद्रा में हो, साथ ही साथ खाना ग्रहण करने वाला मन भी प्रसन्न हो, तभी भोजन ग्रहण करना चाहिए। इसी अनुरूप मृत्यु भोज जो कि गरीब परिवारजन तेरह दिनों तक समाज के लोगों को खिलाते हैं, यह हृदय को चीर देने वाला पल होता है, क्योंकि एक ओर उस परिवार का प्रियजन इस संसार को अप्रत्याशित रूप से छोड़ कर चला गया, वहीं दूसरी ओर अगर घर पर कमाने वाला व्यक्ति एक ही था। उसके पीछे असहाय विधवा पत्नी, छोटे बच्चे छूट गए हैं।

हमारा समाज भी उस वक्त ऐसी विकट परिस्थितियों में मदद करने की बजाय समाज द्वारा थोपी गई परंपरा का ठीक निर्वहन हो रहा है या नहीं, यह सब देखता है। यह अभ्यास कालांतर में बड़े परिवारों के लोगों अर्थात आर्थिक दृष्टि से संपन्न, समृद्ध परिवारों द्वारा खाने में नित प्रयोगों द्वारा मृत्यु भोज की महंगी परंपरा को जारी रखा। जब हमारे हिंदू समाज में केवल 16 संस्कारों की बात कही गई हो, जिसमें प्रथम संस्कार गर्भधान संस्कार है। सोहलवां संस्कार अंत्येष्टि संस्कार है, तो फिर इनके अलावा कुछ चुनिंदा समाज के लोगों द्वारा ही तेहरवीं का भोज कहां से लाया। इस तरह से यह बनी बनाई धारणा समाज के ऊपर थोप दी गई। मृत्यु को प्राप्त प्राणी की आत्मा की शांति के लिए परिजन धार्मिक संस्कार, अनुष्ठान, पितृ तर्पण इत्यादि अवश्य करें, लेकिन सामूहिक रूप से भोज पर अनावश्यक खर्च न करें। यह गरीब परिवारों के ऊपर आज का शिक्षित समाज पापकर्म कर रहा है। शोक संतप्त परिवार के बच्चों को शिक्षा देना ताकि बड़ा होकर बच्चा खुद खोए हुए, वरिष्ठ परिजन की जगह लेकर एक बड़े सदस्य के रूप में भूमिका निभा सकें व असहाय परिजनों माता, छोटे भाई बहन के लिए संबल बन सके।

इस तरह से हमारे समाज के लोगों को मृत्यु भोज में रुचि न लेकर, उनकी मदद के लिए आगे आना चाहिए। सामाजिक सरंचना के आधार पर सर्वप्रथम मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। वह समाज का हिस्सा है। एक अभिन्न अंग होने के साथ, वह समाज के बाहर कदापि भी अकेला नहीं रह सकता। मानव गुणों में सुख, दुख, हर्ष, संवेदना, कुंठा, भावनात्मक कमजोरी, सभी को ऐसे संकटकालीन परिस्थितियों से बाहर निकालने का मृत्यु के बाद शोक संतप्त परिवारजनों को समझना, महसूस करना उनके दुख को कम करने का बहुत बड़ा कारगर माध्यम है। आधुनिकता के डिजिटल युग में शव को चिता में रखते ही, शवयात्रा में शामिल हुए परिजन या समाज के लोग, रिश्तेदार पूछ बैठते हैं कि और कितना वक्त लगेगा। पता नहीं किस भागदौड़ भरी तरक्की का मार्ग प्रशस्त कर रहा है, आज का आधुनिक सामाजिक प्राणी। किसी भी इंसान के पास आज थोड़ा सा भी धैर्य नहीं है। यही सब कारण उन्हें अंदर ही अंदर डर का भाव, किसी चीज में रुचि का अभाव, मन की चंचलता की प्रकृति में शीघ्र बदलाव, जीवन में एक पल का ठहराव कहीं भी नजर नहीं आता। इसी तरह से अपने बच्चों, परिवारजनों, आसपास पड़ोस के प्रति भी समय के थोड़े से पल बिताने का वक्त नहीं है। जब एक दिन इसी समय की कमी के कारण हमें किसी अपने के इस दुनिया से चले जाने की जानकारी प्राप्त होती है, तो फिर रोते हैं। उन सभी के लिए अगर थोड़ा सा ठहर गया होता, तो अवश्य मिल लेते। जहां आज सफलता की सीढ़ियां चढ़ा मनुष्य अमेरिका से ही व्हाट्सऐप की वीडियो कॉल से ही मां की अंत्येष्टि संस्कार में शामिल होकर अपने बेटे होने का फर्ज अदा कर इतिश्री कर देता है, क्योंकि वह बहुत व्यस्त है, अपनी जिंदगी, पत्नी, बच्चों के साथ, इसलिए तो जिस मां ने जन्म दिया, शिक्षा दी, उसके इस लोक से चले जाने के बाद भी कोई गम नहीं,मशीन जैसी सोच हो गई है, आज के रिश्तों की। हम सभी को इसमें अपने अपने परिवारों से नई शुरुआत करनी होगी, क्योंकि भविष्य अमीरी, धन दौलत की कमी का नहीं बल्कि, इन संस्कारों की कमी का होगा। इसे फिर हम खरबों रुपए देकर भी नहीं खरीद सकेंगे।

# श्रीराम मंदिर, मोदी का तपस्वी नेतृत्व और संसद में अमित शाह



ब्लॉगर

**लेखक : संजय तिवारी**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

**भारत** की संसद में 10 फरवरी, 2024 का दिन ऐतिहासिक रहा। देश के गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह ने लोकसभा में इस दिन जो उद्गार व्यक्त किया, वह देश के ससंदीय इतिहास का एक ऐसा पृष्ठ बन गया, जिसे सदियों तक भुलाया नहीं जा सकता। भारतीय संसद में दिए गए विगत 76 वर्षों के कुछ ऐतिहासिक उद्बोधनों में से एक अमित शाह का यह उद्बोधन जिसने भी सुना होगा, वह निश्चित रूप से भारत, भारतीयता, श्रीराम और भारतीय जीवन में रामतत्व की महत्ता से बहुत ही भावपूर्ण तरीके से परिचित हुआ होगा।

इस संबोधन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि गृहमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के लगभग 500 वर्षों के संघर्ष को तो रेखांकित किया ही। प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के एक ऐसे स्वरूप से उन्होंने सभी को परिचित कराया, जिसको जानना खासतौर पर नई पीढ़ी के लिए अतिआवश्यक है। श्रीरामचरितमानस के रचयिता कविकुल शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी ने श्रहनुमान चालीसा में एक चौपाई की एक अर्द्धाली में हनुमान जी के लिए लिखा है - सब पर राम तपस्वी राजा, तिनके काज सकल तुम साजा।। लोकसभा में गृहमंत्री अमित शाह ने श्री अयोध्या जी में श्रीराम जन्मभूमि पर निर्मित श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में प्रस्तुत किए गए प्रस्ताव पर जो कुछ बोला, वह भारतीय संसद के साथ-साथ भारत की लोक परंपरा के लिए भी धरोहर है।

अपने संबोधन के आरंभ में ही गृहमंत्री ने स्पष्ट कर दिया कि भारत की स्वाधीनता के बाद राष्ट्र के जीवन में जो कुछ महत्वपूर्ण प्रस्ताव आए हैं, उनमें से एक प्रस्ताव श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर के निर्माण का है। गृहमंत्री ने यह स्पष्ट कर दिया कि वह किसी प्रश्न का उत्तर नहीं दे जा रहे हैं, बल्कि स्वयं के मन की, भारत की जनता की भावनाओं की और भारत से बाहर के सभी रामभक्तों की भावनाओं के प्रतिनिधि स्वरूप अपनी बात कर रहे हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया कि भारत की 140 करोड़ जनता और विश्व में अलग-अलग देशों में रह रहे रामभक्तों का यह ऐसा स्वर है जो वर्षों से न्यायालयी प्रत्रावलियों में दबा हुआ था।

नरेंद्र मोदी जैसे संकल्पित और तपस्वी प्रधानमंत्री के प्रयासों से वह स्वर मुखर हुआ, अभिव्यक्ति पाया और एक दुर्लभ सपना आज साकार स्वरूप में सभी के सामने है। गृहमंत्री ने इस बात पर दिया कि 22 जनवरी 2024 का दिन आने वाले दस सहस्त्र वर्षों के लिए ऐतिहासिक बन चुका है। 22 जनवरी वह दिन है, जिसमें करोड़ों भक्तों की आशाएं, आकांक्षाएं सिद्ध हुई हैं। यह समग्र भारत के लिए आध्यात्मिक चेतना के पुनर्जागरण का दिन है। यह महान भारत की यात्रा के आरंभ का दिन है। और मां भारती को विश्व गुरु के मार्ग पर आगे ले जाने का एक पड़ाव है।

गृहमंत्री ने अपने उद्बोधन में राम, रामतत्व, राम के आदर्श, राम राज्य, राम का जीवन चरित्र, राम की यात्रा, उनके संघर्ष, उनके साहस, उनकी मार्यादा और लोक में राम की उपस्थिति पर बहुत विस्तार से चर्चा की। भारत के लिए राम कितने महत्वपूर्ण हैं, इसकी व्याख्या करते हुए गृहमंत्री ने स्पष्ट किया कि राम और राम के चरित्र के बिना भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। जो भी लोग भारत को पहचानना चाहते हैं, जानना चाहते हैं, जीना चाहते हैं, वे राम और रामचरितमानस के बिना जी ही नहीं सकते। राम का चरित्र और राम भारत के जनमानस के प्राण तत्व हैं। इसे सभी को समझना भी चाहिए और स्वीकारना भी चाहिए। जो लोग राम के अलावा भारत की कल्पना करते हैं, वे भारत को तो नहीं ही जानते हैं, बल्कि वे हमारी पराधीनता के समय का ही प्रतिनिधित्व कर रहे होते हैं। भारत के संविधान से लेकर महात्मा गांधी के रामराज्य तक की कल्पना में राम की महत्ता को गृहमंत्री ने वस्तार से समझाया।

भारत के संसदीय इतिहास में किसी गृहमंत्री का ऐसा सात्विक, आध्यात्मिक, दार्शनिक, लोकभाव से परिपूर्ण यह ऐसा संबोधन था, जो निश्चित रूप से भावी भारत की संसदीय परंपरा को एक अलग राष्ट्रोन्मुख दिशा देगा। यह वह क्षण था जब गृहमंत्री ने प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 से अब तक भारत की संसद में लिए जा चुके अनेक कठोर फैसलों का भी उल्लेख किया और यह भी स्पष्ट किया कि यदि नरेंद्र मोदी जैसा सक्षम नेतृत्व न होता, तो ये फैसले न लिए जा सकते थे और न ही लागू किए जा सकते थे। राममय हुए विश्व को बहुत स्पष्ट संदेश देते हुए गृहमंत्री ने कहा कि जय श्रीराम का नारा संघर्ष का नारा था जो अब जय सियाराम के रूप में लोक अभिवादन बनकर भारत को विश्वगुरु के पथ पर ले जाने वाला है।

## अपनी बात

**आजादी** के इतने साल बाद भी भारत में बेरोजगारी एक गंभीर समस्या बनी हुई है। इस समस्या के कारण व्यक्ति की मूलभूत आवश्यकताएं पूरी नहीं होतीं और न ही देश के विकास का विकास हो पाता है। सरकारों ने इस बेरोजगारी को दूर करने के लिए कई कदम उठाए, लेकिन अभी तक कोई बड़ी फलता हासिल नहीं हुई है। देश में बेरोजगारी बढ़ने से भ्रष्टाचार, आतंकवाद, चोरी, डकैती, अशांति तथा अपहरण जैसी घटनाएं होने लगती हैं, इसलिए अगर हम थोड़े नीति-नियम बनाकर चलें तो यह समस्या काफी हद तक कम हो सकती है।

बेरोजगारी से तात्पर्य ऐसे लोगों से है, जिनके पास कोई काम नहीं है या फिर वे लोग जो काम नहीं करते हैं। जब कोई शिक्षित या अशिक्षित काम करने योग्य हो और उसे काम न मिले तो वह बेरोजगारी की श्रेणी में आ जाता है। बेरोजगारी होने से किसी भी देश का आर्थिक विकास रुक जाता है। इसके अलावा बेरोजगारी व्यक्तिगत और पूरे समाज पर भी एक साथ कई प्रकार से नकारात्मक प्रभाव डालती है, जो बहुत चिंता का विषय है। बेरोजगारी के कारणों में जनसंख्या में वृद्धि, शिक्षा का अभाव, औद्योगिकरण, व्यवसाय, यातायात की सुविधा न होना आदि है जिस पर हमें पार पानी ही होगा।

**-मीनाक्षी शर्मा (नगरोटा बगवां)**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### पठानकोट-भरमौर एनएच लूणा के समीप बंद

**भरमौर।** पठानकोट-भरमौर नेशनल हाई-वे मंगलवार को लूणा के समीप आठ घंटे बंद रहा। जानकारी के अनुसार पहाड़ी से हो रहे लैंडस्लाइड के कारण सोमवार आधी रात के बाद रास्ता बंद हो गया। जिसके कारण दोनों ओर गाड़ियों की लंबी कतारें लगी रही। हालांकि सुबह 10 बजे के बाद यह सड़क वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दी गई। सड़क बंद होने के कारण कई लॉन्ग रूट की बसें समय पर नहीं जा पाई। वहीं दोपहर बाद बग्गा के रूंगरी नाला में एक निजी बस के फंस जाने के कारण दोबारा फिर रोड बंद हो गया। जिसके कारण यह सड़क एक बार फिर से छोटे व बड़े वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हो गई। हालांकि मंगलवार देर सांय यह सड़क एक बार फिर विभाग ने कड़ी में मशक्कत के बाद सभी प्रकार के वाहनों के लिए खोल दी।

### अंजना पंवार 23 से चंबा प्रवास पर

**चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेप्सवाल ने बताया कि राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की उपाध्यक्ष अंजना पंवार 23 फरवरी को चंबा प्रवास पर रहेंगी। वे इस दौरान सफाई कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक जीवन का अध्ययन करने तथा उनके पुनर्वास के लिए स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा को लेकर बचत भवन चंबा में आयोजित होने वाली समीक्षा बैठक की अध्यक्षता भी करेंगी। उनका रात्रि ठहराव चंबा में रहेगा तथा 24 फरवरी को स्थानीय कार्यक्रम रहेगा। वे 25 फरवरी को चंबा से प्रस्थान करेंगी।

### प्रवीण बने युवा कांग्रेस चंबा के उपाध्यक्ष

**भरमौर।** जिला चंबा के भरमौर विधानसभा क्षेत्र की कूरं पंचायत के निवासी प्रवीण कुमार को चंबा युवा कांग्रेस का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। युवा कांग्रेस की ओर से इस नियुक्ति का पत्र भी उन्हें सौंप दिया गया है। इससे पहले प्रवीण कुमार 2017 में शाहपुर एनएसयूआई कैंपस महासचिव से लेकर 2020-2022 तक चंबा लिहल कोठी महाविद्यालय और भरमौर महाविद्यालय में प्रभारी रहे हैं और 2022 में जिला चंबा के जिला संयोजक और वर्तमान में युवा कांग्रेस भरमौर विधानसभा के संयोजक पद पर काम कर रहे हैं। प्रवीण कुमार ने इसके लिए हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष निगम भंडारी जिला चंबा के यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष सुनाभ पठानिया हिमाचल प्रदेश के युवा के महासचिव चंबा जिला के प्रभारी जितेंद्र धीमान यूथ कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी आर्गेनाइजेशन होतम ठाकुर हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता अमित भरमौरी का आभार व्यक्त किया है। प्रवीण कुमार ने कहा है कि संगठन की ओर से उन्हें जो भी जिम्मेदारी सौंपी है उसका वह पूरी ईमानदारी व कर्तव्य निष्ठा से निर्वहन करेंगे।



### ड्राइविंग लाइसेंस का ट्रायल रद्द

**भरमौर।** एसडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा ने बताया कि उपमंडल भरमौर में खराब मौसम और बारिश का दौर जारी है। उन्होंने कहा कि उपमंडल भरमौर में गाड़ियों की पासिंग व ड्राइविंग लाइसेंस के ट्रायल के लिए तिथि निर्धारित की गई थी जिसे खराब मौसम होने के कारण आगामी आदेश तक रद्द कर दिया गया है।

### क्रिकेट टीमों को यूनिफॉर्म वितरित की



डलहौजी में यूनिफॉर्म वितरण के दौरान खिलाड़ी सामूहिक चित्र में।

**डलहौजी।** गुनियाला यूथ क्लब डलहौजी की ओर से क्षेत्र में नामी क्रिकेट टीमों को यूनिफॉर्म वितरित की गई। बताते चलें उन टीमों को यूनिफॉर्म बांटी गई है जो क्रिकेट में बीते काफी समय से अपना योगदान देती आ रही हैं। इस बारे में गुनियाला यूथ क्लब के अध्यक्ष प्रवीण टंडन ने बताया कि उनका एकमात्र उद्देश्य युवाओं का खेलों के प्रति रुझान बढ़ाना है। गुनियाला यूथ क्लब डलहौजी का एकमात्र यही उद्देश्य है कि आज का युवा पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी अपनी रुचि दिखाएं और समाज में एक सकारात्मक संदेश दे ताकि आने वाली पीढ़ी भी समाज में पनपने वाली कुरीतियों से बच सके और समाज में एक सकारात्मक उदाहरण पेश करें। यहां खेलें युवाओं को अच्छी सेहत अच्छी मानसिकता एवं नाम और शोहरत प्रदान करती हैं। इसलिए हर युवा को चाहिए कि अपनी पढ़ाई में से कुछ समय निकालकर खेलों को जरूर दें ताकि अच्छे स्वास्थ्य के साथ अच्छा मानसिक विकास भी हो सके।

### डॉ. चमन बने एचजीसीटीए चंबा के अध्यक्ष

**चंबा।** राजकीय महाविद्यालय चंबा में हिमाचल प्रदेश राजकीय महाविद्यालय प्राध्यापक संघ की स्थानीय इकाई चंबा का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से डॉ. चमन को अध्यक्ष, प्रोफेसर संजीव को उपाध्यक्ष, डॉ. वीरेंद्र को सचिव, प्रोफेसर केवल कृष्ण को संयुक्त सचिव एवं प्रोफेसर विजय को कोषाध्यक्ष चुना गया। सचिव डॉ. वीरेंद्र स्थानीय इकाई चंबा ने बताया कि चुनाव के पश्चात बैठक में महाविद्यालय के प्राध्यापकों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

### निष्पक्ष जांच तक जारी रहेगा धरना

**चंबा।** नगर परिषद चंबा हाउस में पार्टी विचारधारा खुल कर सामने आ गई है। जहां एक ओर भाजपा विचारधारा नप चंबा पार्षद दल परिषद की सत्ता में विराजमान है तो वहीं दूसरी ओर कांग्रेस विचारधारा के जीते चार वार्डों के पार्षद प्रदेश में कांग्रेस नेतृत्व सरकार होने के बावजूद जनहित विकास कार्यों की हाउस स्वीकृति के लिए लगातार पांच दिनों से सांकेतिक धरना दे रहे हैं। जिसका दौर मंगलवार को भी जारी रहा। हालांकि नप हाउस निर्णयों से खफा पार्षदों को मनाने के लिए नप उपाध्यक्ष द्वारा लगातार वार्तालाप कर प्रयास किया जा रहा है, लेकिन धरने पर बैठे पार्षदों द्वारा नप अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पर लगे आरोपों को निराधार करार देने की सूरत में अब इस मामले की निष्पक्ष जांच के स्वर बुलंद कर दिए हैं। जिसको लेकर दोनों पक्षों द्वारा उपायुक्त चंबा समक्ष जांच तक अपील की गई है। पांचवें दिन सांकेतिक धरने पर बैठे हरदासपुरा वार्ड पार्षद अंजू देवी, चौगान वार्ड पार्षद खालिद मिर्जा सुराड़ा वार्ड पार्षद उर्मिला जसरोटिया, सुल्तानपुर वार्ड पार्षद सीमा कुमारी व मनोनित पार्षद भावना गुलाटी सहित उनके समर्थकों का कहना है कि नप चंबा परिषद सत्ता विराजमान अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व समर्थक पार्षदों का कहना है कि निष्पक्ष जांच तक उनका धरना जारी रहेगा।

### बाल पोलियो प्रतिरक्षण अभियान पर चर्चा

**चंबा।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा डॉ. कपिल शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तर पर खंड चिकित्सा अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने आगामी माह में आने बाल पोलियो प्रतिरक्षण अभियान तीन मार्च 2024 पर चर्चा की और सभी खंड चिकित्सा अधिकारियों को इस अभियान की तैयारी करने के निर्देश दिए। इसी के साथ बैठक में खंड चिकित्सा अधिकारियों द्वारा भेजी गई मासिक रिपोर्ट का आकलन भी किया और महत्वाकांक्षी जिले के अंतर्गत चल रही योजनाओं और गतिविधियों की समीक्षा की।

### एक्ट के उल्लंघन पर हो सकती है सजा

**चंबा।** जिला में मैनुअल स्कैवेंजर (हाथ से मैला उठाने) अधिनियम 2013 के अंतर्गत जिला स्तरीय सर्तकता समिति की बैठक उपायुक्त मुकेश रेप्सवाल की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में की गई। उपायुक्त ने इस संदर्भ में नगर परिषद चंबा, डलहौजी छावनी, डलहौजी और बकलोह को विस्तृत सूचना उपलब्ध करवाने के निर्देश जारी किए। उन्होंने यह भी कहा कि चूंकि मैन्युअल स्कैवेंजिंग एक कुप्रथा है। मैनुअल स्कैवेंजर्स के साथ हो रहे सामाजिक भेदभाव और इन कार्यों से होने वाली बीमारियों से बचाने के लिए मैनुअल स्कैवेंजर्स एक्ट 2013 के तहत ऐसे कार्य प्रतिबंधित है। इस एक्ट का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्ति को कारावास या नकद जुर्माना अथवा दोनों सजाओं का प्रावधान है। उन्होंने सूखे और अस्वच्छ शौचालय (बिना सेप्टिक टैंक) के संबंध में भी अधिकारियों को सूचना उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला के एसडीएम से ऐसे मामलों को लेकर भी सूचना उपलब्ध करवाने को कहा। बैठक में जिला कल्याण अधिकारी चमन लाल शर्मा ने बताया कि मैन्युअल स्कैवेंजर की प्रथा पूरे तरह बंद है तथा जिला में कोई भी ऐसा मामला सामने नहीं आया है। इस अवसर पर नगर परिषद उपाध्यक्ष सीमा कश्यप, तहसीलदार संदीप कुमार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डलहौजी छावनी मेवल किस्टन सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# चंबा-तीसा मार्ग धंसा, यातायात ठप

## रखालू माता मंदिर के समीप डंगा धंसा, तीसा का संपर्क कटा

**अनंत ज्ञान, तीसा**

पिछले दो दिनों की भारी बारिश के कारण चंबा-तीसा मुख्य मार्ग रखालू माता मंदिर के समीप मंगलवार सुबह कुछ हिस्सा धंसने के कारण सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए पूरी तरह से बंद हो गया है। सड़क का डंगा धंस जाने के बाद शेष तीसा का संपर्क लगभग दूसरे क्षेत्र से कट गया है। लिहाजा चुराह विधानसभा क्षेत्र की 40 से अधिक पंचायतें चंबा मुख्यालय से कट चुकी है और यातायात प्रभावित हुआ। इस सड़क को पूरी तरह से बहाल होने के लिए तकरीबन दो सप्ताह का समय लग सकता है। हालांकि विभाग ने दूसरे रास्ते के जरिए गाड़ियों को आने जाने का विकल्प भी तैयार कर लिया है। बताते हैं कि यह सड़क पहाड़ काट के बनाई गई थी। नीचे हजारों फुट गहरी खाई है। अब नए सिरे से डंगा लगाना लोक निर्माण विभाग के लिए चुनौती भरा होगा। अधिशाषी अभियंता मंडल चुराह जोगिंद्र शर्मा ने कहा है कि इस सड़क को बहाल करने के लिए एक सप्ताह से अधिक समय लग सकता है। उन्होंने कहा है कि यहां पर सड़क पूरी तरह से बह गई है। लिहाजा विभाग प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द ही सड़क को बहाल करने का भरसक प्रयास करेगा तब तक हिमगिरी से होकर वाहन चंबा के लिए आसानी से आ जा सकते हैं।



रखालू माता मंदिर के समीप धंसा चंबा-तीसा मुख्य मार्ग।

### पगोला नाला में जलस्तर बढ़ा, सड़क बही



**तीसा।** जिला चंबा में गत तीन दिनों से हो रही बारिश का कहर चुराह विस क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। जहां चारों ओर नालों में उफान सहित मुख्य व संपर्क मार्गों पर इसका गहरा असर पड़ता नजर आ रहा है। ऐसा ही कुछ आलम चुराह के पगोला नाला चांजू नाला में देखने को मिला है। जहां पगोला नाला में पानी का बहाव बढ़ने से नाले से होकर गुजरने वाला मुख्य मार्ग भी बह गया। जिसके चलते सैकड़ों वाहन नाले के दोनों ओर फंस गए। हालांकि इसकी सूचना मिलते ही लोक निर्माण विभाग तीसा राहत व बचाव कार्यों में जुट गया। गौर हो कि पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश से लगातार तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। सोमवार रात को आसमान में बिजली गर्जन के साथ जोरदार बारिश होती रही जिस वजह से उपमंडल तीसा का चंबा मुख्यालय के साथ संपर्क कट हो गया है जगह-जगह लैंडस्लाइड और डंगे धसने की वजह से रोड ब्लॉक हो चुके है। जिस वजह से लोगों को पैदल ही अपनी मंजिल तक पहुंचना पड़ रहा है। उधर लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता जोगिंद्र सिंह का कहना है कि बारिश व प्राकृतिक आपदा के कारण चुराह क्षेत्र में मुख्य व अन्य संपर्क मार्गों को बहाल करने के लिए विभाग मशीनों व अन्य स्टाफ के साथ फील्ड में युद्धस्तर पर कार्य कर रहा है। जल्द ही बंद मार्गों को लोगों के आवागमन के लिए बहाल कर दिया जाएगा।

### बनीखेत मुख्य मार्ग पर एलपी ट्रक ने लगाया जाम

**डलहौजी।** बनीखेत पद्दर एनएचपीसी चौक से केवीएस स्कूल मुख्य मार्ग पर उस समय जाम की स्थिति पैदा हो गई जब एक एलपी ट्रक दो बड़ी प्लास्टिक की टंकियां ले जा रहा था। बताते चलें यह पानी की टंकियां इतनी बड़ी थी कि टंकियां पेड़ों की नीचे झुकी हुई बड़ी टहनियां में फस रही थी जिसके कारण ट्रक आगे नहीं बढ़ पा रहा था। जिसको लेकर टंकियों के मालिक ने वन विभाग से संपर्क किया और वन विभाग द्वारा उन बड़ी टहनियों को काटने की आज्ञा दे दी गई। जिस पर दो टहनियों को काटा गया जिसके बाद फंसा हुआ ट्रक निकल पाया और अवरुद्ध मार्ग भी बहाल हुआ। बताते चलें कि इसी मार्ग पर एनएचपीसी हॉस्पिटल, क्षेत्रीय कार्यालय एवं पावर ग्रिड ऑफिस, एचपीसी गैस एजेंसी के अलावा केवी स्कूल है। ट्रक के लगातार 3 घंटे फंसे रहने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

## गरोला बाजार में पागल कुत्ते ने कई लोगों को काटा

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

**क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांगा समस्या का समाधान**

भरमौर के गरोला बाजार में पागल कुत्ते के काटने से आधा दर्जन से अधिक लोगों को अस्पताल पहुंचना पड़ा है। पागल कुत्ते के आतंक के कारण यहां पर लोग बुरी तरह से सहम गए हैं। जानकारी के अनुसार सोमवार व मंगलवार दो दिन में पागल कुत्ते ने यहां पर आधा दर्जन से अधिक लोगों को अपना शिकार बनाया है। पागल कुत्ते के आतंक के कारण यहां पर लोगों को स्कूली बच्चों की जान का भी खतरा बन गया है।

मंगलवार को तीन लोगों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गरोला में इंजेक्शन लगवा लिया है। इसकी पुष्टि यहां पर तैनात डॉक्टर विवेक कुमार ने की है। इन कुत्तों के आतंक से ग्रामीण भी पूरी तरह से सहम गए हैं। बीडीसी सदस्य पवन शर्मा ने कहा है कि दो दिन में पागल कुत्ते ने अब तक कई लोगों को काट लिया है। जिसके कारण ग्रामीण पूरी तरह से सहम गए हैं। उन्होंने कहा है कि पागल कुत्ते ने यहां पर स्थानीय लोगों के पालतू कुत्तों को भी काटा है जिसके कारण यहां पर रेबीज फैलने का खतरा है।

उन्होंने प्रशासन व विभाग से मांग की है कि तुरंत इस समस्या से निजात दिलाई जाए ताकि समय रहते कोई बड़ी अनहोनी घटना न हो। वहीं पशुपालन विभाग के सहायक निदेशक राकेश भंगालिया ने बताया है कि उनके पास इस तरह की शिकायत आई है।

उन्होंने कहा है विभाग को पागल कुत्तों की पहचान करने के निर्देश दे दिए है। जैसे ही इसकी पहचान हो जाएगी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा ने कहा है कि उनके पास इस तरह की शिकायत आई है। विभाग को इस पर तुरंत कार्रवाई करने के लिए कह दिया गया है।

### चंबा में चिट्टे के साथ युवक धरा

**चंबा।** नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के अंतर्गत चंबा पुलिस को उस समय बड़ी सफलता मिली जब पुलिस थाना सदर चंबा को सूचना प्राप्त हुई की एक नौजवान नशीला पदार्थ लिए उसको ठिकाने लगाने की फिराक में है। पुलिस दल ने बिना समय गंवाए मौके वाली जगह पर दबिश देकर युवक को काबू कर जब उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 1.60 ग्राम चिट्टा बरामद करने में सफलता हासिल की। आरोपी की पहचान 34 वर्षीय विक्रम कुमार निवासी गांव लड्डी डाकघर हरदासपुरा तहसील एवं जिला चंबा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मादक द्रव्य अधिनियम के तहत पुलिस थाना सदर में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि पुलिस अधीक्षक चंबा अभिषेक यादव द्वारा की गई है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी युवक को माननीय अदालत में भी पेश किया गया है।

## चंबा अस्पताल में चिकित्सक नहीं लिख रहे हैं जेनेरिक दवाइयां

**आरके रांगड़ा, चंबा**

**सरकार व विभागीय निर्देशों का डॉक्टरों पर नहीं असर**

जब जेनेरिक दवाओं के नाम लिखने वाले स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत चिकित्सक ही जन औषधि केंद्र से जुड़ी योजना को तवज्जो नहीं देंगे तो कैसे जिला के गरीब एवं मध्यम वर्ग रोगी सस्ती दर पर मिलने वाली दवाओं से लाभांवित हो पाएंगे। ऐसा ही कुछ आलम पंडित जवाहर लाल मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा में चल रहा है।

हालांकि इस दिशा में सरकार के निर्देशानुसार जिला स्वास्थ्य विभाग ने ठोस कदम उठाते हुए डबल पर्ची प्रणाली को आरंभ किया है ताकि चिकित्सकों द्वारा रोगियों को दिए जाने वाले उपचार विवरण विभागीय रिकॉर्ड में भी रहे, लेकिन इसके बावजूद विभाग में कार्यरत कुछ एक विशेषज्ञ चिकित्सकों को छोड़ अन्य कोई भी चिकित्सक जेनेरिक नाम से दवाओं को लिखना गवारा नहीं समझ रहे हैं। गौर हो कि विभाग में कार्यरत चिकित्सक जहां जेनेरिक नाम से दवाएं कम लिख रहे हैं वहीं स्वास्थ्य विभाग स्वयं भी रोजाना चिकित्सालय में भर्ती बीपीएल, आईआरडीपी, विभिन्न स्वास्थ्य स्मार्ट कार्ड वर्ग से जुड़े रोगी लाखों रुपए की दवाओं की खरीद जेनेरिक दवाओं के नाम से कम व ब्रांड कंपनियों के नाम से अधिक कर रहा है। हालांकि सरकार व विभाग द्वारा महंगी दवाओं के मुकाबले में सस्ती जेनेरिक दवाएं लिखने के चिकित्सकों को सख्त निर्देश है तो फिर क्या वजह है कि विभागीय चिकित्सक व स्वयं विभाग जेनेरिक नाम की दवाओं को नजर अंदाज कर रहे हैं।

कई चिकित्सकों की नामी कंपनियों व दवा विक्रेताओं के साथ सांठ-गांठ है। वहीं जिला मुख्यालय व आसपास के क्षेत्रों में कार्यरत विशेषज्ञ व अन्य चिकित्सकों का कहना है कि जेनेरिक दवाएं न लिखने की मुख्य वजह रोगों के मुताबिक दवाओं का कोटा मौजूद न होना है। वहीं जो दवाएं जन औषधि केंद्रों में मौजूद है उनमें उतनी गुणवत्ता नहीं है। जिस पर पूर्ण रूप से विश्वास कर रोगी के उपचार के लिए इस्तेमाल में लाया जा सके। (अनंत ज्ञान)

> चिकित्सकों को जेनेरिक नाम से दवाएं लिखने के निर्देश जारी है। जिसके लिए विभाग द्वारा डबल पर्ची सिस्टम भी शुरू किया है। जिसके चलते जल्द ही विभाग रिकॉर्ड में दर्ज हुई रोगियों की पर्चियों की समीक्षा करेगा। जिसमें विभागीय निर्देशों का पालन न करने वाले चिकित्सकों पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
>
> **-डॉ. पंकज गुप्ता, प्रवक्ता, पंडित जवाहर लाल मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा।**

### जेएनवी चंबा में जागरूकता शिविर

**चंबा।** जवाहर नवोदय विद्यालय चंबा में कृषि विभाग, आतमा परियोजना एवं कृषि विज्ञान केंद्र सरू द्वारा आत्मा परियोजना के उपपरियोजना निदेशक डॉ. ओम प्रकाश की अध्यक्षता में सरकार की फ्लैगशिप योजना मृदा स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान विषयवाद विशेषज्ञ व मृदा परीक्षण अधिकारी डॉ. शिवानी राणा ने विशेष रूप से उपस्थिति दर्ज करवाई। जबकि जेएनवी के उपप्रधानाचार्य राकेश कटोच सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहा। इस अवसर पर आतमा परियोजना के उपपरियोजना निदेशक डॉ.ओम प्रकाश ने मृदा स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी सांझा की। डॉ. शिवानी राणा ने मिट्टी के परीक्षण एवं इसके महत्व की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया की मिट्टी की जांच के बाद ही आवश्यकता अनुसार खाद का प्रयोग किया जाना चाहिए।

## बनीखेत के वार्ड नंबर छह में बिजली गुल, लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**




ग्राम पंचायत बनीखेत के वार्ड नंबर छह में सोमवार रात करीब 10 बजे से लाइट गुल हो जाने के कारण स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। विद्युत आपूर्ति मंगलवार करीब तीन बजे बहाल हुई परंतु थोड़े समय बाद फिर बिजली आपूर्ति ठप हो गई। लोगों ने बताया कि उनके बच्चों के सालाना पेपर शुरू हो रहे हैं जिससे बच्चों की वार्षिक परीक्षा पर इसका सीधा प्रभाव पड़ रहा है। महिलाओं ने बताया कि इलाके में प्रचंड ठंड के कारण ठंडे पानी में हाथ नहीं डलता बिजली न रहने से ठंडे पानी में काम करना उनके लिए अत्यंत मुश्किल हो जाता है। स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग से मांग की है कि पद्दर में बिजली आपूर्ति सेवा का कोई स्थायी हल निकाला जाए ताकि उन्हें कई कई घंटों के बिजली के लगने वाले कट से निजात मिल सके। वहीं इस बारे में एसडीओ इंद्रजीत सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सोमवार रात भारी बारिश एवं तूफान के चलते लाइनों में खराबी आ गई थी जिसके कारण उन्हें ठीक करने में विभाग के कर्मचारियों को काफी समय लगा। जल्द ही समस्या को दूर कर दिया जाएगा। तो वहीं सीबीएसई बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं भी शुरू हो रही हैं जिसको लेकर विद्यार्थियों में बिजली न होने से उनकी पढ़ाई पर इन इसका सीधा असर देखने को मिल रहा है। बीते कई घंटे से बिजली आपूर्ति बहाल न होने से लोगों की ज्यादातर मोबाइल फोन बंद दुकानदारों के बिजली के नापतोल कडें बंद पड़े हुए हैं।

### खाई में गिरी कार चालक की मौत

**चंबा।** रजेरा-गागला मार्ग पर ऑल्टो कार के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं मामले की सूचना मिलते ही पुलिस थाना सदर चंबा दल ने मौके पर पहुंच मामला जहां दर्ज कर लिया। जबकि शव को कब्जे में लेकर उसका पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा में पोस्टमार्टम करवाया गया। जानकारी के अनुसार डिपो धारक चमन पुत्र लखु निवासी गांव गागला रोजमर्रा की भांति अपने डिपो को बंद करके घर जा रहा था मगर घर से कुछ दूर पहले ही वह अचानक गाड़ी से नियंत्रण खो बैठा। जिसके गाड़ी सड़क साथ लगती खाई में जा गिरी। चमन को दुर्घटनाग्रस्त कार से बाहर निकाला और तुरंत मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा उपचार के लिए लाया गया। चिकित्सालय में मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस थाना सदर दल ने मामला दर्ज कर जहां छानबीन आरंभ कर दी है। वहीं दुर्घटना में मारे गए डिपो धारक चमन के शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को संस्कार के लिए सौंप दिया। मामले की पुष्टि डीएसपी पुलिस हेडक्वाटर जितेंद्र चौधरी ने की है।

## सुल्तानपुर में द प्रेरणा इंस्पिरेशन संस्था ने लगाई अपनी पाठशाला




अपनी पाठशाला में मौजूद द प्रेरणा इंस्पिरेशन संस्था, सिवाना आईएएस अकादमी सुल्तानपुर के पदाधिकारी, सदस्य व बच्चे।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

इन्नरव्हील क्लब चंबा के सफाई अभियान के अंतर्गत मधु पुरी की अध्यक्षता में सिवाना आईएएस अकादमी सुल्तानपुर में द प्रेरणा इंस्पिरेशन संस्था की ओर से प्रायोजित अपनी पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें सेक्रेटरी अस्मिता अवस्थी, सदस्य पुष्पा अमर अथवा अन्य सदस्यों ने विशेष रूप से उपस्थिति दर्ज करवाई। द प्रेरणा इंस्पिरेशन संस्था चंबा के संस्थापक दीपक भाटिया ने बताया कि झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले जरूरतमंद बच्चों में शिक्षा का अलख जगाने सहित सफाई के बारे में भी जागरूक किया जा रहा है। जिसमें करीब 130 बच्चें शामिल रहे।

इस मौके पर क्लब की तरफ से सेक्रेटरी अस्मिता अवस्थी, पुष्पा अमर, अनिला शर्मा, नीरू वर्मा, ज्योति सम्मी, पाली, सुनंदा पुरी, सुनैनी मेहता, बिंदु, उपासना सम्मी मौजूद रहे। जबकि प्रेरणा द इंस्पिरेशन से हरीश ठाकुर, रवि, हिमांशु ठाकुर, हितेन रैना, खुशी, शुभ, मीनू शम, शिक्षानी ठाकुर, राहुल ठाकुर और दीपक भाटिया का विशेष आभार किया।

**प्रयास** | भूस्खलन को रोकने के लिए पहली बार उच्च तकनीक से तैयार की डीपीआर

# ग्राउटिंग वर्क से होगा मोहल्ला कश्मीरी का जीर्णोद्धार

**एमएम डैनियल, चंबा**

जिला मुख्यालय के मध्य स्थित चौगान वार्ड के मोहल्ला कश्मीरी में हो रहे भूस्खलन की रोकथाम के लिए पहली बार उच्च तकनीक से जीर्णोद्धार कार्य की योजना जिला प्रशासन के आदेशों पर लोक निर्माण विभाग चंबा द्वारा तैयार की गई है। जिसे महज इंतजार है तो अंतिम स्वीकृति सहित राज्य सरकार द्वारा तैयार डीपीआर योजना के तहत अनुमानित बजट की।

जिसको लेकर तमाम औपचारिकताओं को करने में जिला प्रशासन सहित लोक निर्माण विभाग चंबा इन दिनों डटे हुए हैं। गौर हो कि करीब 53 वर्षों से चौगान वार्ड अधीन मोहल्ला कश्मीरी में भूस्खलन कभी बरसात, कभी शीत ऋतु में तो कभी सूखे मौसम में होने से लगातार भूमि कटाव होता आ रहा है। जिसके परिणामस्वरूप जहां मोहल्ले में भूस्खलन से हुए भूमि कटाव से मोहल्ले का क्षेत्रफल कम होने सहित मोहल्ला वासियों को दो मकानों की क्षति तक का सामना पहले करना पड़ चुका है। वहीं एक अन्य सुरेश महाजन परिवार का आधा मकान इस भूस्खलन की भेंट चढ़ने से उन्हें मोहल्ला कश्मीरी से हरदासपुरा वार्ड अधीन मोहल्ला मुगला में मजबूरन नया मकान निर्मित करवाना पड़ गया।

गत दो वर्षों से मोहल्ला कश्मीरी में भूस्खलन का प्रभाव बढ़ने से गत वर्ष बरसात के दौरान छह-सात अन्य मकानों को भी भूस्खलन से खतरा उत्पन्न हो गया है। जिसमें चार से पांच मकान भूस्खलन के मुहाने तक पहुंच चुके है।

वहीं इस भूस्खलन में शहर परिसर तक को भी इस अंतिम खतरे के निशान में सर्वेक्षण दल ने शामिल किया है। इसकी एक वजह भूस्खलन स्थल क्षेत्र में हो रहे पानी का रिसाव है। जिसका दायरा कहां से आरंभ होता है यह भू-गर्भ में ही राज छिपा है। जिससे होने वाली तबाही का अंदेशा पूर्व में सर्वेक्षण दल जता चुके है। (अनंत ज्ञान)




ग्राउटिंग वर्क का प्रारूप।




लोनिवि की ओर से तैयार डीपीआर।

### उच्च तकनीक से तैयार की विशेष डीपीआर

यह पहली बार है कि लोक निर्माण विभाग चंबा द्वारा किसी क्षेत्र को संरक्षण देने के लिए उच्च तकनीक का इस्तेमाल कर ड्राइंग व प्रारूप तैयार किया गया हो। मोहला कश्मीरी में भूस्खलन को रोकने के लिए लोक निर्माण विभाग इंजीनियर विंग द्वारा आधुनिक एवं उच्च तकनीक के तहत डीपीआर तैयार की है। जिसमें ग्राउंटिग वर्क से भूस्खलन को रोका जाएगा। ग्राउटिंग वर्क के तहत भूस्खलन पहाड़ी में करीब डेढ़ मीटर भीतर एंकरिंग वोल्ट लगाएं जाएंगे। बॉयोटैक सोल मीडिया यानि बीएसएम तकनीक का प्रयोग किया जाएगा। यह ही नहीं इस कार्य के अतिरिक्त भूस्खलन क्षेत्र में लेवरिंग, नालों के जीर्णोद्धार कार्य को भी विशेष तकनीक के तहत निर्मित किया जाएगा। जिसके तहत इस निर्माण कार्य से भूस्खलन प्रभावित मोहल्ला कश्मीरी को वर्षों तक संरक्षण प्राप्त होगा।

### जिला प्रशासन कर रहा प्रयास: उपायुक्त

मुकेश रेप्सवाल उपायुक्त चंबा का कहना है कि चंबा मुख्यालय के मोहल्ला कश्मीरी में भूस्खलन की एक बेहद जटिल समस्या है। जिसमें वहां भूस्खलन के प्रभाव में आए पीड़ित परिवारों को सुरक्षित स्थान में शिफ्ट करने सहित पीडब्ल्यूडी विभाग माध्यम डिजास्टर मिटिगेशन फंड है उसके अंतर्गत तैयार कर चुके हैं। इसमें एक तकनीकी सलाहकार कमेटी गठित की है। लोक निर्माण विभाग द्वारा इस दिशा में उच्च तकनीक की डीपीआर तैयार कर ली है। जिसे इसी सप्ताह अंतिम स्वकृति के लिए टीएससीए शिमला भेजा जाएगा। जिसकी स्वीकृति मिलते ही सरकार से स्वीकृत बजट भूस्खलन रोकथाम कार्य के लिए प्राप्त हो जाएगा। जिला प्रशासन का प्रयास है कि मोहल्ला कश्मीरी में वित्त वर्ष में संरक्षण कार्य पूर्ण हो सकें ताकि भूस्खलन से भयभीत लोगों को राहत प्रदान करवाई जा सके।

### छात्रों को बताया मतदान का महत्व

**चुवाड़ी।** स्वीप टीम भटियात ने असिस्टेंट नोडल अधिकारी मीनल के नेतृत्व में सीनियर सेकेंडरी स्कूल-गनोर्टा का दौरा किया। इस मौके पर चुनावी साक्षरता क्लब का गठन भी किया। स्कूल की कार्यवाहक प्रधानाचार्य दीपा ने स्वीप टीम, सहायक रिटर्निंग अधिकारी, एसडीएम भटियात पारस अग्रवाल का धन्यवाद किया। जबकि बलवान सिंह ने अपने संदेश के माध्यम से छात्रों को प्रेरित किया कि वे आगामी लोकसभा चुनावों में अपने परिजनों को मतदान के प्रति प्रेरित करके अपना योगदान दे सकते हैं। स्वीप सदस्य नीतू, मंजू, अंजलि, मीनल ने भी विभिन्न गतिविधियों से योगदान दिया वहीं वरयाम सिंह ने वोट के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को मतदान के प्रति भी जागरूक किया। संकाय शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों, स्थानीय बीएलओ, पर्यवेक्षकों के साथ-साथ छात्रों को चुनावी शपथ भी दिलाई गई।

# पेन डाउन स्ट्राइक से अढ़ाई घंटे मरीज रहे परेशान

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में चिकित्सकों ने मांगों को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए पेन डाउन स्ट्राइक का आगाज किया है। मंगलवार को क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में सभी चिकित्सकों ने अपनी पांच मांगों के अब तक पूरा न होने पर विरोध जताते हुए पेन डाउन स्ट्राइक का रास्ता अपनाया है। अब से हर दिन अढ़ाई घंटे के क्षेत्रीय अस्पताल के सभी चिकित्सक पेन डाउन स्ट्राइक पर रहेंगे और इस अढ़ाई घंटे के अंदर सभी चिकित्सकों की सेवाएं बाधित रहेगी। इस पेन डाउन स्ट्राइक का सीधा असर ओपीडी में जांच के लिए आए सैकड़ों मरीजों पर पड़ेगा। (अनंत ज्ञान)

**मांगों को लेकर चिकित्सकों ने अपनाया कड़ा रुख**


क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में अपनी मांगों को लेकर पेन डाउन स्ट्राइक करते सभी चिकित्सक।

### मांगें मनवाने के लिए दिया दो हफ्ते का समय

**डॉ.** कल्याण ने बताया कि अभी सरकार को अपनी मांगें मनवाने के लिए दो हफ्ते का समय दिया जा रहा है, ओर उम्मीद भी है कि सरकार चिकित्सकों की मांगों को समझेगी ओर उसे मानेगी। इस समय पूरे जिले में स्थित सभी क्षेत्रीय अस्पतालों, प्राथमिक अस्पतालों ओर नागरिक अस्पतालों में पेन डाउन स्ट्राइक जारी रहेगा।

### ये हैं चिकित्सकों की पांच मुख्य मांगें

**एनपीए** यानी नॉन प्रेक्टिस अलाउंस को बहाल करना, एड्स कंट्रेल सोसायटी में परियोजना निदेशक का कार्यभार वापस स्वास्थ्य निदेशक को देने की मांग, निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं, जेडी, डीडी, सीएमओ, एसएमएस ओर बीएमओ को पात्रता एवं वरिष्ठता के आधार के आधार पर पदोन्नति देना ओर किसी को भी सेवानिवृत्त होने के बाद एक्सटेंशन न देने के बारे में मांग रखी गई है।

### इमरजेंसी सेवाएं रहेंगी जारी : डॉ. कल्याण

**जिला** चिकित्सा संघ कुल्लू के अध्यक्ष डॉ. कल्याण ठाकुर ने पेन डाउन स्ट्राइक के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 32 दिनों से अपनी मांगों को लेकर सरकार को अवगत करवाया गया था, मगर अब तक उन मांगों पर सरकार के द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है और इसी कारण पेन डाउन का रास्ता अपनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पेन डाउन स्ट्राइक सुबह 9.30 से लेकर 12.30 बजे तक रोजाना चलेगी ओर इस दौरान चिकित्सकों की सेवाएं बाधित रहेगी लेकिन इस दौरान इमरजेंसी सेवाएं जारी रहेगी।

## आयुर्वेदिक चिकित्सालय जाणा की छत तेज तूफान से उखड़ी


आयुर्वेदिक चिकित्सालय जाणा को हुए नुकसान का दृश्य।

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

आयुर्वेदिक चिकित्सालय जाणा की छत तेज तूफान के चलते उखड़ कर टूट गई। सोमवार को जब मौसम खराब था और ऐसे में देर रात को ऊझी घाटी में आंधी और तूफान आने से जाणा में कई मकानों की छतों को नुकसान पहुंचा है।

वहीं आयुर्वेदिक चिकित्सालय जाणा की छत भी तेज तूफान के कारण उखड़ गई है। हालांकि छत के उखड़ने से कोई जानी नुकसान तो नहीं हुआ है, परंतु लगातार हो रही बर्फबारी और बारिश के चलते चिकित्सालय के कर्मचारियों और आने वाले मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### पटवारी लेंगे नुकसान का जायजा : चिकित्सक दिव्या

**आयुर्वेदिक** चिकित्सालय जाणा की चिकित्सक दिव्या ने कहा कि सोमवार रात को तेज तूफान के आने से चिकित्सालय भवन की एक ओर की छत उखड़ गई, जिस कारण मरीजों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इस बारे में पटवारी को सूचित किया गया है और पटवारी मौके पर पहुंचकर आयुर्वेदिक चिकित्सालय जाणा को हुए नुकसान का जायजा लेंगे।

## हिमाचल के बजट में युवाओं की अनदेखी : पुष्पेंद्र

**पतलीकूहल।** मनाली विधानसभा से घुड़दौड़ गांव के भाजपा सोशल मीडिया विभाग मंडी संसदीय क्षेत्र के सह संयोजक पुष्पेंद्र ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार का दूसरे बजट में कुछ खास नहीं है। कांग्रेस के नेता बजट का गुणगान करते नजर आ रहे हैं। इस बजट में युवा वर्ग की अनदेखी की गई है। कुल मिला के इस बजट में कुछ खास नहीं है। इस बजट को सुक्खू का नहीं बल्कि दुख का बजट कहा जाए तो उचित रहेगा। जब सरकार आई थी तो बहुत सारी गारंटियों का वायदा किया गया था। उन सभी गारंटियों का कोई जिक्र तक नहीं है इस बजट में पिछले वर्ष की घोषणाओं को इस बार फिर दोहराया गया है। इस बार लोकसभा के चुनाव हैं युवा इसका जवाब जरूर देगी।



## न्यूज ब्रीफ

### मनीष बने प्रेस क्लब ऑफ कुल्लू के ज्वाइंट सेक्रेटरी



**कुल्लू।** प्रेस क्लब ऑफ कुल्लू की बैठक प्रधान धनेश गौतम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई और कई अहम प्रस्ताव भी पारित किए गए। इस अवसर पर ज्वाइंट सेक्रेटरी के खाली पद को भी भरा गया। सर्वसम्मति से मनीष ठाकुर को ज्वाइंट सेक्रेटरी चुना गया और विधिवत घोषणा की गई। इस अवसर पर प्रेस क्लब के तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### भुजुंड स्कूल की मरम्मत को दो लाख रुपए जारी

**केलांग।** बर्फबारी के बीच सोमवार को तूफान चलने के कारण राजकीय उच्च पाठशाला भुजुंड स्कूल के भंडारण कक्ष का छत उड़ गया था। घटना की सूचना मिलते ही उपायुक्त लाहौल स्पीति राहुल कुमार ने एसडीएम उदयपुर को हालात का जायजा लेकर एस्टीमेट भेजने को कहा है। जबकि उपायुक्त राहुल कुमार ने तत्काल क्षतिग्रस्त छत की मरमत के लिए 2 लाख रुपए जारी कर दिए हैं।



## स्वर्ग प्रवास से लौटे आराध्यदेव ऋषि जमदग्नि

**कमलेश वर्मा, मनाली**

जिला कुल्लू की ऊझी घाटी के आराध्यदेव ऋषि जमदग्नि स्वर्ग प्रवास से लौट आए हैं और अब मनाली के कुलंग गांव में देव कार्य को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। मंगलवार सुबह ही ऊझी घाटी के कुलंग, बुरूआ व मझाच गांव देव वाद्य यंत्रों से घाटी गूंज उठी है। ग्रामीण देवता के स्वर्ग प्रवास से वापसी पर खासे उत्साहित थे।

देवता जमदग्नि आज देवालय लौट रहे हैं। उनके लौटते ही देवालय के कपाट भी खोल दिए गए है। बुधवार को आराध्यदेव स्वर्ग का हाल ग्रामीणों को बताएंगे तथा धरती की दशा बताते हुए साल भर में होनी वाली घटना से ग्रामीणों को परिचित करवाएंगे।

मंगलवार सुबह ही उझी घाटी के कुलंग, बुरुआ व मझाच गांव देव वाद्य यंत्रों से गूंज उठे। दर्जनों कारकूनों संग देवता के गुर ने गांव के खरोड़ी नाला नामक स्थान पर देवता की टोकरी (पाहीगा) से देवता के मोहरों को निकाला। देवता के गुर ने एक घंटे से भी ज्यादा समय नंगे पैर व चोला पहनकर देवविधि को पूर्ण किया। बुधवार को देवता के प्रतिनिधि साल भर होने वाली घटनाओं सहित स्वर्ग का हाल लोगों को बताएंगे। फागली के बीच हो रहे हिमपात से उत्सव का मजा दोगुना हो गया है। कुल्लू घाटी के आराध्यदेव जमदग्नि ऋषि के स्वर्ग प्रवास से लौटते ही जिला के सभी 13 देवग्राहलयों के कपाट साल भर के लिए खुल गए हैं। देवग्राहलय मलाणा में पहले ही फागली शुरू हो गई है, जबकि कुलंग, मझाच, बुरुआ, शंगचर, जगतसुख, बटाहर, बड़ाग्रा, देवरी, छनी खोड, हामटा, सोयल और जाणा में देवता जमलू के कपाट खुल गए हैं। (अनंत ज्ञान)




ऊझी घाटी के आराध्यदेव ऋषि जमदग्नि स्वर्ग प्रवास से लौटने के बाद परंपरा का निर्वहन करते हुए।

**स्वर्ग प्रवास से लौटे, ग्रामीणों को आज बताएंगे साल भर का हाल**

## रोजगार सृजन पर प्रदेश सरकार का बजट मूक : शौरी

**कुल्लू।** प्रदेश सरकार द्वारा वित्त बर्ष के लिए बजट अनुमान पेश किया जा चुका है। मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा शनिवार को विधानसभा में बजट पेश किया गया। प्रदेश सरकार द्वारा बजट को हर वर्ग के हित को साधने वाला व नवोन्मेषी भविष्य के अभूतपूर्व बजट बताया जा रहा है। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों व वर्गों से अब इस बजट को लेकर प्रतिक्रियाएं भी सामने आनी शुरू हो गई हैं।

बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने इस बजट में अपनी चुनावी गारंटियों को छूने तक का प्रयास नहीं किया है। बेरोजगारी पर यह बजट पूरी तरह से मूक है। पुरानी योजनाओं के नाम बदलकर जनता को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। राजस्व बढ़ाने की बात कहने वाली सरकार इस बजट में ऐसा कुछ भी नहीं दर्शा पाई है और अपनी आय से अधिक खर्चा कर रही है।

### 23वां इंटर सीपीएसयू क्रिकेट टूर्नामेंट

## उद्घाटन मैच में टीएचडीसी की टीम रही विजयी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

एनएचपीसी द्वारा 19 से 24 फरवरी तक गुरुग्राम में पावर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (पीएससीबी) के तत्वावधान में 23वें इंटर सीपीएसयू टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट की मेजबानी कर रही है।

उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी ने एनएचपीसी और भाग लेने वाले संगठनों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में टूर्नामेंट का उद्घाटन किया।

उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी ने कहा कि 23वां इंटर सीपीएसयू क्रिकेट टूर्नामेंट स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और टीम-भावना से विभिन्न विद्युत क्षेत्र के संगठनों को एक साथ लाने के लिए एक आदर्श मंच है। यह टूर्नामेंट कार्य-जीवन संतुलन के लिए एक उत्कृष्ट अवसर है।

टूर्नामेंट में विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत सीपीएसयू, संगठनों की कुल 14 टीमें भाग ले रही हैं। कुल 46 लीग मैच खेले जाएंगे। सेमीफाइनल मैच 23 फरवरी को और फाइनल मैच 24 फरवरी को खेला जाएगा।

**टूर्नामेंट कार्य-जीवन संतुलन के लिए एक उत्कृष्ट अवसर**

एनएचपीसी और टीएचडीसी के बीच में खेले गए उद्घाटन मैच में टीएचडीसी की टीम विजयी रही। 19 फरवरी को खेले गए 11 अन्य मैचों में टीएचडीसी ने नीपको को हराया वहीं एनएचपीसी ने बीईई को हराया, डीवीसी ने सीईए को हराया, एनटीपीसी ने ग्रिड कंट्रोलर ऑफ इंडिया को हराया, पावरग्रिड ने पीएफसी को हराया, एसजेवीएन ने आरईसी को हराया, नीपको ने बीईई को हराया, ग्रिड कंट्रोलर ऑफ इंडिया ने सीईए को हराया, एनटीपीसी ने डीवीसी को हराया, बीबीएमबी ने एसजेवीएनएल को हराया और पावरग्रिड ने विद्युत मंत्रालय को हराया।

# अटल टनल के साउथ पोर्टल में चार फुट बर्फबारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

### मनाली-लाहौल का संपर्क कटा

जनजातीय जिला लाहौल स्पीति के साथ कुल्लू जिला के ऊंचे पहाड़ों पर बर्फबारी का दौर जारी है। हालांकि जिला कुल्लू में निचले क्षेत्र में दिन के समय धूप खिली लेकिन शाम के समय फिर से मौसम ने करवट बदल ली और बारिश का दौर शुरू हुआ। जबकि अब तक दो दिनों में कुल्लू और लाहौल स्पीति में हुई बर्फबारी की बात करें तो अटल टनल के साउथ पोर्टल व कोकसर में चार फुट ताजा बर्फ गिरी है।

**केलांग में डेढ़ फुट मोटी परत जमी, लोगों की समस्या बढ़ी**

जिस कारण मनाली और लाहौल का सम्पर्क कट गया है। जबकि पर्यटकों के वाहनों को नेहरुकुण्ड से आगे नहीं जाने दिया जा रहा है। यहां से आगे सोलंगनाला तक फोर बाई फोर वाहनों के ही भेजा जा रहा है। ऐसे में सोलंगनाला पर्यटकों की पहली पसंद बन गया है।


जनजातीय जिला लाहौल स्पीति के उदयपुर में वाहन को बर्फ में धक्का देकर निकालते हुए।

अटल टनल क्षेत्र में चार फीट से अधिक हिमपात हो चुका है जबकि क्रम जारी है। मंगलवार को नेहरु कुंड से आगे फोर बाय फोर वाहन ही सोलंगनाला तक भेजे गए। अटल टनल के दीदार को कुछ दिन इंतजार करना होगा। उन्होंने पर्यटकों से आग्रह किया कि वो पुलिस का सहयोग करें और दिशा निर्देशों का पालन कर शांति पूर्वक व सुरक्षित घूमने का आनंद लें।
-डीएसपी मनाली केडी शर्मा

### कहां कितनी बर्फ गिरी

**रोहतांग** पास में करीब 5 फीट, शिंकुला, बारालाचा व कुंजम में 3 से 5 फ़ीट तक बर्फवारी होने का अनुमान लगाया जा रहा है। अटल टनल के साउथ पोर्टल में 4 फीट, नार्थ पोर्टल में 2 फीट, जिला मुख्यालय केलांग में 1.5 फीट, उदयपुर में 1 फीट 9 इंच, काजा में 6 इंच, सिस्सू में 2 फीट ताज़ा बर्फवारी हुई है। उधर जलोड़ी पास में भी बर्फवारी के चलते यह मार्ग अब पैदल आवाजाही के लिए भी बंद हो गया है।

## प्रदेश की जनता को निराश कर गया कांग्रेस का बजट : गोविंद ठाकुर

**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार के द्वारा जो बजट जारी किया गया। वह बजट पूरी तरह से किसान बागवान और गरीब जनता के विरोध में है। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश में पर्यटन आर्थिक रीढ़ है। उसके लिए भी कांग्रेस सरकार ने बजट में कोई प्रावधान नहीं किया है। मुख्यमंत्री सुक्खू को घेरते हुए हिमाचल प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की जनता को उम्मीदें थी कि कांग्रेस सरकार का बजट उन्हें राहत लेकर आएगा। लेकिन बजट में सरकार के द्वारा ऐसा कोई प्रावधान नहीं किया गया। जिससे आम जनता को राहत मिल सके।



पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में बागवानी के माध्यम से सरकार को करोड़ों रुपए का राजस्व मिलता है, लेकिन बागवानों के हित के लिए कोई नई योजना शुरू नहीं की गई।

पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर का कहना है कि इसके अलावा कांग्रेस सरकार अभी तक अपनी पुरानी गारंटियों को पूरा नहीं कर पाई और अब नए जुमले जनता के बीच पेश किया जा रहे हैं।

सुक्खू सरकार ने 2023-24 में 5486 करोड़ और वित्तीय वर्ष 2024-25 में 5497 करोड़ रुपए ही लोन रीपेमेंट के लिए रखे गए हैं। सरकारें लोन लेती है विकास के लिए, लेकिन लोन चुका भी देते हैं लेकिन यह सरकार सिर्फ लोन लेने में विश्वास रखती और दूसरे लोगों पर आरोप लगाने यकीन रखती हैं।

## आनी में रॉयल कप क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

**अनंत ज्ञान, आनी**

आनी के रानी बेहड़ा खेल मैदान में मंगलवार से यूथ क्लब द्वारा आयोजित रॉयल क्रिकेट कप प्रतियोगिता 2024 शुरू हो गई, जिसका विधिवत शुरूआत आनी पंचायत के प्रधान लाल सिंह और बीसीसी आनी के सचिव राजेश ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में रिबन काटकर किया। मुख्यातिथि राजेश ठाकुर ने बल्लेबाजी कर प्रतियोगिता आगाज किया।

वहीं मुख्यातिथि प्रधान लाल सिंह व बीसीसी आनी के सचिव राजेश ठाकुर ने रॉयल कप क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन के लिए यूथ क्लब को बधाई दी। प्रधान लाल सिंह व बीसीसी सचिव राजेश ने 21 हजार की राशि भेंट की।

रॉयल कप क्रिकेट प्रतियोगिता का पहला मैच रोडीज इलेबन व्युन्गल और नागा बायज् लगौटी के मध्य खेला गया, जिसमें नागा बायज् लगौटी टीम ने मैच को अपने नाम किया।

इस प्रकार मैच में नागा बायज् लगौटी विजेता घोषित हुई। मैच में राहुल मैन आफ द मैच रहे। इस मौके पर मुख्यातिथि प्रधान लाल सिंह व बीसीसी आनी के सचिव राजेश के साथ क्लब के प्रधान संदीप, सचिव नवीन, कोषाध्यक्ष विजय ठाकुर, उपाध्यक्ष विक्की ठाकुर, मीडिया प्रभारी राकेश बिन्नी, एडवोकेट रूपेन्द्र व इन्द्र ठाकुर सहित क्लब के अन्य कई सदस्य मौजूद रहे।


रॉयल क्रिकेट कप प्रतियोगिता 2024 के शुभारंभ मौके पर आयोजक व टीम सामूहिक चित्र में।

## मतगणना के लिए चार केंद्र किए जाएंगे स्थापित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू जिला में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई है। इसी के दृष्टिगत मंगलवार को उपायुक्त कुल्लू एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तोरुल एस रवीश ने राजकीय डिग्री महाविद्यालय कुल्लू स्थित प्रस्तावित काउंटिंग सेंटर व स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि चारों विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना के लिए चार मतगणना केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जिनमें बंजार विधानसभा क्षेत्र की मतगणना धरातल मंजिल के आर्ट्स ब्लॉक में तथा स्ट्रांग रूम इसी मंजिल स्थित टेबल टेनिस रूम में, आनी विधानसभा क्षेत्र की मतगणना महाविद्यालय की प्रथम मंजिल में व स्ट्रांग रूम भी इसी मंजिल में स्थापित किया जाना प्रस्तावित है।

मनाली विधानसभा क्षेत्र के मतों की गिनती दूसरी मंजिल में तथा इसी मंजिल में स्ट्रांग रूम स्थापित करना प्रस्तावित है। कुल्लू विधानसभा क्षेत्र के मतों की गिनती तीसरी मंजिल स्थित बहुउद्देश्यीय हॉल में करनी प्रस्तवित है और स्ट्रांग रूम दूसरी मंजिल में बनाया जाना प्रस्तवित है।


उपायुक्त अधिकारियों से चर्चा करते हुए।

## लाहौल-स्पीति में बर्फबारी की सफेद चादर


लाहौल स्पीति की तिनन घाटी में वाहनों पर गिरी बर्फ। इस दौरान स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना भी करना पड़ा

## थासीभ्रा गांव में बिजलेश्वर युवक मंडल ने करवाया भजन संध्या कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

खराहल घाटी के थासीभ्रा गांव में बिजलेश्वर युवक मंडल थासीभ्रा कुल्लू द्वारा प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया, जिसमें सर्वप्रथम बिजलेश्वर युवक मंडल के अध्यक्ष उत्तम चन्द ने कार्यक्रम में पधारे हुए मुख्यातिथि, विशेष अतिथि, कलाकारों व सभी गण्यमान्य अतिथियों का स्वागत किया। साथ ही सभी सदस्यों व गांववासियों से आग्रह किया कि इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु अपना सहयोग हमेशा युवक मंडल पर बनाएं रखें। इस रंगारंग भजन संध्या कार्यक्रम में गांव के बुजुर्ग रिटायर्ड बीओ वन विभाग कुल्लू सेस राम ने बतौर मुख्यातिथि तथा रिटायर्ड जिला लोक संपर्क अधिकारी राम देव कपूर ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में मुख्यातिथि को कुल्लवी परम्परा अनुसार टोपी, चादर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा इस दौरान विशेष अतिथि, वार्ड पंच नीलम किशोर, महिला मंडल प्रधान बेगमा देवी, मेहमान कलाकार संजय पुजारी, निखिल कौशल व हीरा लाल को भी चादर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।


आयोजित वर्षगांठ समारोह के दौरान भजन संध्या में भाग लेते लोग।

इस भजन संध्या कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा खूबसूरत एवं मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। इस सम्पूर्ण कार्यक्रम का मंच संचालन वित्त सहसचिव मोहित द्वारा बखूबी निभाया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि ने अपने भाषण में बिजलेश्वर युवक मंडल द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। इस दौरान उत्तम चन्द, नीरज, सुमित, चुनी लाल, निशांत, मोहित, पदम सिंह, नरेश कुमार व रोहित उपस्थित रहे।


मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए आयोजक।

### पहल | पतलीकूहल में मिलेगी बच्चों को पुस्तकालय की सुविधा

## 800 पुस्तकों से बच्चे हासिल करेंगे शिक्षा

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

पतलीकूहल चौक के साथ बने ग्रामीण हाट की दूसरी मंजिल पर बच्चों को पुस्तकालय की सुविधा मिलने जा रही है। पतलीकूहल क्षेत्र के अंतर्गत पुस्तकालय खोलने की मांग छात्र काफी समय से कर रहे थे।

मंगलवार को खंड विकास अधिकारी मुकेश कुमार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें लिए फैसले के अनुसार 1 मार्च से स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय बच्चों के लिए पूर्ण रूप से खोल दया जाएगा।

मुकेश कुमार ने बताया कि 1 मार्च से पहले भी बच्चे पुस्तकालय आ सकते हैं मगर उनकी रजिस्ट्रेशन 1 मार्च के बाद शुरू होगी। 1 मार्च से पूर्व बच्चे अपने पाठ्यक्रम की पुस्तकें लाकर पुस्तकालय में पढ़ाई कर सकते हैं। मुकेश कुमार ने बताया कि पुस्तकालय में फिलहाल 800 किताबें मौजूद रहेंगी जो बच्चों के लिए पूर्णत उपलब्ध रहेंगी। (अनंत ज्ञान)


खंड विकास अधिकारी मुकेश कुमार बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

उझी घाटी के बच्चों की मांग थी कि पतलीकूहल में पुस्तकालय खोला जाए। बच्चों की पढ़ाई को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण हाट में पुस्तकालय खोला गया है। जिसका फायदा बच्चों सहित बुजुर्गों को भी मिलेगा। आने वाले समय पुस्तकालय का स्तर बढ़ाते हुए और पुस्तकें बच्चों को मुहैया करवाई जाएंगी।
-भुवनेश्वर गौड, विधायक मनाली, विधानसभा क्षेत्र।

### एक मार्च से शुरू होगा रजिस्ट्रेशन

**बच्चों** का रजिस्ट्रेशन 1 मार्च के बाद शुरू होगा। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि यह पुस्तकालय में कुल्लू घाटी के सभी बच्चों के लिए खुला रहेगा। उन्होंने कहा कि कटराईं हल्लान-2 दुआड़ा, मंडलगढ़, हुरंग, बड़ाग्रां रियाडा, पनगां पंचायत के बच्चों को पुस्तकालय का लाभ मिलेगा। बुजुर्गों के लिए अखबार सहित अन्य साहित्य पढ़ने की सुविधा भी यहां मिलेगी। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के अखबार व अन्य किताबें भी पुस्तकालय में उपलब्ध रहेंगी। पुस्तकालय का समय सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा। इस दौरान ग्राम पंचायत प्रधान गीता ठाकुर, पंचायत वार्ड सदस्य डोला राम डमेडू, इंदु शर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता निरु, मीना, कमेटी मैंबर रघुवीर सिंह, नरेश शर्मा, रजेश गुप्ता, कुशला, चेतन, नीलम, और पुस्तकालय के विद्यार्थी मौजूद थे।

## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा पार्षद सुनीता देवी हुई 'बागी'

**सुजानपुर।** नगर परिषद सुजानपुर में अध्यक्ष पद पर विराजमान भाजपा समर्थित वार्ड छह की पार्षद सुनीता देवी के खिलाफ पांच पार्षदों ने एडीसी मनीष यादव के समक्ष अविश्वास प्रस्ताव लाने का मांग पत्र सौंप दिया है। मजेदार पहलू है कि कांग्रेस के चार पार्षदों के साथ भाजपा की एक अध्यक्ष पद की दावेदार पार्षद महिला ने भी अध्यक्ष के खिलाफ बागी तेवर दिखाए हैं। भाजपा पार्षद ने बगावत कर कांग्रेस के चार पार्षदों के साथ अविश्वास प्रस्ताव लाने को लेकर खेली गई राजनीति पर शहर में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। स्थानीय जनता के अनुसार नगर परिषद के जीते हुए पार्षद शहर के विकास के लिए कोई कार्य नहीं कर रहे हैं। सभी पार्षद अपनी-अपनी राजनीति खेल रहे हैं। भाजपा की वार्ड दो की पार्षद शकुंतला देवी ने कांग्रेस के चार पार्षदों के साथ मिलकर जिला मुख्यालय में एडीसी मनीष यादव के समक्ष अध्यक्ष सुनीता देवी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश कर दिया। आगामी लोकसभा चुनावों से पूर्व उठाए गए इस कदम से भाजपा की किरकिरी तथा एकजुटता की पोल खोल कर रख दी है। मंगलवार को कांग्रेस समर्थित पार्षद वार्ड तीन से दीप कुमार, चार से मनोज ठाकुर, वार्ड आठ से बीना धीमान तथा नौ से मनीष गुप्ता ने भाजपा समर्थित शकुंतला देवी को अपने पाले में करके एडीसी मनीष यादव के समक्ष अविश्वास प्रस्ताव ला दिया।



एडीसी मनीष यादव को मांग पत्र सौंपते

### चोरों ने उड़ाए लाखों के गहने व नकदी

**नादौन।** भरमोटी पंचायत में डिग्री कॉलेज के पास वरिष्ठ पत्रकार कपिल बस्सी के घर में चोरों ने सेंध लगाकर लाखों के गहने व कैश चुरा लिया है। घटना के समय घर पर कोई नहीं था। घटना का पता मंगलवार को तब चला जब बस्सी के पड़ोसी उनके घर आए और दरवाजे खुले देखकर उन्होंने परिजनों को सूचना दी। बस्सी ने बताया कि सोमवार सुबह उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के घर आए थे, जबकि उनकी धर्मप ी दोपहर के समय अपने मायके आ गई थी और रात को बस्सी भी अपने ससुराल पहुंच गए थे। चोर दीवार फांद कर अंदर घुसे और घटना को अंजाम दिया। बस्सी ने बताया कि करीब आठ तोले सोने के गहने, आधा किलो चांदी के गहने व बर्तन सहित करीब 30,000 रुपए कैश ले गए। डीएसपी नितिन चौहान ने बताया कि खबर मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है।

### सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाइजर के साक्षात्कार 26 को

**हमीरपुर/नादौन।** एसआईएस इंडिया लिमिटेड शाहतलाई, बिलासपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 100 पदों पर भर्ती के लिए 26 फरवरी को उपरोजगार कार्यालय नादौन में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए 21 से 37 वर्ष तक के पुरुष उम्मीदवार भर्ती किए जाएंगे। उम्मीदवार कम से कम दसवीं पास होना चाहिए तथा उसकी लंबाई कम से कम 168 सेंटीमीटर होनी चाहिए। अगर कोई युवा यह योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है, तो वह अपने मूल प्रमाणों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है। चयनित उम्मीदवारों को मौके पर ही ऑफर लैटर प्रदान किए जाएंगे तथा उन्हें 16,500 से लेकर 19,500 रुपए तक मासिक वेतन मिलेगा। उन्होंने इच्छुक उम्मीदवारों से साक्षात्कार के लिए 26 फरवरी को सुबह 11 बजे उपरोजगार कार्यालय नादौन में उपस्थित होने की अपील की है। भर्ती के संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय के दूरभाष नंबर 01972-222318 या मोबाइल नंबर 85580-62252 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

### हिम समाचार ऐप डाउनलोड कर पाएं महत्वपूर्ण जानकारियां

**हमीरपुर।** प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और महत्वपूर्ण घोषणाओं की जानकारी तथा रोजाना ताजा समाचार आम लोगों तक पहुंचाने के लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा 'हिम समाचार' ऐप लांच किया गया है। इस ऐप में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रतिदिन शाम को छह बजे न्यूज बुलेटिन 'हिमाचल समाचार' प्रसारित किया जा रहा है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक राजीव कुमार ने बताया कि इस बुलेटिन में प्रदेश सरकार से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां तथा ताजा समाचार प्रसारित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आम लोग 'हिम समाचार' ऐप को अपने मोबाइल फोन में गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करके रोजाना सूचना एवं जनसंपर्क विभाग का बुलेटिन सुन सकते हैं।

### महिला को जान से मारने की धमकी, केस दर्ज

**भोरंज।** उपमंडल भोरंज के चमयोग गांव में एक महिला ने गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने पर दो लोगों के खिलाफ भोरंज पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कृष्णा देवी पत्नी होशियार सिंह गांव चमयोग ने शिकायत की है कि अनूप कुमार पुत्र पृथी चंद गांव चमयोग और उसकी पत्नी ने उसे गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दी है जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। मामले की पुष्टि जिला पुलिस अधीक्षक पदम चंद ने की है।

### आज का युग कंप्यूटर एवं तकनीक का युग

**धनेटा।** राजकीय महाविद्यालय धनेटा में एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि प्राचार्य ज्ञानचंद राणा ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की संयोजक प्रो. नीलम कुमारी ने मुख्यातिथि के व्यक्तित्व एवं उनके जीवन की विशेष उपलब्धियों पर प्रकाश डाला एवं महाविद्यालय के समस्त शिक्षक वर्ग एवं गैर-शिक्षक वर्ग तथा स्टूडेंट्स की वस्तु स्थिति से अवगत करवाया। मुख्यातिथि ने कर्म एवं जीवन में गुरु का महत्व और नैतिक एवं अनुशासित जीवन के ऊपर व्याख्यान दिया। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने कहा कि आज का युग कंप्यूटर एवं तकनीकी का युग है इसमें नाम की अपेक्षा काम प्रमुख है।।

### महिलाओं को स्वस्थ रहने के लिए किया प्रेरित

**भरेड़ी।** ग्राम पंचायत बाहक्वीं में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से 'वो दिन' कार्यक्रम के तहत महिलाओं को व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ विभागीय योजनाओं के जागरूक किया गया व योग क्रियाओं के द्वारा स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में धमरोल वृत के सुपरवाइजर अभिषेक ठाकुर ने कहा कि समाज के निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे में प्रदेश सरकार महिला हितैषी नीतियां महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विभाग के 'वो दिन' कार्यक्रम में तहत महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान योग प्रशिक्षक जालपा ने महिलाओं को योग क्रियाएं करवा कर स्वस्थ रहने के लिए जागरूक किया।

### डांगक्वाली में स्कूटी-बोलेरो में टक्कर



डांगक्वाली में बोलेरो और स्कूटी में टक्कर हो गई। इस हादसे में स्कूटी सवार प्रदीप कुमार पुत्र जगदीश लाल शर्मा गांव हलाना को मामूली चोटे आई हैं।

# अस्पतालों के बाहर लगी रही लंबी लाइनें

## मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में नहीं दिखा पेन डाउन स्ट्राइक का असर

**अनंत ज्ञान टीम, हमीरपुर/टौणीदेवी**

मेडिकल कालेज हमीरपुर को छोड़कर जिला के सिविल अस्पतालों और पीएचसी, सीएचसी में तैनात डॉक्टरों की अपनी मांगों को लेकर पेन डाउन स्ट्राइक मंगलवार से शुरू हो गई है। हड़ताल के दौरान डॉक्टर्स सुबह 9.30 बजे से 12 बजे तक रोगियों की जांच नहीं कर रहे हैं। जिसके चलते उपचार एवं जांच करवाने के लिए आए मरीजों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। हड़ताल के पहले दिन जिला की सभी पीएचसी, सीएचसी, सिविल अस्पतालों में रोगियों की लंबी लाइन देखने को मिली, जबकि मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में हड़ताल का कोई असर देखने को नहीं मिला।

इस दौरान उपचार करवाने के लिए आए लोग डॉक्टरों के ओपीडी में बैठने का इंतजार करते रहे। लोगों ने सरकार के प्रति अपना रोष व्यक्त किया और डॉक्टरों की मांगों को पूरा करने की मांग की। समाजसेवी इंस्पेक्टर सेवानिवृत्त प्यार चंद ने बताया कि मंगलवार को वह अपना चेकअप करवाने के लिए प्राइमरी हेल्थ सेंटर जंगलबैरी में आए थे। उनके साथ दर्जनों लोग यहां पर स्वास्थ्य लाभ के लिए पहले ही मौजूद थे।

डॉक्टरों की हड़ताल के निर्धारित समय तक उनका ओपीडी में उपचार नहीं हो पाया, जिसके चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हिमाचल प्रदेश मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन के हमीरपुर जिला के अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा ने बताया कि प्रदेशभर के डॉक्टरों ने सहमति के साथ पेन डाउन स्ट्राइक करने का फैसला लिया है, जिसके तहत 20 फरवरी से प्रदेश भर के डॉक्टरों ने अपनी मांगों को मनवाने के लिए पेन डाउन स्ट्राइक शुरू कर दी है। इस दौरान आपातकाल सेवाओं में मरीजों का इलाज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संघ की मांगों के लिए पक्ष में समितियां को बनाने की बात की गई है, लेकिन जो समितियां बनाई गई हैं, डेढ़ वर्ष से विभागीय प्रमोशन कमेटी अधिकारी की प्रमोशन करने में असफल रही हैं, ऑनलाइन माध्यम से एसीआर ली जा सकती है, इसके बाद भी डीपीसी के माध्यम से आज तक डीपीसी की पदोन्नति नहीं हो पाई है। रोजगार के इंतजार कर रहे डॉक्टर भी विभाग के सुस्त रवैये के चलते शिकार बनते जा रहे हैं, चिकित्सकों की सीनियोरिटी लिस्ट बनाने के लिए कमेटी गठित की गई थी।





सिविल अस्पताल टौणीदेवी में डॉक्टरों की हड़ताल के चलते ओपीडी खाली तथा (दाएं) इलाज करवाने आए मरीज डॉक्टर का इंतजार करते हुए।

### आठ वर्ष बाद भी नहीं बन पाई सीनियोरिटी लिस्ट

आठ वर्ष पूरा होने के उपरांत भी कोई सीनियोरिटी लिस्ट नहीं बन पाई है। उन्होंने कहा कि जनहित में जो भी डॉक्टर की डिमांड है उसे प्रदेश की सरकार पूरा करे जिससे इलाज करवाने के लिए आने वाले रोगियों को सुविधा मिल सके। उन्होंने बताया कि संघ ने पहले ही सरकार और विभाग के उच्च अधिकारियों को इसके बारे में अवगत करवा दिया था।

## भुक्कड़ स्कूल में फेयरवेल पार्टी में थिरके बच्चे



**भरेड़ी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुक्कड़ में 12वीं कक्षा का विदाई समारोह आयोजित किया गया, इसमें 11वीं कक्षा के बच्चों ने 12वीं कक्षा के स्टूडेंट्स का फेयरवेल पार्टी में भव्य स्वागत किया। प्रधानाचार्य देशराज कमल ने कहा कि विद्यार्थी जीवन हर छात्र से सुनहरा व यादगार होता है, क्योंकि स्कूली शिक्षा के दौरान की मेहनत जीवन के लक्ष्य तक पहुंचाने के सहायक होती है। उन्होंने कहा कि 12वीं कक्षा के बाद उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अगला पड़ाव शुरू होता है। इस दौरान कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। इस अवसर पर स्टूडेंट्स ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया तथा विदाई समारोह का आनंद लिया। इस दौरान 12वीं कक्षा के मनीष कुमार को मिस्टर फेयरवेल चुना गया तथा उसे हिमाचली टोपी पहना कर सम्मानित किया गया।

## उच्च शिक्षा उपनिदेशक स्टूडेंट्स को परीक्षा के दबाव से बचने के दे रहे टिप्स

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित 10वीं व 12वीं की वार्षिक परीक्षाएं पहली मार्च से शुरू हो रही हैं जिसे सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में आयोजित किया जाएगा। वार्षिक परीक्षाओं को सही ढंग से संचालित करने के लिए उच्च शिक्षा उपनिदेशक अनिल कौशल जिन स्कूलों में परीक्षा केंद्र स्थापित हैं, वहां पर सरप्राइज विजिट कर रहे हैं। इसके अलावा छात्र बिना किसी स्ट्रेस के परीक्षा में बैठे, इसके लिए उपनिदेशक स्वयं स्कूलों में जाकर बच्चों को उत्साहित कर रहे हैं, वहीं अध्यापकों को भी छात्रों के मन से परीक्षा के डर को निकालने के लिए उत्साहित करने के प्रेरित कर रहे हैं।

**परीक्षा में नकल को रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरों की होगी जांच**

बोर्ड की परीक्षाओं में कोई भी छात्र नकल न कर सकें इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग पूरी सतर्कता के साथ काम कर रहा है। बोर्ड की परीक्षाओं के लिए जिला के विभिन्न सरकारी, प्राइवेट स्कूलों में स्थापित 155 परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, बोर्ड की परीक्षाएं निगरानी सीसीटीवी कैमरे से भी की जाएगी। इसके अलावा उड़न दस्ते भी नकल को रोकने के लिए परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण करेगी। उच्च शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय की टीम भी बोर्ड की परीक्षाओं में नकल को रोकने के लिए विभिन्न स्कूलों में निरीक्षण करेगी। साथ ही सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण परीक्षाओं के दौरान करेगी, हालांकि उच्च शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय से सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों को पहले ही सीसीटीवी कैमरों को दुरुस्त करने के निर्देश जारी किए हैं। वहीं शिक्षा बोर्ड की अपनी टीम, एसडीएम के नेतृत्व में बनाई गई टीम, प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय की टीम, निरीक्षण विंग की टीम भी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करेगी। इस बारे में उच्च शिक्षा उपनिदेशक अनिल कौशल ने बताया कि बोर्ड की परीक्षाओं के दौरान कोई भी छात्र नकल करते हुए पकड़ा जाता है तो उसके खिलाफ नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि छात्रों के मन से परीक्षा के डर को खत्म करने के लिए उत्साहित किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

## प्लांट टिश्यू कल्चर रिसर्च लैब का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर रिसर्च डॉ. कुलदीप कुमार ने बताया कि यूनिवर्सिटी में प्लांट टिश्यू कल्चर प्रयोगशाला का उद्घाटन सॉर्घम यूनाइटेड, नेब्रास्का, अमेरिका के सीईओ नेट ब्लम और विश्वविद्यालय कुलाधिपति डॉ. पीएल गौतम ने किया।

इस अवसर पर प्रति कुलाधिपति डॉ. पील गौतम व सीईओ नेट ब्लम विश्वविद्यालय के दौरे से अत्यंत प्रसन्न और प्रभावित हुए। उन्होंने विश्वविद्यालय में चल रहे अनुसंधान वं विकास कार्यों की सराहना की व भविष्य में अनुसंधान वं विकास कार्यों में सहयोग करने की इच्छा व्यक्त की। साथ ही टीम के सदस्यों को महत्वपूर्ण कार्य करने के लिए प्रेरित भी किया। इस उद्घाटन समारोह पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजीव शर्मा, इंडिया मिलेट्स, इनीशिएटिव अध्यक्ष डॉ. सत्येन यादव, आईजी बायोटेक के डायरेक्टर विनोद सोनी, जीवॉन लाइफ केयर के डायरेक्टर सुप्रभा आर्य आदि उपस्थित रहे।



टिश्यू कल्चर प्रयोगशाला का उद्घाटन करते हुए अमेरिका के सीईओ नेट ब्लम और कुलाधिपति डॉ. पील गौतम।

## छात्राओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर

**धनेटा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सेरा में छात्राओं को प्रार्थना सभा में समग्र शिक्षा अभियान के तहत आत्मसुरक्षा के गुर सिखाए गए। इस दौरान छात्राओं को पंच मारना, किक से आत्म सुरक्षा, पंच मारने पर आत्मसुरक्षा सहित कई अन्य तरह के गुर दिए। कक्षा छठी से 12वीं तक की लड़कियों को एकदिवसीय प्रशिक्षण में विभिन्न तरीके बताए तथा अपनी सुरक्षा के लिए इनका प्रयोग करने के लिए जागरूक किया। उन्होंने लड़कियों से आह्वान किया कि वे प्रशिक्षण के तरीकों को बारीकी से सीखें तथा अपनी आत्मसुरक्षा के लिए इसका प्रयोग करें। प्रधानाचार्य बीएल कौशल ने बताया की लड़कियों को आत्म सुरक्षा के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिनका फायदा हमें लेना चाहिए।

## संदीप जसवाल भारतीय सेना में बने मेजर जनरल



**नादौन।** नादौन के भदरोल गांव के संदीप जसवाल भारतीय सेना में पदोन्नत होकर मेजर जनरल बन गए हैं, जिससे क्षेत्र में खुशी का महौल है। जसवाल के पिता ब्रिगेडियर लाल चंद जसवाल 33 वर्ष तक भारतीय सेना में सेवाएं देने के बाद रिटायर्ड हुए हैं, जबकि उसके दादा नंद सिंह 20वीं सदी के आरंभ में सेना में भर्ती हुए थे और प्रथम विश्व युद्ध में इराक व फ्रांस में सेवारत थे तथा परदादा भी सेना में सेवाएं दे चुके हैं।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जरूरतमंदों को बांटे कपड़े

**नादौन।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नादौन इकाई द्वारा वस्त्र बैंक का आयोजन नादौन महाविद्यालय के परिसर में किया गया, जिसमें महाविद्यालय के स्टूडेंट्स और अध्यापकों का पूरा-पूरा सहयोग रहा। वस्त्र बैंक एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा लोग अपने उपयोग में न आने वाले कपड़ों को जरूरतमंदों को देते हैं। कपड़े एकत्रित होने के बाद इकाई के कार्यकर्ताओं ने नादौन में जाकर जरूरतमंदों को वस्त्रों का वितरण किया।

### राजकीय शारीरिक शिक्षा संघ का चुनाव 25 फरवरी को

**नादौन।** हिमाचल प्रदेश राजकीय शारीरिक शिक्षा संघ का चुनाव 25 फरवरी को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कंदरौर में होगा। यह जानकारी देते हुए शारीरिक शिक्षा संघ जिला हमीरपुर के महासचिव संजीव कौशल ने बताया कि विगत पांच वर्षों से कार्यकारिणी का चुनाव नहीं हो पाया है, जिस वजह से शारीरिक शिक्षकों की समस्याओं को सरकार तक नहीं पहुंचाने में असुविधा होती रही है। अतः संघ का चुनाव करवाकर इस वर्ग की मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा।

### महिलाओं को पोक्सो एक्ट और योजनाओं की दी जानकारी

**हमीरपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग ने मंगलवार को उपमंडलीय विधिक सेवाएं समिति बड़सर के सहयोग से ग्राम पंचायत सौर के कार्यालय परिसर में एक जागरूकता शिविर आयोजित किया। इस शिविर में उपस्थित महिलाओं और पंचायत जनप्रतिनिधियों को विधिक साक्षरता, महिला एवं बाल सुरक्षा से संबंधित अधिनियमों जैसे पोक्सो एक्ट और घरेलू हिंसा रोधी अधिनियम इत्यादि के साथ-साथ महिला एवं बाल कल्याण से संबंधित विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

### गोवंश के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की

**सुजानपुर।** खैरी और समौना गोशाला में गो पालकों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में गोवंश के उत्थान को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर ठाकुर जमली धाम के प्रबंधक रसील सिंह मनकोटिया, भाजपा वरिष्ठ नेता प्यारे लाल शर्मा, कमलेश परमार और रमन भारती, सूबेदार कुलदीप और केशव शर्मा उपस्थित रहे। इन सभी ने गो सदनों का भ्रमण किया और उनकी समस्याओं को भी सुना, वहीं लाभकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की। भ्रमण करने आए गौशाला प्रबंधकों ने खैरी गोशाला के अध्यक्ष पुरुषोत्तम और समौना गोशाला के अध्यक्ष सेवानिवृत्त डीएसपी ओम प्रकाश व उनकी टीम द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की।

### जेईई मेन में आकाश बायजू के स्टूडेंट्स का शानदार प्रदर्शन

**हमीरपुर।** आकाश बायजू हमीरपुर के नौ स्टूडेंट्स ने जेईई मेन 2024 के पहले सत्र में 95 परसेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है, वहीं 17 स्टूडेंट्स ने 90 से अधिक परसेंटाइल हासिल किए हैं। इस अवसर पर क्षेत्रीय निदेशक परमेश्वर झा ने कहा कि स्टूडेंट्स का उल्लेखनीय प्रदर्शन व्यापक कोचिंग और अभिनव शिक्षण समाधानों के साथ स्टूडेंट्स को सशक्त बनाने के लिए आकाश बायजू की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिससे वे प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकें।

### जिला कांग्रेस अध्यक्ष की माता के निधन पर शोक सीएम ने जताया

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हमीरपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमन भारती की माता कमला देवी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। वह 76 वर्ष की थी और पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। उनका बुधवार को अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# धनेटा में जल्दी बनेगा बाइपास, भूमि अधिग्रहण प्रोसेस शुरू

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

### वर्षों से हो रहा है इंतजार, 1700 मीटर होगा लंबा, ट्रैफिक जाम से मिलेगी निजात

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

व्यापारिक दृष्टि से प्रमुख कस्बों में एक धनेटा कस्बे में बहुत जल्दी ट्रैफिक की बड़ी समस्या से निजात मिल जाएगी। यहां बाईपास रोड बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। भूमि अधिग्रहण से संबंधित फाइल विभाग में सरकार के पाले में डाल दी है। ऐसा आभास हो रहा है कि अगले एक डेढ़ साल में यह बाइपास बनकर तैयार हो जाएगा।

यह बाइपास तकरीबन 1700 मीटर लंबा होगा, लेकिन सबसे अहम बात यह रहेगी कि इसके निर्माण के बाद कस्बे में ट्रैफिक की समस्या से पूरी तरह छुटकारा मिल जाएगा। मौजूदा समय में जिस तंग सड़क से होकर सारा ट्रैफिक गुजरता है, उसमें बार-बार जाम की समस्या से वाहन चालकों को परेशानी नहीं उठानी पड़ती है। भूमि अधिग्रहण का मामला प्रपोजल बनाकर सरकार के पाले में चला गया है और अब लोगों से जमीन एक्वायर की जाएगी। (अनंत ज्ञान)



नादौन कस्बे में यही है वह तंग सड़क।

### टू-लेन सड़क की हो रही अपग्रेडेशन

**रंगस,** कांगु, धनेटा, बड़सर, शाहतलाई, कोटधार, वाघशाल, कैंची मोड़ और किरतपुर को जोड़ने वाली टू-लेन सड़क की जो अपग्रेडेशन हो रही है, उसी का हिस्सा यह बाइपास रहेगा। धनेटा बड़सर के बीच 24 किलोमीटर की दूरी है। इसके अलावा इस सारी सड़क की दूरी तकरीबन 92 किलोमीटर बनेगी। इसके लिए अलग-अलग हिस्सों में काम मुकम्मल हो रहा है। बाघशाल का पुल भी बनकर तैयार हो गया है। नादौन विधानसभा क्षेत्र में इस सड़क की अपग्रेडेशन के लिए काम अब सेंट्रल रोड फंड में चल रहा है।

> यह सारी 92 किलोमीटर सड़क तैयार हो रही है, इसमें जो हिस्सा बड़सर डिवीजन में आ रहा है, उसके लिए पर्याप्त धन अलग-अलग हिस्सों के लिए जुटा दिया गया है। बाइपास रोड भी धनेटा में बनेगा और इसका भूमि अधिग्रहण का काम शुरू कर दिया गया है। लगता है एक-डेढ़ साल में यह सारा रोड बनकर तैयार हो जाएगा।
> -राजेंद्र कुमार, एक्सईएन बड़सर

## बड़सर युवा कांग्रेस ने लोकसभा चुनावों को लेकर तैयार की रणनीति



बड़सर में बैठक के बाद युकां के पदाधिकारी व सदस्य सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**

युवा कांग्रेस बड़सर की बैठक रेस्ट हाउस मैहरे में आयोजित की गई, जिसमें आने वाले लोकसभा चुनावों को लेकर रणनीति तैयार की गई। बैठक में भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा चलाए गए बूथ जोड़ो, यूथ जोड़ो, शक्ति सुपर शी, न्याय दो, जय जवान, डोर टू डोर कैंपेन की जानकारी प्रदान की गई। लोकसभा चुनाव में भाजपा सरकार की जन-विरोधी नीतियों को जनता के बीच ले जाकर धरातल पर कैसे उतारना है, इस बारे रणनीति तैयार की गई। बैठक में मुख्यातिथि हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस के सह प्रभारी योगेश हांडा रहे। इस अवसर पर संयोजक नमन केडिया, हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के प्रभारी रजनीश मेहता, बड़सर युवा कांग्रेस अध्यक्ष विकास शर्मा, उपाध्यक्ष नितिन लखनपाल, अनुपम शर्मा और सौरभ, रिशव, विकास व अन्य युवा कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 100 बिस्तरों के बाद सिविल अस्पताल को मिला 35 कर्मचारियों का स्टाफ : राणा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

विधानसभा क्षेत्र सुजानपुर के विधायक राजेंद्र राणा ने कहा है कि पिछले वर्ष होली महोत्सव में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से सुजानपुर के सिविल अस्पताल को अपग्रेड कर 50 से 100 बिस्तर करने की मांग रखी थी, जिसे सरकार ने पूरा कर अब नए 35 पदों को भी स्वीकृति प्रदान कर दी है।



उन्होंने कहा कि नए स्वीकृति पदों में चिकित्सा अधिकारियों के चार, स्टाफ नर्स के 13, वार्ड सिस्टर के तीन, मैट्रन का एक, सीनियर लैब टेक्नीशियन के तीन, ओटीए के दो, लिपिक के दो व चालक का एक पद अनुबंध आधार पर भरे जाएंगे। इसके अलावा क्लास फोर के चार चौकीदार का एक पद नियमित रूप से भरने की स्वीकृति मिली है। विधायक राजेंद्र राणा ने इसके लिए मुख्यमंत्री सुक्खू व स्वास्थ्य मंत्री धनी राम शांडिल का सुजानपुर की जनता की ओर से धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि अब सुजानपुर में 100 बिस्तरों का अस्पताल होने से मंडी व कांगड़ा जिलों के लोगों को भी यहां बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

### विकास कार्यों के लिए 8.25 लाख की चौथी किस्त जारी

**विधायक** राणा ने विभिन्न विकासात्मक कार्यों के लिए 8.25 लाख की चौथी किस्त जारी की है, जिसमें ग्राम पंचायत चबूतरा के वार्ड नं सात में सड़क सुधार के लिए दो लाख रुपए, वार्ड नंबर एक एंबुलेंस रोड के लिए दो लाख रुपए, ग्राम पंचायत सिकांदर में ढांगू से कोहलवीं तक सड़क के लिए दो लाख रुपए, ग्राम पंचायत डेरा में लिंक रोड एससी बस्ती भड़ोला के लिए एक लाख रुपए, ग्राम पंचायत दाड़ला में लिंक रोड रोपा के लिए एक लाख 25 हजार रुपए शामिल हैं।

**खुलासा** — प्रिंसिपल पर लगाए पक्षपात के आरोप, कहा-टेंडर प्रक्रिया में बरती जा रही अनियमितता

# मेडिकल कॉलेज के नए परिसर में फर्नीचर खरीद का टेंडर कटघरे में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हमीरपुर के झोल सफर में निर्माण अधीन मेडिकल कॉलेज परिसर में फर्नीचर की खरीद के मामले को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। कॉलेज के प्रिंसिपल पर पक्षपात करने के आरोप लगाए गए हैं। मंगलवार को पत्रकार वार्ता में वेंडर नीरज ठाकुर ने कई सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि टेंडर प्रक्रिया में अनियमितता बरती जा रही है।

नीरज ने कहा कि एक ही कंपनी से पेंटेंट कंटेड को उठाया गया है। फर्नीचर के टेंडर को इस तरह बनाया गया है कि एक ही कंपनी पूरे नियम को पूरा कर सके। उन्होंने कहा कि प्री-क्वालिफिकेशन की शर्तें रखी गई हैं, हालांकि इस बारे में मेडिकल कालेज प्रबंधन से लेकर मुख्यमंत्री, हेल्थ सेक्रेटरी तक भी अपनी बात रख चुके हैं, लेकिन शब्दों के हेर-फेर करके एक ही कंपनी को टेंडर देने के लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है।

वेंडर ने आरोप लगाते हुए कहा कि मेडिकल कालेज प्रबंधन के द्वारा माक अप लिखा जा रहा है, लेकिन फाइनांशियल बिंड खुलने के बाद मॉक अप किया जाता है। उन्होंने कहा कि माक अप के माध्यम से दूसरी किसी भी कंपनी को बाहर निकालने के लिए कोशिश की जा रही है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि मेडिकल कालेज में प्रिंसीपल के द्वारा अनियमितताओं को बरतने का काम किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि कालेज प्रिंसीपल हमीरपुर के साथ दो बैठकों में सब कुछ विस्तार से जानकारी दी गई है और टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता बरतने की बात कही है, लेकिन फिर भी मेडिकल कालेज के प्रिंसीपल के अड़ियल रवैये के चलते टेंडर प्रक्रिया में धांधली की जा रही है। उन्होंने कहा कि दस करोड़ रुपए के फर्नीचर के लिए होने वाली टेंडर प्रतिक्रया को प्रिंसीपल के रवैये के चलते लटकाने का काम भी किया जा रहा है और अपने चहेते वेंडर को फायदा देने के लिए इस तरह का काम किया जा रहा है।



पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए नीरज।

> जो भी टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता न बरतने के आरोप लगा रहा है वह निराधार है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कालेज में जो भी फर्नीचर खरीदा जाना है, इसके बारे में मेडिकल कारपोरेशन ही तय करेगी। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज में आठ विभागों के एचओडी ने अपने विभाग के अनुसार फर्नीचर की डिमांड रखी है। उन्होंने कहा कि यदि टेंडर प्रक्रिया में जो भी गलत लग रहा है उसके बारे में लिखित में दे देते।
> -डॉ. रमेश भारती, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज हमीरपुर

# बिलासपुर में रबी की फसल पर मौसम की मार

## किसानों की सरकार से मांग : फसल के नुकसान की सहायता राशि प्रदान की जाए, कम बारिश होने से किसानों की फसलें हो रहीं बर्बाद


**बलवंत कमल, दधोल**

बिलासपुर जिले में रबी की फसल इन दिनों खराब होने लग गई है। घुमारवीं क्षेत्र के तहत आने वाली पंचायत दधोल के गांव पड्यालग गाहर गांव में फसल पर सूखे की काफी मार पड़ रही है, जिससे किसानों को काफी नुकसान भी हो रहा है। फसल के नाम पर खेतों में पौधों के डठल खड़े हैं। उनको काटकर पशुओं को चारे के रूप में खिलाना किसानों की मजबूरी हो गई है।



फसल की हालात को देखकर किसानों में मायूसी छाई है क्योंकि इस बार शुरुआती फसल को देखकर वो अच्छी फसल की आस लगाए बैठे थे। मगर अब लगता है कि उन्हें इस बार बीजाई का बीज भी पूरा वापस नहीं मिलेगा। अब किसानों ने सरकार से मांग की है कि इनको फसल के नुकसान की सहायता राशि प्रदान की जाए। किसानों का कहना है कि इस बार सभी जगह सूखे की मार पड़ी है और लगभग फसल खराब हो चुकी है। सरकार द्वारा फसल का बीमा करवाया जाता है किसान चाहते हैं कि उन्हें इस बार फसल बीमा के अंतर्गत फसल का मुआवजा मिले। उधर, बीमा कंपनी की तरफ से आए चंद्र शेखर ने कहा कि फसल की कटाई के समय राजस्व विभाग एवं कृषि विभाग की तरफ से जो आंकलन आएगा और बीमा कंपनी को भेजा जाएगा। उसी के अनुसार ही किसानों को मुआवजे की राशि तय की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### किसानों के लिए सूखे जैसी स्थिति : परमजीत




पड्यालग पंचायत के उपप्रधान परमजीत ठाकुर ने कहा कि समय पर बारिश न होने से फसल खराब हो चुकी है। किसान फसल काट कर पशुओं को डालने पर मजबूर हैं। अनाज के नाम पर किसान के लिए सूखे जैसी स्थिति है किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ लाजमी है।

### पशुओं के लिए चारे की आएगी कमी : मेहर



दधोल पंचायत के पूर्व प्रधान मेहर सिंह ने कहा कि इस बार फसल खराब होने से किसानों के लिए अनाज और पशुओं के लिए चारे की कमी आएगी। किसानों को उनका बीज भी वापस नहीं होगा, अतः उनको फसल बीमा योजना का लाभ मिलना अतिआवश्यक है।

### फसल बीमा से राहत दिलाई जाए : जोराबर



गाहर पंचायत के जोराबर पटियाल का कहना है कि इस बार समय पर बारिश न होने से उनकी जमीन के साथ-साथ सोहलद के गांव में रवि की फसल को बहुत नुकसान हुआ है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि किसानों को सूखा राहत में फसल बीमा से राहत दिलाई जाए।

## 23 को बिलासपुर कॉलेज में होगी खेलकूद प्रतियोगिता

**बिलासपुर।** बिलासपुर कॉलेज में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 23 फरवरी को कॉलेज के खेल मैदान में किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन सुबह 10 बजे कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर नीना वासुदेवा के द्वारा किया जाएगा। प्राचार्य ने जानकारी दी कि कॉलेज में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन हर वर्ष किया जाता है और इसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाता है, जिससे विद्यार्थियों मे खेलकूद के प्रति रुचि बढ़ाई जा सके। नवीन भारद्वाज ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर और 800 मीटर दौड़ करवाई जाएगी। उसके साथ हाई जंप, लॉन्ग जंप, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी प्रतिभागियों के लिए किया जाएगा।

# बिलासपुर के दो स्टूडेंट्स को भारत संसद में विचार रखने का मौका

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

नेहरू युवा केंद्र, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के सौजन्य से जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा संसद कार्यक्रम 2024 का आयोजन वर्चुअल मोड पर किया गया।

इसमें मुख्यातिथि के रूप में संयुक्त निदेशक, नेहरू युवा केंद्र संगठन नई दिल्ली प्रभात कुमार उपस्थित रहे। नेहरू युवा केंद्र संगठन की ओर से युवाओं के लिए अनेक गतिविधियों का आयोजन कर मंच प्रदान किया जा रहा है। बिलासपुर से इस प्रतियोगिता में राजकीय हाइड्रो अभियांत्रिकी महाविद्यालय बंदला की छात्रा सुनिशा शर्मा ने प्रथम स्थान तथा जेएनजीईसी के छात्र दीक्षित नायक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### दोनों विजेता राज्यस्तर पर करेंगे प्रतिनिधित्व





जिला युवा अधिकारी अतुल शर्मा ने दोनों विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए बताया कि दोनों विजेता राज्य स्तर पर जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। राज्य स्तर पर प्रथम, द्वितीय और तीसरे स्थान पर आने वाले युवाओं को राष्ट्रीय युवा संसद कार्यक्रम नई दिल्ली में भारत के संसद में अपने विचार रखने का मौका मिलेगा। साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर पहले विजेता को दो लाख दूसरे को 1.5 और तीसरे को एक लाख का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

## विजयपुर में चेतना संस्था के रजत जयंती समारोह में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल

# स्पेशल ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को नवाजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

विजयपुर में मंगलवार को चेतना संस्था के रजत जयंती समारोह की धूम रही। संस्था की संस्थापक डॉ. मल्लिका नड्डा की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में जहां राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, वहीं सेवा-इन-एक्शन की रूमा बेनर्जी, झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल व पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थिति दर्ज करवाई।



राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल स्पेशल ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को नवाजते हुए।

समारोह के दौरान स्पेशल ओलंपिक के तहत वर्ष 2017 में ऑस्ट्रिया में वर्ल्ड विंटर तथा 2019 में अबू धावी में वर्ल्ड समर गेम्स में मेडल जीतने और भाग लेने वाले अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों शिवांजलि, उषा, दीपक, पूजा, जसविंद्र, शुभम व पूजा को सम्मानित किया गया। चेतना संस्था के जन शिक्षण संस्थान की स्वाबलंबी योजना के तहत रक्षा देवी को सशक्त महिला सम्मान, स्टार्ट-अप के तहत अखिल व जगदीश को युवा सम्मान तथा प्रशांत को किसान सम्मान से नवाजा गया।

### 25 दिव्यांगों को 25 हजार की सहायता की प्रदान

स्वाबलंबन योजना के तहत 25 दिव्यांगों को 25-25 हजार रुपए की वित्तीय सहायता भी प्रदान की गई। दिव्यांग बच्चों को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के सपने के साथ 25 वर्ष पहले अस्तित्व में आई चेतना संस्था के प्रयास रंग ला रहे हैं। दो बच्चों के साथ शुरू किए गए स्पेशल स्कूल डे-केयर सेंटर में वर्तमान में बच्चों की संख्या 200 पहुंच गई है। अब तक लगभग 1500 दिव्यांग बच्चे इस स्कूल से शिक्षा व प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। इनमें से लगभग 500 बच्चे अलग-अलग क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। आत्मनिर्भर बनने के साथ ही वे अपने परिवार के लिए सहारा भी साबित हो रहे हैं। चेतना संस्था के बच्चे स्पेशल ओलंपिक में भी परचम लहराते आए हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर की समर व विंटर गेम्स में नौ स्वर्ण, सात रजत और 12 कांस्यों पदकों के साथ चेतना संस्था के प्रतिभाशाली खिलाड़ी कुल 28 पदक जीतकर अपने परिवारों और प्रदेश को गौरवांवित कर चुके हैं।

## डाइट जुखाला में प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**श्री नयना देवी जी।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट जुखाला में स्वयंसेवी शिक्षकों के प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। शिविर में 51 स्वयंसेवी अध्यापकों को अशिक्षित लोगों को शिक्षित करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण शिविर का समापन उपप्रधानाचार्य संजय शर्मा ने किया। प्रशिक्षण शिविर में स्वयंसेवी अध्यापकों को शिक्षार्थियों के साथ वातावरण निर्माण और सीखने सिखाने की विधियों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। जिला नोडल अधिकारी राकेश ठाकुर ने बताया कि राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद सोलन द्वारा तैयार की गई उल्लास प्रवेशिका को जल्द ही सभी स्वयंसेवी अध्यापकों के साथ साझा किया जाएगा, ताकि वह शिक्षार्थियों को ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड में शिक्षण कार्य करवाने में सफल हो सकें। स्वयंसेवी अध्यापकों को असाक्षरों को साक्षरता प्रदान करने का दायित्व प्रदान किया गया है।

## आयुष मिस्टर फेयरवेल, मिस फेयरवेल खुशी

**दधोल चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मोरसिंधी में कक्षा बाहरवीं के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जमा एक के छात्रों की ओर से आयोजित इस पार्टी में सबने मिलकर धमाल मचाया। फेयरवेल पार्टी का शुभारंभ उपप्रधानाचार्य संजीव कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान 11वीं कक्षा के छात्रों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम पेश किया गया। इस दौरान आयुष रनौत को मिस्टर फेयरवेल और मिस फेयरवेल खुशी को चुना गया। और मिस्टर परफेक्ट ध्रुव एवं मिस परफेक्ट रंजना को चुना गया। प्रोग्राम के अंत में स्कूल प्रिंसिपल व समूह स्टाफ की ओर से छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर शिव राम, राकेश चौहान, नीलम, स्नेह लता, राजेश शर्मा, तुलसी राम व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# कीकर-नवगांव पेयजल योजना का विरोध जारी, राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

कीकर-नवगांव पेयजल योजना का विरोध लगातार जारी है। इसी कड़ी में मंगलवार को अली खड्ड बचाओ संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने बिलासपुर में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से मुलाकात की।



कीकर-नवगांव पेयजल योजना के विरोध में राज्यपाल को ज्ञापन सौंपते हुए।

इस अवसर पर उन्होंने राज्यपाल को ज्ञापन भी सौंपा और इस पेयजल योजना के शुरू होने से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के बारे में भी बताया। इसी के साथ उन्होंने राज्यपाल से मांग की है कि इस योजना के विरोध को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा कुछ पदाधिकारियों और साधु-संतों पर की गई एफआईआर खारिज की जाए। उनका कहना है कि पुलिस द्वारा उनके खिलाफ जबरन एफआईआर की गई है, जिसका वह विरोध कर रहे हैं। समिति के अध्यक्ष रजनीश शर्मा ने कहा कि इस पेयजल योजना का निर्माण कार्य नहीं होने दिया जाएगा। वह किसी क्षेत्र में पेयजल के विरोधी नहीं हैं, लेकिन इस तरह की योजना का कार्य नहीं किया जाना चाहिए, जिससे दो दर्जन से अधिक पेयजल और सिंचाई योजनाओं पर संकट आए। एक पेयजल योजना को लेकर अन्य सिंचाई एवं पेयजल योजनाओं की बलि दी जा रही है, जो कि सही नहीं है। अर्की क्षेत्र के लोगों के लिए कहीं और से पेयजल व्यवस्था हो सकती है। इसके लिए सरकार को उचित कदम उठाने चाहिए।

## मांगों को लेकर डॉक्टरों की पेन डाउन स्ट्राइक

# ओपीडी में 12 बजे के बाद बैठे डॉक्टर्स

**अनंत ज्ञान टीम, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश चिकित्सा अधिकारी संघ ने पूरे प्रदेशभर के अस्पतालों में अपनी हड़ताल शुरू कर दी है।

डॉक्टर्स द्वारा पेन डाउन स्ट्राइक की जा रही है, जिसमें डॉक्टर्स 12 बजे तक ओपीडी में नहीं बैठ रहे हैं, जिसके चलते मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बिलासपुर मुख्यालय पर स्थित अस्पताल की बात करें, तो यहां पर मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सुबह से आए मरीजों को चिकित्सक ओपीडी में 12 बजे मिले, जिससे मरीजों की काफी लंबी कतारें भी अस्पताल में देखी गई साथ ही मरीज चिकित्सक की तालाश में इधर-उधर भटकते नजर आए। वहीं, सिविल



घुमारवीं अस्पताल में चेकअप के लिए इंतजार करते मरीज।

अस्पताल घुमारवीं में ओपीडी के बाहर मरीजों की कतारें लगी रहीं। मंगलवार को सिविल अस्पताल घुमारवीं में दोपहर 12 बजे के बाद ही मरीजों को इलाज मिल पाया, हालांकि इस दौरान आपात स्थिति से निपटने के लिए चिकित्सक मौजूद रहे, लेकिन दोपहर 12 बजे तक ओपीडी में डॉक्टर न मिलने से मरीजों को खासी परेशानियों का सामना करना पडा, जहां तीमारदार अपने मरीजों के साथ ओपीडी के बाहर चिकित्सकों के इंतजार में परेशान होते दिखे। पेन डाउन स्ट्राइक के चलते ओपीडी के कमरे खाली रहे। ओपीडी के बाहर लोग बेंच और सीढ़ियों पर बैठकर डॉक्टरों का इंतजार करते रहे। तो वहीं अस्पताल में पहुंचे मरीजों का कहना है कि वह सुबह साढ़े नौ चिकित्सकों का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन डॉक्टरों की स्ट्राइक होने के चलते उन्हें खासा परेशानियों का सामना करना पड़ा। पहले तो पर्ची काउंटर पर लंबी लाइन में लगना पड़ा।

# 22 को पंजगाई में लगेगा निशुल्क कैंसर जांच शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

चेतना संस्था के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 22 फरवरी को बरमाणा क्षेत्र के पंजगाईं में निशुल्क



कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। चेतना संस्था और ह्यूमैनिटी फर्स्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किए जाने वाले शिविर में पुरुषों में प्रोस्टेट कैंसर की जांच के लिए पीएसए परीक्षण, महिलाओं व पुरुषों के मुंह व ब्लड कैंसर की जांच, महिला स्तन कैंसर की जांच (मैमोग्राफी), शुगर, ब्लड प्रेशर व ईसीजी परीक्षण तथा नेत्र जांच जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। चेतना संस्था के प्रवक्ता स्वदेश ठाकुर ने बताया कि शिविर में डॉ. धर्मेंद्र, डॉ. कलश, डॉ. गुलशन, डॉ. रमण, डॉ. कुनाल महाजन, डॉ. एस डिसूजा, डॉ. शिवानी चंदेल, डॉ. भूपेंद्र शर्मा, डॉ. अनुपम शर्मा तथा डॉ. अभिषेक के साथ ही लगभग 30 सहायक विशेषज्ञों की टीम लोगों का हेल्थ चेकअप करेगी। वहीं, सुंदरनगर डेंटल कॉलेज से विशेषज्ञों की एक टीम भी दांतों की जांच करने के लिए शिविर में सेवाएं देगी।

सुबह 10 से दोपहर चार बजे तक आयोजित किए जाने वाले शिविर में डॉक्टरों के परामर्श के अनुसार मरीजों को निशुल्क दवाइयां और चश्मे भी वितरित किए जाएंगे। उन्होंने लोगों से इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाओं का बढ़-चढ़कर लाभ उठाने का आह्वान किया है।

## तमिलनाडु और पुडुचेरी में कॉटन कैंडी पर प्रतिबंध के बाद हिमाचल में भी जांच जारी

# घुमारवीं से खाद्य सुरक्षा विभाग ने भरे सैंपल

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

खाद्य सुरक्षा विभाग बिलासपुर की टीम द्वारा मंगलवार को घुमारवीं बाजार में कॉटन कैंडी का एक सैंपल भरा गया, जिसे जांच के लिए कंडाघाट लैब भेजा जाएगा।

विभाग के अधिकारियों के अनुसार यदि लैब रिपोर्ट के बाद यदि सैंपल मानकों के अनुरूप नहीं पाया जाता है, तो कॉटन कैंडी की बिक्री को रोक कर इसे प्रतिबंधित किया जा सकता है। बताते चलें कि हर किसी ने अपने बचपन में मुलायम और गुलाबी सी दिखने वाली एक स्वीट डिश जरूर चखी होगी। अकसर मेलों तथा शहर की गलियों में इसे बेचने वाले मिल जाते हैं तथा बच्चे हो या फिर जवान हर कोई इसे बड़े चाव से खाता है। आमतौर पर लोग इसे बुढ़िया के बाल के नाम से भी जानते हैं, लेकिन तमिलनाडु तथा



घुमारवीं से खाद्य सुरक्षा विभाग सैंपल भरते हुए।

पुडुचेरी में इसी कॉटन कैंडी यानी बुढ़िया के बाल की बिक्री पर प्रतिबंध लगने के बाद हिमाचल में भी खाद्य सुरक्षा विभाग सक्रिय हो गया है। विभाग के अनुसार इन दो राज्यों में इस कॉटन कैंडी में खतरनाक केमिकल पाया गया है, जिससे कैंसर जैसी बीमारी हो सकती है। इसी के चलते खाद्य सुरक्षा विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारी के एस ठाकुर की मौजूदगी में शहर में औचक निरीक्षण किया गया। यहां पर टीम को कैंडी बेचता हुआ एक प्रवासी मिला। इसके बाद टीम ने उसे प्रवासी के पास कॉटन कैंडी लेकर उसका सेंपल भरा। अब इस सैंपल को विभाग द्वारा कंडाघाट लैब जांच के लिए भेजा जाएगा।

अधिकारियों के अनुसार लैब रिपोर्ट में इस कॉटन कैंडी में मौजूद रंग में मिले केमिकल का पता चलेगा। यदि इसमें प्रतिबंधित रंग का इस्तेमाल होना पाया गया, तो इसे यहां भी प्रतिबंधित किया जा सकता है। अधिकारियों के अनुसार कॉटन कैंडी में प्रयोग किया जाने वाला यह केमिकल विभिन्न उद्योगों खाद्य पदार्थों को बनाने के लिए किया जाता है। यह केमिकल इतना जहरीला होता है कि यह कैंसर का कारण भी बन सकता है। (अनंत ज्ञान)

> तमिलनाडु में कॉटन कैंडी में खतरनाक केमिकल पाया गया है, जिसके बाद प्रदेश भर में कॉटन कैंडी के सैंपल भरे जा रहे हैं। घुमारवीं में भी एक सैंपल भरा गया है, जिसे कंडाघाट लैब भेजा जाएगा। रिपोर्ट मिलने के बाद ही आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
>
> **महेश कश्यप, सहायक आयुक्त, खाद्य सुरक्षा विभाग बिलासपुर।**

# मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदाता का जागरूक होना आवश्यक



पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के आयोजन पर मौजूद स्टूडेंट्स।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं की एनसीसी आर्मी विंग यूनिट चार एचपी आई कंपनी, हमीरपुर व सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम, स्वीप समिति द्वारा प्राचार्य राम कृष्ण की अध्यक्षता में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कृष्ण ने कहा कि स्वस्थ एवं मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदाता का जागरूक होना आवश्यक है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने सुंदर पोस्टरों के द्वारा मतदान के उद्देश्य तथा महत्व व भारत के विकास को सुनिश्चित करने में मतदाता की भूमिका को उजागर किया।

इस गतिविधि में प्रथम स्थान पर कृतिका बीए प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान पर जगदेव बीए प्रथम वर्ष व शालिनी धीमान बीए प्रथम वर्ष तथा तृतीय स्थान शिवानी शर्मा बीएससी द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। प्राचार्य कृष्ण ने इन गतिविधयों में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों की सराहना की।

## शिविर — विशेष संक्षिप्त कार्यक्रम के तहत बने नए मतदाताओं को वोट देने के लिए किया जाए प्रेरित

# नए मतदाताओं को वोट देने के लिए किया जाएगा प्रेरित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर बिलासपुर में मतदान प्रतिशता को बढ़ाने के लिए व्यापक स्वीप कार्यक्रम चलाया जाएगा। यह जानकारी तहसीलदार चुनाव विजय कुमार ने मंगलवार को स्वीप नोडल अधिकारियों के लिए आयोजित एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दौरान संबोधित करते हुए दी। उन्होंने स्वीप नोडल अधिकारियों से कहा कि विशेष संक्षिप्त कार्यक्रम के तहत बने नए मतदाताओं को वोट देने के लिए प्रेरित किया जाए। जनपदों में नामित किए गए, आइकन के माध्यम से अधिक लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया जाए। इसके साथ ही भारत निर्वाचन आयोग की



विजय कुमार आयोजित एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दौरान संबोधित करते हुए।

वेबसाइट तथा वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से आनलाइन नाम वोटर लिस्ट में चेक और संशोधित किया जा सकता है, इसके अतिरिक्त नो योर कैंडिडेट जैसे ऐप की जानकारी अधिक से अधिक लोगों को दी जाए। नायब तहसीलदार चुनाव विजय कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि एक मजबूत लोकतंत्र के लिए अधिक से अधिक भागीदारी व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी कार्यक्रम, जिसे स्वीप के नाम से जाना जाता है, भारत में मतदाता शिक्षा, मतदाता जागरूकता फैलाने और मतदाता साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए भारत के चुनाव आयोग का प्रमुख कार्यक्रम है। स्वीप का प्राथमिक लक्ष्य सभी पात्र नागरिकों को मतदान के लिए प्रोत्साहित करके और चुनाव के दौरान एक सूचित निर्णय लेने के लिए भारत में वास्तव में सहभागी लोकतंत्र का निर्माण करना है।

### स्वाइप कार्यक्रमों के उद्देश्यों की जानकारी दी

उन्होंने चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे स्वाइप कार्यक्रमों के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एक जनवरी के अलावा एक अप्रैल, एक जुलाई व एक अक्तूबर को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले मतदाता बन सकेंगे। इस अवसर पर जिला स्वीप नोडल अधिकारी हेमंत नेगी उपस्थित ईएलसी एसी स्वीप नोडल अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि गत लोकसभा चुनाव 2019 और विधानसभा चुनाव 2022 में राज्य प्रतिशत औसत से कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों के लिए विशेष स्वीप योजना तैयार किया जाएगा। विधानसभा चुनाव 2022 के दौरान झंडूता विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 58 पोलिंग स्टेशनों में राज्य औसत से कम मतदान हुई और घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 73 पोलिंग स्टेशनों में, जबकि सदर बिलासपुर के अंतर्गत 43 पोलिंग स्टेशनों में और श्री नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पांच पोलिंग स्टेशनों में राज्य औसत से कम मतदान हुई है।

# ग्रीष्मोत्सव की तैयारियां शुरू, मेला मैदान का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं सीर खड्ड किनारे मनाए जाने वाले जिला स्तरीय ग्रीष्मोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। मेले की तैयारियों को लेकर एसडीएम घुमारवीं गौरव चौधरी विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों सहित मेला ग्राउंड का निरीक्षण करने पहुंचे तथा सभी व्यवस्थाओं की जांच की। इस दौरान उन्होंने नगर परिषद को मेला स्थल की साफ सफाई के निर्देश दिए।

उन्होंने नगर परिषद को कुश्ती स्थल में उगी झाड़ियों को हटाने व स्टेडियम की साफ-सफाई करवाने के आदेश जारी किए। नगर परिषद के अधिकारियों को मेला ग्राउंड की ओर जाने वाले सभी मार्गों को दुरुस्त करवाने के लिए कहा, ताकि समय रहते मेला ग्राउंड को पूरी तरह से तैयार किया जा सके। इस दौरान एसडीएम



मेला मैदान का एसडीएम विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ निरीक्षण करते हुए।

ने बताया कि जल्द ही मेले के आयोजन के लिए बैठकों का दौर शुरू किया जाएगा, जिसमें सभी विभागों के लिए अलग-अलग समितियां बनाई जाएंगी तथा उन समितियां की जिम्मेदारी प्रबुद्ध लोगों के हाथों में रहेगी। इस दौरान जिला स्तरीय नलवाड़ी मेले को आकर्षक और भव्य बनाने के लिए अभी से प्रयास शुरू किए जा रहे हैं, ताकि मेले के आयोजन में किसी प्रकार की कोई कमी न रहे। मेले के दौरान आयोजित किए जाने वाले सभी कार्यक्रमों में लोगों की भागीदारी को बढ़ाने के लिए भी विशेष प्रयास किए जाएंगे क्योंकि यह मेला घुमारवीं की एक पहचान है तथा इसके पुराने स्वरूप को बनाए रखना हम सब का दायित्व है। बताते चले कि घुमारवीं में आयोजित होने वाले इस नलवाड़ी मेले का आयोजन हर वर्ष पांच से लेकर नौ अप्रैल तक किया जाता है क्योंकि नलवाड़ी मेले को प्राचीन समय से पशुओं की मंडी से जोड़कर देखा जाता रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### बीडीओ ने हिम ईरा शॉप का किया निरीक्षण

**बंगाणा।** खंड विकास अधिकारी सुभाष अत्रि ने लठियानी में हिम ईरा शॉप का निरीक्षण कर हिम ईरा शॉप की हालत व सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने पानी बिजली की कमी को देखते हुए सचिव को निर्देश दिए कि हिम ईरा शॉप में चल रही समस्याओं को शीघ्र हल किया जाए, ताकि आने जाने वाले पर्यटकों को भी कोई असुविधा न हो, शुद्ध पानी और बिजली संबंधी कार्य को तुरंत पूरा किया जाए। वहीं दूसरी तरफ थानाकलां में स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित डूने पत्तल व्यवसाय का भी निरीक्षण किया स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा किया जा रहा कार्य काफी सरहानीय है आज स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है इस अवसर पर एनआरएलएम से मिशन कार्यकारी प्रियंका शर्मा और क्षेत्रीय समन्वयक सुखदेव लठियानी पंचायत के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

### शिक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने पर दिव्यांशी सम्मानित

**जोल।** हिमोत्कर्ष साहित्य, संस्कृति एवं जन कल्याण परिषद के 50वें वार्षिक अधिवेशन में शहीद भगत सिंह मेमोरियल पब्लिक स्कूल सोहारी स्कूल की छात्रा दिव्यांशी ठाकुर पुत्री रजनीश कुमार को सम्मानित किया गया है। स्कूल के प्रधानाचार्य प्रभात शर्मा ने बताया कि दिव्यांशी ने पिछले सत्र में बोर्ड परीक्षाओं के दौरान दसवीं कक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपने माता-पिता और स्कूल का नाम प्रदेश भर में रोशन किया। उन्होंने बताया कि अधिवेशन का आयोजन जिला मुख्यालय के कन्या कॉलेज में रविवार को किया गया था। जिसमें दिव्यांशी को हिमाचल प्रदेश के अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं वरिष्ठ आईएएस अधिकारी ओंकार चंद शर्मा, बाबा फरीद यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति डॉ. राज बहादुर और पूर्व विधायक सतपाल रायजादा व हिमोत्कर्ष के प्रदेश अध्यक्ष जतिंदर कंवर के कर कमलों से सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि दिव्यांशी का प्रदेश की सबसे बड़ी संस्था द्वारा सम्मानित किया जाना स्कूल के लिए गौरवपूर्ण क्षण है। उन्होंने दिव्यांशी सहित उसके अभिभावकों को भी इसके लिए बधाई दी। साथ ही उन्होंने स्कूल के अन्य छात्र-छात्राओं से भी दिव्यांशी से प्रेरणा लेते हुए शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने का आह्वान किया।

### व्यक्तिगत स्वच्छता को लेकर दिए टिप्स



जागरूकता शिविर में उपस्थित विद्यार्थी व अन्य।

**मुबारिकपुर।** ग्राम पंचायत लोअर भंजाल के अंतर्गत राजकीय उच्च पाठशाला भंजाल लोअर में स्वच्छता के अंतर्गत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। भंजाल स्कूल में हुए इस आयोजन में छात्रों को व्यक्तिगत स्वच्छता के टिप्स दिए गए। यह ब्लॉक स्तरीय जागरूकता शिविर का संचालन बाल विकास परियोजना गगरेट की वृत्त पर्यवेक्षिका रमा कुमारी द्वारा किया गया। उपस्थित किशोरियों व महिलाओं को मासिक धर्म व स्वच्छता के बारे में जानकारी भी दी गई। महिलाओं व किशोरियों को अपना खान-पान सही रखने के लिए टिप्स दिए गए, ताकि वे एनीमिया रोग से बची रहें। उनसे अपील की गई कि वे अपने परिवार को भी इसकी जानकारी दें। इस मौके पर पोषण अभियान की को-ऑर्डिनेटर भारती देवी भी उपस्थित रहीं।

### धर्मपुर व तयाई में जांचा लोगों का स्वास्थ्य



धर्मपुर में लोगों के स्वास्थ्य की जांच करते डॉक्टर।

**हरोली/अंब।** केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा संचालित सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा का लोगों को लाभ मिल रहा है। इसी कड़ी में सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की हरोली टीम (प्रीति, रुचि, निहाल) ने डॉ. प्रदीप के नेतृत्व मे मंगलवार को ग्राम पंचायत धर्मपुर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इस दौरान करीब 70 लोगों की जांच की गई, जिसमें 40 लोगों के टैस्ट किए गए। जांच में उच्च रक्तचाप के 10, शुगर के आठ, जोड़ों के दर्द के 34 लोग पाए गए। वहीं सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम चिंतपूर्णी ने मंगलवार को ग्राम पंचायत तयाई में शिविर लगाकर 63 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। डा. शशांक की अगुआई में स्टाफ नर्स नीलम, लैब टेक्नीशियन वीरेंद्र व राहुल पर आधारित टीम ने गांव में विभिन्न रोगों से पीड़ित स्थानीय लोगों की स्वास्थ्य जांच की और मौके पर 21 मरीजों के अलग-अलग प्रकार के टेस्ट भी किए।

### राघव ने मुख्यमंत्री राहत कोष को दिया अंशदान



**गगरेट।** राजनीति को समाजसेवा का माध्यम बनाकर पीड़ित मानवता को समर्पित युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राघव ठाकुर ने अपने जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर मुख्यमंत्री राहतकोष में दीन-दुखियों की मदद के लिए एक लाख रुपए का योगदान दिया है। राघव ठाकुर ने चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन बबलू की उपस्थिति में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को एक लाख रुपए का चैक सौंपा। जन्मदिवस पर किए गए इस पुनीत कार्य के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू ने भी युकां अध्यक्ष राघव ठाकुर की सराहना की है। उन्होंने सभी युवा कांग्रेस साथियों से आह्वान किया कि वे अपना जन्मदिवस मुख्यमंत्री राहत कोष में यथासंभव अंशदान देकर मनाएं।

# बसंत विहार कॉलोनी में चाकू से कातिलाना हमला, दो गंभीर घायल

## पुलिस को आरोपी की पहचान का सुराग लगा हाथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

जिला मुख्यालय के समीप बसंत विहार कॉलोनी में एक व्यक्ति ने दो लोगों पर चाकू से कातिलाना हमला करने का मामला सामने आया है। यह घटना सोमवार देर रात की है। हमलावर घटना को अंजाम देकर फरार हो गया है, जिसकी तलाश के लिए पुलिस टीम संभावित ठिकानों पर दबिश के लिए रवाना हो गई है।

उधर दोनों घायल लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस में दर्ज रिपोर्ट के आधार पर सोमवार की देर रात को बसंत विहार कॉलोनी जो रक्कड़ की धर्माणी कॉलोनी के समीप है वहां खूनी वारदात सामने आई। इस कॉलोनी में एक महिला किराये के मकान में अपने बच्चे के साथ अकेली रहती है। इस महिला के घर में रात के समय किसी व्यक्ति ने हंगामा शुरू कर दिया और हंगामा बढ़ते देख आस-पास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए। उन्होंने देखा तो एक व्यक्ति आशी नामक किरायेदार महिला के साथ मारपीट कर रहा था। प्रत्यक्षदर्शी सीमा ने बताया कि आशी का बेटा भी भयभीत था और खुद की जान खतरे में होने का इशारा कर रहा था। मामला बिगड़ता देख उसने पड़ोसी रेणुवाला और उसके पति दीपक डोगरा को भी वहां बुला लिया। रेणुवाला और उसके पति ने आरोपी को ऐसा करने से रोकने के लिए जैसे ही पुलिस को फोन करने का प्रयास किया तो उस व्यक्ति ने चाकू से रेणु के पति पर कातिलाना हमला कर दिया। रेणुवाला पति को बचाने आगे बढ़ी तो उस व्यक्ति ने रेणु पर भी चाकू से वार कर दिया। वहां मौजूद सीमा ने जब शोर मचाना शुरु कर दिया जिसे देख आरोपी मौके से बाइक लेकर फरार हो गया।

सीमा और स्थानीय निवासियों ने किसी तरह से घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई थी। पुलिस को आरोपी की पहचान का सुराग हाथ लगा है और उसकी धरपकड़ के लिए टीम को संभावित ठिकानों पर दबिश के लिए भेज दिया है। यह आरोपी पठानकोट के आस-पास का बताया जा रहा है। थाना प्रभारी ऊना ने बताया कि आरोपी जल्द पकड़ा जाएगा।

### अज्ञात महिला के शव की हुई पहचान

**ऊना।** समीपवर्ती पीर निगाह रोड बसोली ले जंगल में मिली अज्ञात महिला के शव की पहचान हो गई है। यह महिला फगवाड़ा के फिल्लौर की बताई जा रही है। चालीस वर्षीय यह महिला कुछ दिनों से लापता थी और शादीशुदा थी। इस महिला के भाई और रिश्तेदारों ने उसकी पहचान की है। शव को परिजनों के हवाले कर दिया गया है। इस हत्याकांड की गुत्थी के सुलझने के पूरे आसार हैं। कुछ संदिग्ध लोगों से इस मामले में ऊना पुलिस पूछताछ कर सकती है।

### ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना का आरोप

**ऊना।** मैहतपुर निवासी पवन संधू की शादीशुदा बेटी दीक्षा ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया है। पुलिस ने उसके पति के खिलाफ मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है। दीक्षा ने बताया कि उसकी शादी पंकज कुमार वासी सैक्टर 1 मंगल क्लोनी पार्ट-2 करनाल हरियाणा के साथ करीब दो साल पहले हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही उसके ससुराल के लोग उसे प्रताड़ित करने लगे। उसने आरोप लगाया है कि उसके पति जो अमेरिका में नौकरी करता है। वहां किसी महिला के साथ मित्रता भी है। अब पति और उसके ससुराल पक्ष के लोग उसे प्रताड़ित करके घर से निकालने का प्रयास कर रहे हैं। अक्सर उसकी सास, ससुर और ननद उसके साथ मारपीट करती हैं, जब पति घर आता है तो मारपीट करते हुए उस महिला मित्र के साथ देर रात तक बातें और उसे शादी करने तक की बातें करता है। पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

### जेबीटी अध्यापिका से ऑनलाइन ठगी

**ऊना।** हरोली के ईसपर गांव की जेबीटी अध्यापिका ऑनलाइन ठगी की शिकार हुई है। अध्यापिका ने बताया कि उसे मोबाइल नंबर 90787-76147 से कॉल आई और स्वयं को मुझे पति का मित्र बताते हुए मुझसे कहा कि उसे अपनी बेटी की फीस जमा करनी है। उक्त रुपयों को इस फोन नंबर 90787-76147 पर डाल दीजिए। अध्यापिका ने उसके विश्वास के कारण 18000 अपने खाते से और शेष एक अन्य अध्यापिका के खाते से 46000 रुपए भिजवा दिए। अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसे वापसी की भेजी रकम के 20 हजार की फर्जी रसीद भेजी थी। हरोली पुलिस ने इस बारे मामला दर्ज कर लिया है।

### संतोषगढ़ से स्कूटी गायब

**संतोषगढ़।** अंतिम संस्कार में गए व्यक्ति की चोर स्कूटी पर हाथ साफ कर गए। स्थानीय वार्ड-3 निवासी के राज कुमार ने बताया कि वह जब किसी के अंतिम संस्कार में स्कूटी को सड़क के किनारे खड़ी करके गया था, लेकिन वापिस आया तो वहां स्कूटी नहीं थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# पेन डाउन स्ट्राइक का असर, क्षेत्रीय अस्पताल में बिना चेकअप लौटे मरीज

## अस्पताल के बाहर लगी रही लंबी कतारें, बाद दोपहर बहाल हुई स्थिति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों द्वारा मंगलवार को पेन डाउन स्ट्राइक की गई। इस दौरान सुबह साढ़े नौ बजे से लेकर दोपहर तक पैन डाउन स्ट्राइक की वजह से रोगियों और तीमारदारों को भारी परेशानी हुई। इस दौरान ऊना अस्पताल में उपचार के लिए आए लोगों को जानकारी के अभाव में वापस भी जाना पड़ा। चिकित्सकों के पेन डाउन हड़ताल के कारण क्षेत्रीय अस्पताल में डॉक्टर के कमरों के बाहर मरीजों की लंबी-लंबी कतारें लगी हुई थीं। दूर-दराज से आए हुए लोग डॉक्टर न मिलने के कारण काफी परेशान दिखाई दिए।



क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में उमड़ी रोगियों और तीमारदारों की भीड़।

निर्मला देवी, सुभाष चंद, अजय और राजेंद्र का कहना था कि कई रोगी और तीमारदार भाड़े पर वाहन लेकर आए थे। ऐसे लोग अपनी बीमारी का इलाज डॉक्टर से नियमित करवा रहे थे, लेकिन आज चिकित्सक के न मिलने के कारण वह एक तो अपना हेल्थ चेकअप नहीं करवा सके, वहीं टैक्सी का किराया भी उन्हें देना पड़ा है। अगर उन्हें पहले पता होता कि आज डॉक्टर की पेन डाउन स्ट्राइक है तो वह चेकअप कराने के लिए नहीं आते। इसी प्रकार अन्य मरीज भी डॉक्टर के इंतजार में बैठे हुए दिखाई दिए। हालांकि बाद दोपहर सेवाएं बहाल होने से कई रोगियों ने राहत की सांस ली।

### क्या कहते हैं चिकित्सक?

**जब** इस बारे में डॉक्टर से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि पहले एसोसिएशन के आदेश के मुताबिक उन्होंने काले बिल्ले लगाकर अपना विरोध जताया था। मांगें पूरी न होने के चलते एसोसिएशन के आदेश पर मंगलवार को आधा दिन पेन डाउन हड़ताल की गई, लेकिन इमरजेंसी सेवा सभी अस्पतालों में दी गई हैं।

# वित्तीय जागरूकता शिविर में दी विभिन्न योजनाओं की जानकारी

**अनंत ज्ञान, बसाल (ऊना)**

कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक सीमित शाखा डेरा बाबा रूद्रानंद बसाल द्वारा नाबार्ड के संयुक्त तत्वाधान में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में भारी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। शिविर की अध्यक्षता कांगड़ा केंद्रीय बैंक बसाल के प्रबंधक शिव कुमार ने की। उन्होंने लोगों को कृषि कार्ड, यूपीआई अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान सम्मन निधि योजना, जन सुरक्षा बीमा योजना, ग्राहकों के अधिकार, ऑनलाइन फ्रॉड तथा एटीएम प्रयोग करते हुए बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी।

इस मौके पर बैंक की तरफ से शिव कुमार, राज कुमार, सचिव द बसाल कोऑपरेटिव सोसाइटी गुरदेव सिंह, सदस्य महेंद्र कुमार ग्राम के निवासी अरुण कुमार, संजीव कुमार, जोगिंद्र सिंह, रविंद्र पाल, चमन लाल, सुरेश, भोलाराम, पूजा, कमल कांत, जसवीर कौर इत्यादि कई लोग उपस्थित थे।




शिविर में उपस्थित लोग तथा बैंक अधिकारी

# खैर के अवैध कटान पर विभाग ने लिया संज्ञान

**अंब।** उपमंडल अंब के अम्बोटू के जंगल मे हुए अवैध कटान के मामले में छानबीन के लिए सोमावार शाम को फारेस्ट गार्ड सहित अधिकारी मौके पर पहुंचे। यह जानकारी रेंज ऑफिसर अंब अविनाश कुमार ने दी। उन्होंने बताया के मौके पर शाम के समय 1, 2 पेड़ अवैध काटे पाए गए हैं, जिसकी पुलिस थाना अंब में प्राथमिकी दर्ज करवा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि जल्द ही एक टीम बनाकर पूरे जंगल की तफ्तीश की जाएगी, ताकि पता चल सके कि कितने खेर के पेड़ अवैध रूप से कटे गए हैं। आपको बताते चलें कि जब मीडिया कर्मी मौके पर पहुंचे थे तो अम्बोटू के जंगल में कटान कर रहा एक ठेकेदार मीडिया कर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार करने लगा और उनसे ही जंगल में आने की परमिशन दिखाने की बात करने लगा। जब रेंज ऑफिसर से पूछा गया कि क्या जंगल में जाने के लिए किसी परमिशन की जरूरत पड़ती है तो उन्होंने बताया कि जंगल में जाने के लिए किसी भी प्रकार की अनुमति की जरूरत नहीं होती है। अलबत्ता विभाग को अवगत करवा दिया जाए तो विभागीय अधिकारी या कर्मचारी साथ जा सकते हैं।

# विदाई पार्टी में विनायक मेहता मिस्टर व सानिया बेगम बनी मिस फेयरवेल

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक**

राजकीय बरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रपोह मिसरां में मंगलवार को जमा दो कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई पार्टी आयोजित की गई। इसमें मुख्यातिथि के रूप में स्कूल प्रधानाचार्य तरसेम लाल धीमान ने शिरकत की। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए जमा दो कक्षा के पढ़ने वाले विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं और उनके सफल भविष्य की कमाना भी की। उन्होंने कहा कि उन्हें स्कूल के बच्चों पर गर्व है कि इन बच्चों ने कभी अनुशासनहीनता नहीं की और जो आदेश अध्यापकों ने दिया उनका पूर्ण रूप से पालन किया। इससे पहले 11वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने 12वीं के विद्यार्थियों का विदाई पार्टी में पहुंचने पर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। विदाई पार्टी में मिस्टर फेयरवेल विनायक मेहता और मिस फेयरवेल सानिया बेगम चुने गए। इस मौके पर अध्यापक कर्म चंद, राकेश, अरुण धीमान, संजय, दीपक शर्मा, रोमी, सतीश कुमार, मुकेश, बलबीर, जाग्रति आदि उपस्थित रहे।



विदाई पार्टी के अवसर पर सामूहिक चित्र में छात्र व अध्यापक।

### कांगड़ा भूकंप की वर्षगांठ पर अप्रैल में होगी मॉक ड्रिल

**ऊना।** कांगड़ा में वर्ष 1905 में आए भूकंप की वर्षगांठ को चिन्हित करते हुए 4 अप्रैल को आपदा जागरूकता दिवस पर निकासी ड्रिल व आईईसी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकारण के अध्यक्ष एवं उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने बताया कि 4 अप्रैल को सुबह 11 बजे जिला के सरकारी कार्यालयों व कॉलेजों के साथ-साथ सभी सरकारी एवं निजी शिक्षण संस्थानों में मॉक ड्रिल और निकासी ड्रिल तथा प्रधानाचार्य/संस्थान के प्रमुख द्वारा भूकंप के दौरान/पहले और बाद में क्या करें और क्या न करें, पर लेक्चर और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# बंगाणा कॉलेज में छात्रों को समान नागरिक संहिता की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

आज अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में राजनीति विज्ञान विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर सिकंदर नेगी के अध्यक्षता में विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। मंच का संचालन राजनीति विज्ञान की उपप्रधान इंदू ने किया।



राजनीति विज्ञान के छात्रों को जानकारी देते हुए विशेषज्ञ।

विशेष सेमिनार का विषय समान नागरिक संहिता, और पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम (पेसा), 1996 था। सेमिनार के मुख्य वक्ता बीए फाइनल ईयर की छात्रा सपना, बीए द्वितीय की छात्रा तानिया और गौरी देवी थी। सबसे पहले सपना ने समान नागरिक संहिता पर अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि समान नागरिक संहिता एक सामाजिक मामलों से संबंधित कानून होता है जो सभी पंथ के लोगों के लिए विवाह, तलाक, भरण-पोषण, विरासत व बच्चा गोद लेने आदि में समान रूप से लागू होता है। फिलहाल समान नागरिक संहिता भारत में नागरिकों के लिए एक समान कानून को बनाने और लागू करने का एक प्रस्ताव है जो सभी नागरिकों पर उनके धर्म, लिंग और यौन अभिरुचि की परवाह किए बिना एक समान रूप से लागू होगा। वर्तमान में, विभिन्न समुदायों के व्यक्तिगत कानून उनके धार्मिक ग्रंथों द्वारा शासित होते हैं।

इसके बाद तानिया ने पेसा अधिनियम 1996 पर अपने विचार प्रकट करते कहा कि लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण: पैसा ग्राम सभाओं को विकास योजनाओं की मंजूरी देने और सभी सामाजिक क्षेत्रों को नियंत्रित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने का अधिकार देता है। पेसा अधिनियम 1996 ने आदिवासियों को उनके रीति-रिवाजों, परंपराओं और जीवन शैली को बनाए रखते हुए सत्ता और विकास की बागडोर सौंप दी। 1947 में आजादी के बाद जब 1950 में संविधान लागू हुआ तो इन क्षेत्रों को 5वीं और 6वीं अनुसूची में वर्गीकृत किया गया। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर सिकंद्र नेगी, राजनीति विज्ञान के उपप्रधान इंदू, महासचिव परीक्षा, सह सचिव अंशु, कैशियर तीक्ष्ण, मीडिया प्रभारी रोहित मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** राजकीय महाविद्यालय ऊना में नशे की रोकथाम के बारे में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# युवा वर्ग के लिए नशा एक गंभीर चुनौती: डीसी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

युवा देश का भविष्य है तथा युवा पीढ़ी व देश के भविष्य के लिए नशा एक गंभीर चुनौती है जिसे निपटने के लिए समाज के सभी वर्गों को संयुक्त प्रयास करने की आवश्यकता है। यह प्रेरणादायक विचार उपायुक्त जतिन लाल ने राजकीय महाविद्यालय ऊना में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा नशे की रोकथाम के बारे में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित कालेज छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी में नशे के बढ़ते प्रचलन की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन द्वारा खेल व फिटनेस से संबंधित गतिविधियों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने महाविद्यालय के विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे जीवन में सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें तथा तनाव मुक्त वातावरण में रहते हुए जीवन में हर परिस्थिति में बुरी संगति से बचें। उन्होंने कहा कि



राजकीय महाविद्यालय ऊना में विद्यार्थियों को सम्मानति करते उपायुक्त जतिन लाल, साथ हैं अन्य।

स्थाई सफलता व्यक्ति को केवल निरंतर परिश्रम व प्रयासों से ही हासिल हो सकती है, इसलिए विधार्थियों को अपने जीवन में कठिन परिश्रम के साथ निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को आह्वान किया कि वे जीवन में कभी भी नशा न करने का संकल्प लें तथा इसके बारे में अन्य लोगों को भी प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि सरकार व जिला प्रशासन द्वारा नशा मुक्त समाज की परिकल्पना को साकार करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं तथा समाज के सभी वर्गों के सहयोग से इसे साकार किया जाएगा। इससे पूर्व उन्होंने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर जागरूकता कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ किया तत्पश्चात जिला कल्याण अधिकारी अनीता शर्मा ने मुख्य तिथि का विधिवत स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, मनोचिकित्सक विशेषज्ञ डॉ रेवा सूद, गुंजन स्वयंसेवी संस्था के अध्यक्ष विजय कुमार तथा शमा स्वयं सेवी संस्था के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने भी उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित किया।

इस अवसर पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा मनोरंजक व ज्ञानवर्धक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया, जिन्हें कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया।

इस मौके पर उप पुलिस अधीक्षक ऊना अजय ठाकुर, राजकीय महाविद्यालय ऊना के उप प्रधानाचार्य डॉ. राज कुमार के अलावा महाविद्यालय ऊना के स्टाफ सदस्य गन व बड़ी संख्या में छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### अनुष ने घुड़सवारी में हासिल किया पेरिस ओलंपिक कोटा

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के पदक विजेता अनुष अगरवल्ला ने घुड़सवारी की ड्रेसाज इवेंट में देश के लिए पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल कर लिया है। भारतीय



घुड़सवारी महासंघ नेइसकी घोषणा की। अनुष ने पिछले साल चीन के हांगझोऊ में हुए एशियाई खेलों में ड्रेसाज में कांस्य पदक जीता था। अनुष से पहले 7 घुड़सवार ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इससे पहले फवाद मिर्जा ने टोक्यो ओलंपिक - 2020 में घुड़सवारी में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। वहीं इम्तियाज अनीस (सिडनी-2000), इंद्रजीत लांबा (अटलांटा-1996), जितेंद्रजीत सिंह अहलूवालिया, हुसैन सिंह, मोहम्मद खान और दरिया सिंह (सभी मॉस्को-1980) ने भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

### इंग्लैंड के गेंदबाज एटकिंसन ने आईपीएल से नाम वापस लिया

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से पहले बड़ा



झटका लगा है। टीम के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन ने व्यस्त शैड्यूल के कारण इस लीग से नाम वापस ले लिया है। फ्रैंचाइजी ने उन्हें 1 करोड़ रुपए में खरीदा था। केकेआर ने इंग्लैंड के एटकिंसन की जगह श्रीलंकाई तेज गेंदबाज दुष्मंथा चमीरा को दल में शामिल किया है। वह नीलामी में नहीं बिके थे। फ्रैंचाइजी ने उन्हें 50 लाख रुपए में अपने साथ जोड़ा हैं।

### यशस्वी पर दिए गए बयान पर डकेट पर भड़के नासिर हुसैन

**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने राजकोट टेस्ट में



मिली शर्मनाक हार के बाद इंगलैंड टीम की जमकर आलोचना की है। हुसैन ने इंगलिश सलामी बल्लेबाज बेन डकेट के उस बयान पर भी नाराजगी जताई है, जिसमें उन्होंने यशस्वी जायसवाल की आक्रामक बल्लेबाजी का श्रेय इंगलिश टीम की बैजबॉल रणनीति को दिया है।इंगलैंड के पूर्व कप्तान ने डकेट के बयान पर कहा कि यह कहने के बजाय कि भारत ने उनसे सीखा है, वे उनसे सीख सकते हैं कि टेस्ट मैच कैसे जीते जाते हैं। उन्होंने कहा कि यशस्वी पर डकेट की टिप्पणी कि उन्होंने हमसे आक्रामक बल्लेबाजी सीखी है, मैं उस पर बात करने जा रहा हूं। उन्होंने आपसे नहीं सीखा है, उन्होंने अपनी परवरिश से सीखा है। जीवन में उन्होंने कड़ी मेहनत की है।

# यशस्वी जायसवाल तोड़ सकते हैं 'लिटिल मास्टर' का 53 साल पुराना रिकॉर्ड

**एजेंसी, नई दिल्ली**

इंग्लैंड के खिलाफ खेली जा रही पांच मैचों की इस टेस्ट सीरीज में भारतीय खब्बू सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल का बल्ला जमकर बोल रहा है। जायसवाल ने अबतक खेले गए तीनों मुकाबलों में समझदारी से बल्लेबाजी करते हुए टीम के लिए मुश्किल वक्त पर रन बनाए हैं। वे अबतक इस सीरीज में दो दोहरे शतक और एक अर्दशतक जड़ चुके हैं। ऐसे में 22 साल के इस युवा बल्लेबाज के पास 53 साल पुराना एक रिकॉर्ड तोड़ने का बड़ा मौका है। जायसवाल ने इस सीरीज में अबतक 3 टेस्ट मैच की छह पारियों में 109 की शानदार औसत से 545 रन बनाए हैं। अगर वे यहा से 230 रन और बना लेते हैं तो लिटिल मास्टर के नाम से मशहूर भारत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर का एक सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लेंगे। अभी इस सीरीज में दो टेस्ट मैच बाकी हैं। ऐसे में जायसवाल को अधिकतम चार और पारियां खेलने को मिलेंगी।

**जायसवाल ने अबतक इस सीरीज में तीन टेस्ट मैच की छह पारियों में 109 की औसत से 545 रन बनाए**



**एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज**

| | |
|---|---|
| सुनील गावस्कर बनाम वेस्ट इंडीज (1971) | 4 मैच, 774 रन, 154.80 औसत, 4 शतक |
| सुनील गावस्कर बनाम वेस्ट इंडीज (1978-79) | 6 मैच, 732 रन, 91.50 औसत, 4 शतक |
| विराट कोहली बनाम ऑस्ट्रेलिया (2014-15) | 4 मैच, 692 रन, 86.50 औसत, 4 शतक |
| विराट कोहली बनाम इंग्लैंड (2016) | 5 मैच, 655 रन, 109.16 औसत, 2 शतक |
| दिलीप सरदेसाई बनाम विंडीज (1971) | 5 मैच, 642 रन, 80.25 औसत, 3 शतक |

### पहले दो स्थान पर गावस्कर का नाम

**एक** टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज की लिस्ट में पहले दो स्थान पर गावस्कर का नाम आता है। गावस्कर ने 1971 और 1978-79 से वेस्ट इंडीज के खिलाफ 700 से भी ज्यादा रन ठोके थे। उस दौर में वेस्ट इंडीज दुनिया की सबसे खूंखार टीमों में से एक थी। दुनिया का कोई भी बल्लेबाज करेबियाई गेंदबाजों का सामना करने से डरता था। तब गावस्कर ने मैलकम मार्शल, जोएल गार्नर, एंडी रॉबर्ट्स, कॉलिन क्रॉफ्ट और माइकल होल्डिंग जैसे घटक गेंदबाजों का सामना करते हुए दो बार ऐसा किया था। गावस्कर ने 4 टेस्ट मैचों में रिकॉर्ड 774 रन बनाए थे। इस दौरान उन्हों 154.80 की औसत से एक दोहरा शतक सहित 4 शतक और तीन अर्धशतक ठोके थे।




## हसरंगा ने ट्वंटी-20 में लगाया विकटों का सैकड़ा

**एजेंसी, कोलंबो**

वानिंदु हसरंगा ने अफगानिस्तान के खिलाफ खेले गए दूसरे ट्वंटी-20 के जरिए इस फॉर्मेट में 100 विकेट पूरे कर लिए। मौजूदा वक्त में श्रीलंका की कमान संभाल रहे हसरंगा ने तीन मैचों की ट्वंटी-20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में 2 विकेट झटके। दिग्गज लासिथ मलिंगा के बाद हसरंगा श्रीलंका के लिए ट्वंटी-20 इंटरनेशनल में 100 विकेट का आंकड़ा छूने वाले दूसरे गेंदबाज़ बने, लेकिन फिर भी उन्होंने मलिंगा को पछाड़ दिया।

दरअसल हसरंगा ने ट्वंटी-20 इंटरनेशनल में 100 विकेट लेने के लिए मलिंगा से कम मैचों का सहारा लिया। मलिंगा ने 76वां ट्वंटी-20 इंटरनेशनल खेलते हुए फॉर्मेट में 100 विकेट पूरे किए थे, जबकि हसरंगा ने 63वें मुकाबले में ही 100 विकेट का आंकड़ा छू लिया।

हसरंगा विश्व क्रिकेट में 100 ट्वंटी-20 इंटरनेशनल विकेट चटकाने वाले 11वें खिलाड़ी बने। वहीं सबसे तेज ये आंकड़ा छूने वाले




वह दूसरे खिलाड़ी रहे।

ट्वंटी-20 इंटरनेशनल में सबसे तेज 100 विकेट लेने का रिकॉर्ड अफगानिस्तान के राशिद खान के नाम पर दर्ज है, जिन्होंने सिर्फ 53 मैचों में इस आंकड़े को छू लिया था. यानी, हसरंगा को 100 विकेट लेने के लिए राशिद खान से 10 मुकाबले ज्यादा खेलने पड़।

## सीके नायडू ट्रॉफी : देवेश शर्मा की घातक गेंदबाजी से हिमाचल को 22 रन की बढ़त

**ऊना। सीके** नायडू ट्रॉफी के तहत अटल बिहारी वाजपेई स्टेडियम नादौन अमतर में तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक हिमाचल को पहली पारी में बढ़त मिली है। तीसरे रोज बड़ौदा की टीम ने 54 रन से आगे खेलते हुए पूरी टीम ने 111 रन बनाए। हिमाचल की टीम ने 133 रन बनाए थे, हिमाचल ने पहली पारी में 22 रन की बढ़त बनाई है। हिमाचल के देवेश शर्मा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 8 खिलाड़ियों को आउट किया।

दिवेश शर्मा ने 16.2 ओवर में 38 रन देकर आठ विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया। दूसरी पारी में हिमाचल की टीम ने 7 विकेट खोकर 123 रन बना लिए हैं। मृदुल सरोच ने 28 रन बनाए, कुशल पाल ने 2 बनाए, पूर्व राज ने 6 रन बनाए, अमनप्रीत ने 8 रन, राघव आंगरा ने 45 रन बनाए अपनी पारी में 4 चौके और एक सिक्सर लगाया। वैभव कालटा 23 रन का योगदान दिया। राघव और मृदुल सरोच ने

**दूसरी पारी में हिमाचल ने 8 विकेट पर बनाए 123 रन**



44 रन की साझेदारी निभाई। राघव और वैभव कालटा के बीच में 38 रन की साझेदारी हुई। हिमाचल की कुल बढ़त 145 रन की हो गई है। बुधवार मैच का अंतिम दिन है।बड़ौदा के गेंदबाजों में आशुतोष दास ने 3 विकेट, लक्षित ने दो विकेट, कयुर काले ने 3 विकेट प्राप्त किए।

### आईपीएल को 22 मार्च से शुरू करने की योजना : अरुण धूमल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का आगामी चरण 22 मार्च से शुरू होगा और लोकसभा चुनावों के बावजूद इसका आयोजन पूरी तरह से देश में ही होगा। आईपीएल के अध्यक्ष अरुण धूमल ने यह



जानकारी दी। आम चुनाव के अप्रैल और मई में होने की संभावना है और यही कारण है कि आईपीएल के 17वें सत्र का कार्यक्रम अभी तक जारी नहीं किया गया है।

धूमल ने कहा कि शुरुआत में इस लीग के केवल पहले 15 दिनों के कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी। बाकी मैचों के कार्यक्रम की घोषणा आम चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद होगी।

## जो रूट को 'बैजबॉल' छोड़ नैसर्गिक तरीके से खेलना चाहिए : इयान चैपल

**एजेंसी, मेलबोर्न**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल ने खराब फॉर्म में चल रहे इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट से 'बैजबॉल (टेस्ट में बेहद आक्रामक होकर बल्लेबाजी की रणनीति)' तरीके को छोड़कर अपना स्वाभाविक खेल खेलने की सलाह दी। सीनियर बल्लेबाज रूट भारत के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज में रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। पिछली छह पारियों में उनका सर्वोच्च स्कोर 29 रन रहा है।

वह इस दौरान ज्यादातर मौके पर आक्रामक शॉट खेलने की कोशिश में आऊट हुए। ब्रैंडन मैक्कुलम के कोच और बेन स्टोक्स के कप्तान



बनने के बाद इंग्लैंड 'बैजबॉज' अंदाज में टेस्ट खेल रहा है और रूट को खासकर भारत के मौजूदा दौरे पर इससे सामंजस्य बिठाने में संघर्ष करना पड़ा है।

### अंतिम 2 टेस्ट में गेंदबाजी कर सकते हैं बेन स्टोक्स

भारत के खिलाफ लगातार 2 टेस्ट मैच में शिकस्त ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स को गेंदबाजी में जल्द वापसी पर विचार करने के लिए मजबूर कर दिया है और मुख्य कोच ब्रेंडन मैक्कुलम ने स्वीकार किया है कि यह एक अच्छा संकेत है। राजकोट टेस्ट से पहले स्टोक्स ने कहा था कि उन्होंने अपने फिजियोथेरेपिस्ट से वादा किया था कि वह मौजूदा सीरीज में गेंदबाजी नहीं करेंगे लेकिन तीसरे टेस्ट में हार के बाद जब उनसे पूछा गया कि क्या वह अपनी ऑलराउंडर की भूमिका दोबारा निभाएंगे तो स्टोक्स ने कहा, ''मैं हां नहीं कह रहा हूं, मैं ना भी नहीं कह रहा हूं।''

### चुनाव के बाद और गंभीर हुआ पाकिस्तान में आर्थिक संकट

**कराची ।** पाकिस्तान वर्तमान में आर्थिक संकट से जूझ रहा है। यह संकट फरवरी में हुए आम चुनावों के बाद भी



ओर गंभीर हो गया है। पाकिस्तान को परेशान करने वाले असंख्य मुद्दों में से सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा चुनावी प्रक्रिया में विश्वास का खतरनाक ह्रास है, जो लोकतंत्र की नींव के लिए गंभीर खतरा है। पाकिस्तान के लोकतांत्रिक संकट के मूल में इसकी जनता के बीच व्यापक मोहभंग है। पाकिस्तान की पहले से ही नाजुक अर्थव्यवस्था पर विवादित चुनावों का हानिकारक प्रभाव भी उतना ही चिंताजनक है, जो भ्रष्टाचार, राजकोषीय कुप्रबंधन और बड़े पैमाने पर मुद्रास्फीति के कारण पतन के कगार पर है। मुद्रास्फीति 28.3 प्रतिशत के आसपास होने, पाकिस्तानी रुपए में भारी गिरावट और आयात रुकने के कारण, आम नागरिकों के सामने आने वाली आर्थिक कठिनाइयां काफी ज्यादा हो गई हैं।

### जयललिता के 27 किलो गहने तमिलनाडु सरकार को दिए जाएंगे

**चेन्नई।** तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता को



भ्रष्टाचार के एक मामले में दोषी ठहराए जाने और चार साल की जेल की सजा सुनाए जाने के लगभग 10 साल बाद और उनकी मृत्यु के सात साल बाद 100 करोड़ रुपए जुटाने के लिए उनकी संपत्ति बेचने की अंतिम न्यायिक प्रक्रिया शुरू हो गई है। बेंगलुरु के 36वें सिटी सिविल कोर्ट ने कहा कि वह 6 और 7 मार्च, 2024 को जयललिता के 27 किलोग्राम सोने और हीरे के गहने तमिलनाडु के गृह सचिव को सौंप देंगे जबकि 20 किलो गहने भुगतान के लिए बेचे या नीलाम किए जाएंगे। जुर्माने के तौर पर सात किलो वजन माफ कर दिया जाता है क्योंकि इसे उनकी मां से विरासत में मिला हुआ माना जाता है।

### कोर्ट के आदेश पर कोलकाता में ईडी की तीन जगहों पर छापेमारी

**कोलकाता ।** केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने मंगलवार को एक बार फिर तीन जगहों पर तलाशी अभियान चलाया है। मंगलवार सुबह सात बजे से एक साथ तीन जगहों (हावड़ा के सांकराइल में डेल्टा जूटमिल्स, बालीगंज में जूट मिल के मालिक का घर और कलकत्ता के काउंसिल हाउस स्ट्रीट में डेल्टा कंपनी का कार्यालय) पर तलाशी चल रही है। जांचकर्ताओं के साथ केंद्रीय बलों के जवान भी हैं। ईडी सूत्रों के मुताबिक उनका सर्च ऑपरेशन फर्जी डायरेक्टर भर्ती मामले की जांच पर आधारित है। कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय ने मामले की ईडी जांच का आदेश दिया था। कई सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने डेल्टा लिमिटेड और ओलिसा रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड नाम की दो कंपनियों के खिलाफ अदालत में मामला दायर किया है। उनकी शिकायत है कि कंपनी उन्हें उनका उचित भविष्य निधि नहीं दे रही है। आरोप है कि पीएफ का करीब 21 करोड़ रुपए का बकाया है। न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने उस मामले में दोनों कंपनियों के 5 निदेशकों को तलब किया था। उन्होंने गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) को पांच लोगों से पूछताछ करने का निर्देश दिया था।

## सोना-चांदी की चमक पड़ी फीकी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

घरेलू सर्राफा बाजार की तेजी पर आज ब्रेक लगता नजर आ रहा है। सोने की कीमत में आज 100 से 200 रुपए प्रति 10 ग्राम तक की कमजोरी आई है, जिसके कारण चेन्नई को छोड़कर देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोने का भाव 57,500 रुपए प्रति 10 ग्राम या इससे नीचे गिर गया है। इसी तरह चांदी के भाव में भी आज गिरावट आई है। इस गिरावट के कारण दिल्ली के सर्राफा बाजार में चांदी आज 75,500 रुपए प्रति किलोग्राम की कीमत पर बिक रहा है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 62,710 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 57,500 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 62,560 रुपए प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,350 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 63,110 रुपए प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 57,850 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों



के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 62,610 रुपए प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 57,400 रुपए प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।

इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 62,560 रुपए प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,350 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 62,710 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 57,500 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 62,620 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 57,400 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## नहीं हटा प्याज के निर्यात से बैन 31 मार्च तक जारी रहेगी रोक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने एक बार फिर साफ कर दिया है कि 31 मार्च, 2024 तक प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध जारी रहेगी। कंज्यूमर अफेयर्स सेक्रेटरी रोहित कुमार सिंह ने आज यह जानकारी दी।



साथ ही उन्होंने उन खबरों का खंडन किया है जिसमें कहा जा रहा है कि प्याज के एक्सपोर्ट पर लगी रोक को हटा दिया गया है। सरकार कीमतों को नियंत्रण में रखने और घरेलू सप्लाई बनाए रखना चाहती है।

उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने कहा कि प्याज के निर्यात पर लगी रोक जारी है और उसके स्टेट्स में कोई बदलाव नहीं किया गया है। रोहित कुमार सिंह ने मंगलवार को कहा है कि प्याज निर्यात पर प्रतिबंध नहीं हटाया गया है। यह पूर्व निर्धारित तिथि तक जारी रहेगा। है। मौजूदा स्थिति में कोई बदलाव नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता घरेलू उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर प्याज की पर्याप्त उपलब्धता कराना है। प्याज के एक्सपोर्ट पर बैन हटने की खबरें सामने आने के बाद अचानक इसकी कीमतों में जबरदस्त बढोतरी हुई है। निर्यात प्रतिबंध हटाने की खबरों के बीच देश के सबसे बड़े थोक प्याज बाजार लासलगांव में थोक प्याज की कीमतें 40.62 फीसदी बढ़कर 1,800 रुपए प्रति क्विंटल हो गईं। पहले 17 फरवरी को 1,280 रुपए प्रति क्विंटल थी।

दिल्ली विधानसभा

## निलंबित भाजपा विधायकों का मामला पहुंचा हाई कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली हाई कोर्ट ने भारतीय जनता पार्टी के निलंबित विधायकों से पूछा है कि क्या वे विधानसभा स्पीकर से मुलाकात कर और उपराज्यपाल से माफी मांग सकते हैं। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की बेंच ने इन विधायकों की ओर से पेश वकील जयंत मेहता को निर्देश दिया कि वे भाजपा विधायकों से निर्देश लेकर कोर्ट को सूचित करें। आज सुनवाई के दौरान विधानसभा स्पीकर ने सुझाव दिया कि अगर भाजपा विधायक उनसे मुलाकात करें और उपराज्यपाल से माफी मांग लें तो इस विवाद का हल निकाला जा सकता है। उसके बाद हाई कोर्ट ने जयंत मेहता से स्पीकर के सुझाव पर भाजपा विधायकों से निर्देश लेने को कहा।

इस मामले की हाई कोर्ट ने 19 फरवरी को भी सुनवाई की थी। इस दौरान वकील मेहता ने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट पहले ही कह चुका है कि आप अनिश्चितकाल तक किसी को निलंबित नहीं रख सकते हैं।

### क्या है मामला

**दरअसल** 15 फरवरी को दिल्ली विधानसभा में उपराज्यपाल वीके सक्सेना के अभिभाषण के दौरान कथित तौर पर बाधा डालने के आरोप में 7 भाजपा विधायकों को निलंबित कर दिया गया था। आम आदमी पार्टी विधायक दिलीप पांडेय ने विधानसभा में सातों विधायकों के निलंबन का प्रस्ताव रखा था, जिसे पारित कर दिया गया। स्पीकर रामनिवास गोयल ने विधायकों की ओर से बाधा डालने के मामले को विशेषाधिकार समिति को सौंप दिया। जिन सात विधायकों को निलंबित किया गया उनमें मोहन सिंह बिष्ट, अजय महावर, ओपी शर्मा, अभय वर्मा, अनिल वाजपेयी, जितेंद्र महाजन और विजेंद्र गुप्ता शामिल हैं।



पहली घटना पर किसी विधायक को तीन दिन और दूसरी बार सात दिन की अधिकतम सजा दी जा सकती है। इस मामले में इन विधायकों की यह पहली सजा है, ऐसे में उन्हें तीन दिन से ज्यादा की सजा नहीं दी जा सकती है।

### भारत से यूरोप में डीजल की सप्लाई 90 प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली।** भारत से यूरोप के लिए डीजल की सप्लाई पिछले 2 सालों के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। अमरीकी मीडिया ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, लाल सागर में लगातार हो रहे हूतियों के हमलों के कारण अंतर्राष्ट्रीय ट्रेड पर गंभीर असर पड़ रहा है।

ब्लूमबर्ग ने वोर्टेक्सा लिमिटेड के डेटा के हवाले से बताया- फरवरी के शुरुआती 2 हफ्तों में भारत से रोज करीब 18 हजार बैरल डीजल यूरोप पहुंचा। यह जनवरी में हुई औसत डिलीवरी से करीब 90 प्रतिशत कम है।

## भारत ने गरीबी-भुखमरी से निपटने के लिए यूएन फंड को 10 लाख डॉलर दिए

**एजेंसी, न्यूयार्क**

भारत ने गरीबी और भूख से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र (यूएन) फंड में 10 लाख डॉलर का योगदान किया है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका गरीबी एवं भूख उन्मूलन फंड के योगदान के रूप में संयुक्त राष्ट्र दक्षिण-दक्षिण सहयोग कार्यालय की निदेशक दीमा अल-खातिब को 10 लाख डॉलर का चेक सौंपा। 2006 से अब तक इस फंड में भारत 1.8 करोड़ डॉलर से अधिक का दान दे चुका है।

### दिल्ली हाई कोर्ट ने शिबू सोरेन के मामले में फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रमुख और राज्यसभा सदस्य शिबू सोरेन के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में लोकपाल के नोटिस पर रोक लगाने से इनकार करने के सिंगल बेंच के आदेश के



खिलाफ दायर याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। बेंच ने कहा कि इस मामले पर फैसला अपलोड करने में ज्यादा वक्त नहीं लगाएगी और आज से कल तक आदेश अपलोड हो जाएगा।

जस्टिस रेखा पल्ली की अध्यक्षता वाली बेंच ने शिबू सोरेन की ओर से पेश वकील कपिल सिब्बल से कहा कि वो प्रथम दृष्ट्या लोकपाल के नोटिस पर रोक लगाने पर सहमत नहीं है। हालांकि वो आदेश करने के पहले मामले के हर तथ्य पर गौर करेंगे। उल्लेखनीय है कि 22 जनवरी को बेंच ने शिबू सोरेन के खिलाफ लोकपाल के नोटिस पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा था कि याचिका प्री-मेच्योर है।

## पीयूष गोयल ने कहा-भारत 2047 तक 35 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षा मौजूदा 3.7 ट्रिलियन (लाख करोड़) डॉलर की भारतीय अर्थव्यवस्था को 2047 तक 30-35 ट्रिलियन डॉलर की पूर्ण विकसित अर्थव्यवस्था बनाना और देश की खाद्य तथा ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना है। गोयल ने 19 लैटिन अमरीकी और कैरेबियाई देशों के 35 पत्रकारों के एक मीडिया प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले दशक में सुशासन के साथ-साथ गरीबों के कल्याण से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की समग्र विजन ने भारत को 11वीं



से दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में मदद की। उन्होंने पीएम मोदी के दोहरे मार्ग देश को भविष्य के लिए तैयार करने और भोजन, स्वास्थ्य देखभाल तथा शिक्षा से संबंधित गरीबों के कल्याण पर ध्यान केंद्रित करने के लिए देश के व्यापक आर्थिक बुनियादी सिद्धांतों को मजबूत करने के सतत प्रयास की सराहना की।

मंत्री ने कहा कि भारत ने आजादी के पिछले 75 वर्षों में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला दशक देखा है। पिछले 12 साल में मुद्रास्फीति (महंगाई दर) आधी हो गई है, जिससे अर्थव्यवस्था को लाभ हुआ है और ब्याज दरें नियंत्रण में हैं।

### निवेशक तभी आता है, जब उसे नेतृत्व व्यवस्था और भविष्य पर विश्वास हो

**पीयूष** गोयल ने कहा कि कोई भी निवेशक जब निवेश करने का निर्णय लेता है तो उसके सामने सबसे बड़ी शर्त होती है विश्वास। निवेशक तभी आता है, जब उसे नेतृत्व, व्यवस्था और भविष्य पर विश्वास हो। जब यह तीनों विश्वास निवेशक को मिलते हैं तो वह प्रदेश में आने को तैयार होता है। वो देखता है कि देश में किस प्रकार की अर्थव्यवस्था है। क्या देश मजबूत स्थिति में है? क्या देश की अर्थव्यवस्था अच्छे तरीके से संभाली जा रही है? देश के पास पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध होंगी या नहीं?

## नेपाली नागरिकों को भारत में अब आसानी से मिल सकेगा सिम कार्ड

**एजेंसी, काठमांडू**

भारत सरकार ने अपने यहां आने वाले नेपाली नागरिकों को आसानी से सिम कार्ड मिल सके, इसकी व्यवस्था कर दी है। अब तक नेपाली नागरिकों को सिमकार्ड लेने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। नेपाली नागरिकों को पिछले कुछ वर्षों से सिम कार्ड नहीं मिल पा रहा था।

भारत के संचार मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर नेपाल और भूटान के नागरिकों के लिए सिम कार्ड लेने के नियमों में बदलाव की जानकारी दी है। अब तक भारत में आने वाले विदेशी नागरिकों को वीजा के आधार पर ही सिमकार्ड दिया जाता था। चूंकि नेपाल और भूटान के नागरिक बिना वीजा के ही भारत में यात्रा कर रहे थे तो उनको सिम कार्ड नहीं मिल पाता था। भारत सरकार ने इस समस्या



को समझते हुए नेपाल और भूटान के नागरिकों के लिए बिना वीजा के भी सिमकार्ड दिए जाने का निर्णय किया है।

अधिसूचना के अनुसार,भारत में रह रहे या भारत की यात्रा पर आने वाले नेपाली नागरिकों को उनके देश के नागरिकता प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, वोटर आईडी कार्ड या सम्बन्धित देश के दूतावास द्वारा जारी पहचान पत्र के आधार पर सिम कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा।